सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 30 नवम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 323, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

एकजुटता व भाईचारा भारत की परंपरा : भागवत

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा एकजुट रहना और भाईचारे को बढ़ावा देना हमारी परंपरा है। } 14

कांग्रेस ने पटेल को इतिहास से मिटाने का किया प्रयास

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सरदार पटेल को इतिहास से मिटाने का बहुत प्रयास किया, यहां तक कि स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की लागत और आवश्यकता पर भी सवाल उठाया। } 16

संक्षेप

भारतीय एयरलाइंस ने दूर की ए-320 विमानों की रेडिएशन संबंधी खामी

नयी दिल्ली। इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने शनिवार से ए320 बेड़े के विमानों का सॉफ्टवेयर अपग्रेड शुरू कर दिया, ताकि एक संभावित विमान नियंत्रण समस्या को ठीक किया जा सके। कुल 338 प्रभावित विमानों में अधिकांश में जरूरी बदलाव कर दिए गए हैं। इस काम की वजह से कई उड़ानों में देरी हो रही है। सूत्रों ने बताया कि इस वजह से कोई उड़ान रद्द नहीं हुई, लेकिन कई हवाईअड्डों पर 60-90 मिनट की देरी हो रही है। एयरबस ने शुक्रवार को कहा था कि तीव्र सौर विकिरण की वजह से ...शेष पृष्ठ 14 पर

वंदे मातरम पर मदनी के बिगड़े बोल, मचा सियासी घमासान

एजेंसी

भोपाल। भोपाल में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की गवर्निंग बॉडी काउंसिल की मीटिंग में मौलाना महमूद मदनी ने सुप्रीम कोर्ट पर गंभीर सवाल उठाए हैं। मदनी ने कहा कि अदालतें सरकार के दबाव में काम कर रही हैं। वहीं जिहाद पर बोलते हुए मौलाना मदनी ने कहा कि इस्लाम के विरोधियों ने जिहाद को हिंसा का पर्याय बनाकर पेश किया है।

वंदे मातरम को लेकर विवाद पर मदनी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, मुर्दा कौमें सरेंडर करती हैं। अगर कहा जाएगा 'वंदे मातरम' बोलो, तो वे बोलना शुरू कर देंगी। जिंदा कौम हालात का मुकाबला करती है। हालांकि मौलाना मदनी के इस बयान पर अन्य मुस्लिम संगठनों ने दूरी बना ली है। जमात-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष मौलाना सादातुल्लाह हुसैनी ने कहा कि वंदे मातरम जैसे मुद्दे को लेकर विवाद पैदा करना तर्कहीन है। उन्होंने कहा, हर व्यक्ति को अपने विश्वास के अनुसार जीने और अपने तरीके से देशप्रेम व्यक्त करने का अधिकार है। किसी एक नारे या गीत को पूरे देश पर थोपना तार्किक नहीं है। जो लोग वंदे ...शेष पृष्ठ 14 पर

भारत की दावेदारी बरकरार, रोमांचक जीत से फाइनल में श्रीकांत

सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 का आज होगा समापन

आशुतोष यादव



लखनऊ, 29 नवंबर 2025। पूर्व वर्ल्ड नंबर वन के.श्रीकांत ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 में रोमांचक जीत के साथ फाइनल में प्रवेश के साथ भारतीय चुनौती कायम रखी। दूसरी ओर महिला युगल में पिछली विजेता शीर्ष वरीय भारत की त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. ने फाइनल में प्रवेश के साथ खिताब बचाने के लिए दावेदारी कर दी। भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन (बीएआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा योनेक्स सनराइज बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में आयोजित चैंपियनशिप में शुक्रवार को सेमीफाइनल खेले गए। चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में उन्नति व तन्वी की हार के साथ महिला एकल में भारत का सफर समाप्त हो गया। मिश्रित युगल में भारत के हरिहरन अम्साकरुनन व त्रिशा जॉली की जोड़ी को हार मिली। पुरुष एकल में पांचवीं वरीय भारत के के.श्रीकांत ने 59 मिनट चले तीन गेम के रोमांचक मैच में हमवतन मिथुन मंजूनाथ के खिलाफ 21-15, 19-21, 21-13 से जीत दर्ज की। श्रीकांत ने पहले गेम में कुछ संघर्ष के बाद जीत हासिल की। दूसरे गेम में वो आगे रहने के बाद पिछड़ गए और 9-15 के स्कोर पर फाउल के चलते प्रतिद्वंद्वी को फायदा मिला। यह गेम मिथुन मंजूनाथ ने तेज सर्विस की बदौलत अपने ...शेष पृष्ठ 14 पर

यूपी में अब नहीं चलता माफियाराज : योगी

मुख्यमंत्री ने किया 408 करोड़ रुपये के 114 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

विशेष संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के अंदर लाखों युवाओं को उनके गृहक्षेत्र में ही नौकरी और रोजगार देने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़े पैमाने पर कार्य प्रारंभ किए हैं। इसके लिए सरकार जे काफी प्रयास किए। सुरक्षा का ऐसा बेहतर वातावरण बनाया जहां गुंडागर्दी नहीं चलती। गुंडा टैक्स, माफियाराज, मनमानापन नहीं चलता। बल्कि अपराध और अपराधियों के प्रति तथा भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाती है, उसी के अनुरूप कार्रवाई की जाती है। जीरो टॉलरेंस, केवल एक भाषा ही नहीं बल्कि भाव भी है, जिसे जमीनी धरातल पर सख्ती के साथ उतारा गया। इसका परिणाम है उत्तर प्रदेश आज कानून-व्यवस्था और सुरक्षा की दृष्टि से देश के अंदर एक मॉडल स्टेट के रूप में अपनी स्थापित करने में सफल हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश से माफिया गायब हैं। कर्फ्यू गायब, दंगे बंद, अराजकता बंद है। उपद्रव का प्रदेश अब उत्सव का प्रदेश बन गया है।

सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के 36वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। भव्य और विविधतापूर्ण समारोह में मुख्यमंत्री ने गीडा के विभिन्न सेक्टरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 408 करोड़ रुपये के 114 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। 6139 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के लिए आवंटित 115 भूखंडों में से पांच निवेशकों को अपने हाथों से आवंटन प्रमाण पत्र सौंपा। गीडा स्थित नाइलिट कैम्पस से कौशल विकास का प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए। समारोह के दौरान सीएम ने गीडा में आयोजित तीन दिवसीय यूपी स्टेट ट्रेड शो का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने लखनऊ में 34 करोड़ रुपये से बनने वाली फ्लैटेड फैक्ट्री और गोरखपुर में 3.91 करोड़ रुपये की लागत वाली ओडीओपी पैकेजिंग सीएफसी का शिलान्यास किया और उद्यमियों को इंसेंटिव और ऋण धनराशि का वितरण किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि सुरक्षा का माहौल कैसा होना चाहिए, अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कैसे होनी चाहिए, इसके लिए लोग उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में सुरक्षा का बेहतर वातावरण बना। अन्नदाता किसानों के साथ सीधे संवाद हुआ। जमीन का उन्हें अच्छा मुआवजा देना प्रारंभ हुआ। सरकार का स्पष्ट मानना है कि किसी भी अन्नदाता किसान के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उससे बात की जानी चाहिए। किसी ...शेष पृष्ठ 14 पर

20 दिसंबर तक पूर्ण कर लें खिचड़ी मेले से जुड़े सभी कार्य : मुख्यमंत्री

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रांति पर लगने वाले विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेले से जुड़े सभी कार्य 20 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं। खिचड़ी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व सहूलियत प्राथमिकता होनी चाहिए। यह ध्यान रखा जाए कि श्रद्धालुओं को कहीं कोई दिक्कत न हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार पूर्वाह्न गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में खिचड़ी मेला की तैयारियों को लेकर महापौर और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखनाथ मंदिर के खिचड़ी मेले से न सिर्फ पूर्वी उत्तर प्रदेश वरन बिहार, नेपाल से लगायत देश-दुनिया के सनातन मतावलंबियों की आस्था जुड़ी है। इसके दृष्टिगत मेले में सभी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जाये जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं ...शेष पृष्ठ 14 पर

चक्रवात दित्वाह ने दक्षिण भारत में मचायी तबाही

एजेंसी

नई दिल्ली। चक्रवात दित्वाह तेजी से दक्षिण भारत की ओर बढ़ रहा है और इसके असर से तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने अगले 4 दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी दी है।

एयर इंडिया ने ट्वीट कर कहा है कि चेन्नई और दक्षिण भारत के कुछ अन्य शहरों के लिए उड़ानों पर असर पड़ सकता है। यात्रियों को एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी फ्लाइट स्टेटस जांचने की सलाह दी गई है। पुडडूचेरी में प्रशासन ने लोगों से घर में रहने की अपील की है। जबकि स्कूल-कॉलेज अगले आदेश तक बंद कर दिए गए हैं। वहीं मछुआरों को समुद्र में न जाने का आदेश दिया गया है। चक्रवात के चलते 60 सदस्यीय बचाव दल मौके पर तैनात किया गया है। राज्य में सुबह से ही आसमान बादलों से ढका है और पिछले एक घंटे से लगातार तेज बारिश हो रही है। इधर, तमिलनाडु के रमनाथपुरम और नागपट्टिनम में बारिश और तेज हवाओं ने जनजीवन प्रभावित किया। इस वजह से चेन्नई एयरपोर्ट पर 54 उड़ानें रद्द की गई है। वहीं रेलवे ने भी कई ट्रेनों का रूट और समय बदला है। किसानों ने बताया कि एक लाख एकड़ फसल पानी में डूबी है। वहीं सरकार ...शेष पृष्ठ 14 पर

अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय ने धूमधाम से मनाया प्रथम वार्षिक समारोह

○ राष्ट्र निर्माण में प्रतिभा का सार्थक योगदान दें छात्र : श्रीमती अलका दास ○ रूट्स टू रोबोटिक्स थीम पर आयोजन परंपरा व आधुनिकता के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण : विराज सागर दास

विशेष संवाददाता

लखनऊ। अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय में रूट्स टू रोबोटिक्स थीम पर आधारित प्रथम वार्षिक समारोह उत्साह, गरिमा और सांस्कृतिक वैभव से परिपूर्ण वातावरण में शनिवार धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों के आगमन एवं सम्मान के साथ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अल्का दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय की निर्देशिका देवांशी दास, बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास और बीबीडी ग्रुप के सीईडी आरके अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा को और अधिक आलोकित किया। इसके बाद विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय डॉ. अखिलेश दास गुप्ता को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अल्का दास गुप्ता ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और रचनात्मक अभिव्यक्ति की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रस्तुति बच्चों की मेहनत, समर्पण और नवीन सोच का सुंदर प्रतिफल है। उन्होंने छात्रों को तकनीक और संस्कार के संतुलन को बनाये रखते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रतिभा के सार्थक योगदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के समर्पित प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इसके बाद बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के प्रेरक एवं दूरदर्शी संबोधन ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और उपस्थित समस्त जनों में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने रूट्स टू रोबोटिक्स थीम को विद्यालय की प्रगतिशील सोच का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह आयोजन परंपरा और आधुनिकता के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

बिना चिंता करायें इलाज, सरकार करेगी भरपूर आर्थिक मदद : सीएम

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वह बिना चिंता किए उच्चीकृत अस्पतालों में इलाज

- **गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लगाने वालों को मुख्यमंत्री ने किया आश्वस्त**
- **गोरखनाथ मंदिर में 200 लोगों से मुलाकात कर मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याएं सुनीं**
- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दिए त्वरित व संतुष्टिपरक निस्तारण के दिए निर्देश**

कराएं, सरकार उनकी भरपूर आर्थिक मदद करेगी।

उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी। सीएम योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार देर शाम गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद शनिवार सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों से एक-एक करके समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए यदि कोई पात्र व्यक्ति शासन की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित है तो उसे तत्काल योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग (खासकर महिलाएं) स्वयं या परिजनों के गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे।

एक बिटिया ने अपनी मां के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मनुहार की तो सीएम योगी ने कहा, चिंता मत करो, इलाज कराओ, पैसे की व्यवस्था कर दी जाएगी। अन्य लोगों को भी उन्होंने इसी आत्मीयता से भरोसा दिया कि सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी।

ओडीओपी और एमएसएमई से जनजाति समुदाय का सशक्तिकरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों से थारू जनजाति को मिल रही है नई पहचान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को 2029 तक वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने के लिए दृढ़संकल्पित हैं। इसके लिए वह इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रांसपोर्ट, उद्योग, एमएसएमई, हस्तशिल्प, हथकरघा सभी को साथ लेकर चल रहे हैं। उनका मानना है कि विकास की दौड़ में कोई भी पीछे न छूटने पाए। मुख्यमंत्री का ध्यान हाशिए पर रहे जनजाति समुदाय पर भी है। उत्तर प्रदेश के जनपदों में रहने वाली जनजाति को बाजार से जोड़कर

- **वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने में सबकी हिस्सेदारी**
- **परंपरागत उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग से जनजाति समुदाय में आत्मविश्वास का संचार**

आर्थिक उन्नयन कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में जनजाति के सशक्तिकरण पर जोर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उत्तर प्रदेश में जनजाति के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान है। थारू जनजाति के लिए लगभग 350 से ज्यादा समूह गठित किए गए हैं। इसके माध्यम से जनजाति को व्यापार और उद्योग के लिए वित्तीय सहायता भी दी जा रही है। जनजातियों को छोटा-मोटा व्यवसाय शुरू करने के लिए लगभग 1.50 लाख रुपये की वित्तीय मदद सरकार दे रही है। इसके जरिए वो छोटे उद्योग स्थापित कर सकेंगे जो उनकी आजीविका के लिए मददगार होगा।

थारू जनजाति बन रही है आर्थिक रूप से निर्भर : उत्तर प्रदेश में थारू जनजाति गोरखपुर, महराजगंज, बलरामपुर, बहराइच, लखीमपुर खीरी, और पीलीभीत में निवास करती है। ये जनजाति काष्ठशिल्प और बांस से जुड़े उत्पादों को बनाने में दक्ष होती है। लखीमपुर खीरी के पलिया ब्लॉक में फॉरेस्ट एंड डेवलपमेंट रिलेटेड वैल्यू चेन कंपनी थारू जनजाति के हस्तशिल्प उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग कर रही है। इससे जनजाति समुदाय में आर्थिक विकास के लिए आत्मविश्वास बढ़ा है।

ओडीओपी से जनजाति समुदाय को मिली ताकत : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना ओडीओपी ने उत्तर प्रदेश के वंचित और पिछड़े समूहों के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ओडीआपी ने 2018 में अपनी लॉन्चिंग से लेकर अब तक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर 3 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया है। ओडीओपी की ही देन है कि 2016-17 में यूपी का निर्यात लगभग 80000 करोड़ था जो अब 1.56 लाख करोड़ के पार चला गया है। इसका लाभ जनजाति समुदाय को भी मिल रहा है। जनजाति समुदाय अपने परंपरागत उत्पादों के ब्रांडिंग, बिक्री और निर्माण के लिए सरकार से ऋण हासिल कर रहे हैं। उनके उत्पाद मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म और डिजिटल मार्केटिंग के जरिए विश्व के बाजारों तक पहुंच रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार एक करोड़ के निवेश से करीब 8 लोगों को रोजगार मिलता है। लघु और सूक्ष्म उद्योगों ने ग्रामीण स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया है। इसके जरिए उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था तेजी के साथ आगे बढ़ रही है।

एमएसएमई से कमजोर वर्ग को रोजगार के अवसर : देश में उत्तर प्रदेश ऐसा राज्य है जहां सबसे ज्यादा एमएसएमई इकाइयां हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का नतीजा है कि 96 लाख से ज्यादा लघु और मध्यम उद्योग इकाइयां यहां नागरिकों को रोजगार उपलब्ध करवा रही हैं। 27,000 से अधिक ग्रामीण और अर्ध-शहरी फैक्ट्रियों का संचालन, और 11 प्राथमिकता क्षेत्रों में 19 जिलों के 6 रोजगार जोन का गठन से आर्थिक गतिविधियों को बल मिल रहा है। ये सब मिलकर यूपी की अर्थव्यवस्था के लिए एक इकोसिस्टम ट्रांसफॉर्मेशन जैसा बदलाव साबित हो रहे हैं। इस मॉडल में स्थानीय उत्पाद को सिर्फ बनाया नहीं जाता, बल्कि पैकेजिंग, ब्रांडिंग, ग्लोबल सप्लाई चेन जोड़ने और ई-मार्केटिंग तक हर स्तर पर तैयार किया जाता है। यही कारण है कि कभी सीमांत समझे जाने वाले क्षेत्र भी अब अंतरराष्ट्रीय खरीदारों तक पहुंच बना रहे हैं। योगी सरकार टरटए से जुड़ी इकाइयों के लिए लोन की भी व्यवस्था कर रही है। पहले की सरकारों में ऐसी व्यवस्था नहीं थी, 2017 के बाद योगी सरकार ने युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए एक व्यापक योजना पर काम किया। इसी का परिणाम है कि जनजाति समुदाय आज गर्व और सम्मान से जीवन यापन कर रहा है।

गीता का ज्ञान आधुनिक विश्व के लिए मार्गदर्शक बनकर उभरा : मुख्यमंत्री धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून/कुरुक्षेत्र। भारत आज सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा है और गीता का ज्ञान आधुनिक विश्व के लिए मार्गदर्शक बनकर उभर रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज हरियाणा के कुरुक्षेत्र में

- **सीएम धामी पहुंचे हरियाणा के कुरुक्षेत्र, अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को किया सम्बोधित**

आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सनातन संस्कृति का परचम आज विश्वभर में लहरा रहा है और गीता का सार्वभौमिक संदेश भारत को सांस्कृतिक रूप से अधिक सशक्त बनाते हुए राष्ट्र को नए युग की ओर ले जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण के अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है। हमारे गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को आज न केवल पुनर्स्थापित किया जा रहा है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय चेतना का आधार भी बनाया जा रहा है। हमें अपने सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर गर्व है। आज हमारी सनातन संस्कृति की पताका संपूर्ण विश्व में गर्व से लहरा रही है और भारत अपनी जड़ों से जुड़ते हुए पुनः विश्वगुरु बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड सरकार द्वारा राज्य के सभी विद्यालयों में प्रतिदिन गीता के श्लोकों के पाठ को अनिवार्य किया गया है। श्रीमद् भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक ऐसा दिव्य प्रकाशपुंज है, जिसमें मनुष्य के आचरण, चिंतन, कर्तव्य, भक्ति, ज्ञान और जीवन व्यवहार का अद्वितीय संकलन है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर जो दिव्य उपदेश प्रदान किया, वही श्रीमद्भगवद्गीता के रूप में मानवता का शाश्वत ज्ञान बनकर पूरे विश्व को दिशा दिखा रहा है। इस भूमि से धर्म, कर्तव्य, सत्य, निष्काम कर्म और आत्मोन्नति का संदेश सम्पूर्ण मानव समाज में प्रवाहित हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं बचपन से ही गीता का अनुसरण करते हैं। पहले गीता के सार के कथनों के माध्यम से समझते थे, वे अपने प्रत्येक निर्णय, कर्म और जीवन के हर मोड़ पर गीता के उपदेशों को अपने मार्गदर्शक के रूप में रखते हैं। मैं स्वयं बचपन से ही गीता का अनुसरण करता हूं। अपने प्रत्येक निर्णय, कर्म और जीवन के हर मोड़ पर गीता के उपदेशों को अपने मार्गदर्शक के रूप में रखता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के कल्याण के लिए किया गया कार्य ही सबसे बड़ा धर्म है। यह संदेश उन्हें सदैव प्रेरणा देता है कि व्यक्तिगत लाभ, स्वार्थ और अहंकार से ऊपर उठकर निष्काम भाव से समाज, राष्ट्र और संपूर्ण मानवता की सेवा करना ही जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक युग में भौतिकता की दौड़ में जब मानव जीवन जटिल और तनावपूर्ण हो गया है, ऐसे समय में गीता का संदेश और भी अधिक प्रासांगिक हो गया है। गीता के 18 अध्याय हमें किसी न किसी योग की शिक्षा अवश्य देते हैं। गीता में बताए गए सभी सूत्र जीवन को संतुलित, उद्देश्यपूर्ण और उच्चतम नैतिक आदर्शों के अनुरूप बनाने का शाश्वत मार्गदर्शन देते हैं। गीता की इसी सार्वभौमिकता के कारण आज विश्व के बड़े-बड़े विश्वविद्यालयों में गीता पर शोध हो रहे हैं।

आज दुनियाभर में श्रीमद्भगवद्गीता को लीडरशिप, मैनेजमेंट और आत्मशांति के ग्रंथ के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। गीता से हमें न केवल जीवन जीने का व्यावहारिक ज्ञान मिलता है, बल्कि जीवन की प्रत्येक चुनौती को अवसर में बदलने की प्रेरणा भी प्राप्त होती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, स्वामी लोकेश मुनि, कपिल मुनि महाराज अवधेशानन्द जी महाराज, कुमार ऋषि, जैन समाज, स्वामी लोकेश मुनि, बाबा भूपेन्द् मौजूद रहे।

गुरु-शिष्य की जोड़ी ने कोलंबो में जीता गोल्ड-सिल्वर मेडल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की खेल और युवा कल्याण नीति अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर परिणाम दे रही है। इसी का प्रमाण है श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में आगरा जनपद के इटौरा स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के व्यायाम शिक्षक हरीश चंद्र और कक्षा 11 के छात्र रमन कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया है। हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर विश्व चैंपियन का खिताब हासिल किया, जबकि युवा छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर देश का मान बढ़ाया।

श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में 40 से अधिक देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर, गुरु और शिष्य की जोड़ी ने देश के लिए गौरव के पल लाए। शिक्षक हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर विश्व चैंपियन का खिताब हासिल किया। वहीं छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। योगी सरकार प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहित कर रही है।

- **अंतरराष्ट्रीय मंच पर आगरा के सर्वोदय विद्यालय ने किया शानदार प्रदर्शन, वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में रचा इतिहास**
- **व्यायाम शिक्षक हरीश चंद्र 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीत बने विश्व चैंपियन**
- **छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर तिरंगे का बढ़ाया मान**

सरकार की खेल नीतियों के कारण दोनों खिलाड़ियों का चयन हाल ही में गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उनके दमदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ था। हरीश चंद्र ने सीनियर 77 किग्रा वर्ग में गोल्ड जीतने के साथ ही डेडलिफ्ट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया था, जबकि रमन कुमार ने सब-जूनियर 56 किग्रा वर्ग में गोल्ड जीता था। यह सफलता यह दशार्ती है कि सरकारी संस्थानों में भी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने इस उपलब्धि पर दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि कोलंबो में मिली यह ऐतिहासिक उपलब्धि पूरे प्रदेश और देश के लिए गर्व का विषय है। सर्वोदय विद्यालय इटौरा के छात्र और शिक्षक ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर जो प्रदर्शन किया है, वह आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। योगी सरकार हमेशा खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सर्वोदय विद्यालय इटौरा लगातार खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में अग्रणी रहा है। विभाग अब इस सफलता को आगे बढ़ाने के लिए सुविधाओं को और मजबूत कर रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी घासीराम प्रजापति ने बताया कि जल्द ही विद्यालय में अत्याधुनिक पावर लिफ्टिंग लैब बनकर तैयार हो जाएगी। इसके लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा 10 लाख रुपए की धनराशि भी दी गई है। यह राशि लैब में पावर लिफ्टिंग के अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने में खर्च होगी। उन्होंने कहा इससे विद्यालय में अन्य विद्यार्थियों को भी सही प्रशिक्षण के साथ आगे आने का मौका मिलेगा।

विभाग के होनहार अधिकारियों को मिल रहा सेवा विस्तार

लखनऊ। जनजाति विकास विभाग ने अपने होनहार और कर्मठ अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता और समर्पण के आधार पर सेवा-विस्तार देने की पहल शुरू कर दी है। इसी क्रम में परियोजना अधिकारी श्री यू.के. सिंह को एक वर्ष का सेवा-विस्तार देने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। वह 30 नवंबर 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। वित्त और कार्मिक विभाग द्वारा दिए गए नियमों और परामर्श के आधार पर यह प्रस्ताव तैयार किया गया है। जनजातीय कल्याण योजनाओं के प्रभावी संचालन में श्री यू. के सिंह का अनुभव विभाग के लिए उपयोगी और महत्वपूर्ण रहा है। कर्मठ अधिकारियों को आगे भी अवसर मिलते रहेंगे।

एसआईआर के बहाने वोट डालने का अधिकार छीन रही है भाजपा सरकार : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा माफिया जीवी पार्टी है। एनकाउण्टर माफिया, कफ सीरप माफिया, नीट माफिया, स्क्रैप माफिया, थाना वूसली माफिया

- **सपा अध्यक्ष का दावा भाजपा ने साफ्टवेयर कम्पनी को हायर कर वोटर लिस्ट का करा रही काम**

पार्टी है। वह संविधान की धज्जियां उड़ा रही है। वह पूंजीवादी और साम्प्रदायिक पार्टी है। एसआईआर के बहाने वह साजिश रच रही है।

एक हजार किसानों ने जान गवां दी भाजपा पर कोई असर नहीं हुआ। सुना है कि भाजपा ने नोएडा में किसी साफ्टवेयर कम्पनी को हायर किया है वह वोटर लिस्ट पर काम कर रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर के काम में जल्दबाजी क्यों की जा रही है। यह काम संवेदनशील और मेहनत का है। उन्होंने सांसद राजीव राय के एक पत्र का उल्लेख किया जिसमें बताया गया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र घोसी के विधानसभा क्षेत्र में 20 हजार मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। भाजपाई संविधान को नहीं मानते हैं। ये न सोशलिस्ट है नहीं सेक्यूलरिस्ट। हम इनसे लड़ रहे हैं, लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि एसआईआर के फार्म अधिकांश गांवो तक नहीं पहुंचाए गए हैं। बताया जा रहा है कि फार्म बांट चुके है। तमाम शिकायते आ रही है। यह मामला वे लोकसभा में भी उठाएंगे। सपा के राज्य मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में शनिवार को अखिलेश यादव ने कहा कि बार बार मुख्यमंत्री जी पहले कहते थे वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया हैं अब हर विभाग में माफिया है। जौनपुर का मामला सामने आया है और भी मामले खुलेंगे। यूपी में बहुत डिस्ट्रिक्ट है। लखनऊ में गिरफ्तार ड्रग तस्कर अमित टाटा जौनपुर के एक बाहुबली के साथ दिखते रहे हैं। उनकी गाड़ी का नम्बर भी वही है जो बाहुबली की गाड़ी का है।

अखिलेश ने मृतक बीएलओ विजय वर्मा के परिवार को सौपा चेक

मलिहाबाद, लखनऊ। मलिहाबाद के सरांवा गांव निवासी बीएलओ विजय कुमार वर्मा की बीते शुक्रवार को ब्रेन हैमरेज से हुई मौत के बाद शनिवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनके परिवार को आर्थिक मदद के रूप मे दो लाख रुपये की चेक सौपीं दी है। दोपहर करीब एक बजे परिवार के सात सदस्य सपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचे थे। जहां उन्हें यह चेक सौंपी गयी। सरांवा गांव निवासी मृतक विजय कुमार वर्मा की पत्नी संगीता और बेटे हर्षित वर्मा समेत

परिवार के अन्य सदस्यों को सपा द्वारा शनिवार को प्रदेश कार्यालय लखनऊ बुलाया गया था। मृतक की पत्नी संगीता ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा यह आर्थिक मदद की गयी है। जिससे कुछ राहत मिल सकेगी।

बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के कल्याण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी : थावरचंद गहलोत

जिला संवाददाता

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संस्थान बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण द्वारा आयोजित 31वां राष्ट्रीय अभिभावक सम्मेलन का

- **प्रदेश सरकार दिव्यांगजन शिक्षा, प्रशिक्षण और पुनर्वास पर निरंतर कार्यरत : मंत्री नरेंद्र कश्यप**
- **अवसर प्रदान कर बौद्धिक दिव्यांगजन को मुख्यधारा में लाना आवश्यक : अवनीश अवस्थी**

शुभारम्भ कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप तथा मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी की उपस्थिति में शनिवार को दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने कहा कि बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के समग्र कल्याण की जिम्मेदारी समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को गार्जियनशिप संबंधी प्रक्रियाओं में सहयोग मिलना अत्यंत आवश्यक है ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके। उन्होंने परिवार संगठन द्वारा पिछले 30 वर्षों में किए गए सराहनीय कार्यों का उल्लेख करते हुए नीति-निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, प्रशिक्षण और पुनर्वास के लिए हर संभव कदम उठा रही है। प्रदेश सरकार की योजनाओं और नीतियाँ को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करते हुए, प्रत्येक पात्र दिव्यांगजन को लाभान्वित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश अवस्थी ने समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि वे बौद्धिक दिव्यांगजन को अवसर प्रदान कर समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान अनेक महत्वपूर्ण गतिविधियां सम्पन्न हुईं, जिनमें पैरिवार की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 का विमोचन और सौम्या उपाध्याय तताई द्वारा लिखित पुस्तक हू नीव द फारगोटेन यू का लोकार्पण किया गया। साथ ही परिवार राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 प्रदान किए गए, जिनमें रोशनी सोसायटी हल्द्वानी, परिवार पलक्कड़ और मेसेनी पोंग पोंगें को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आठ बौद्धिक दिव्यांग पैराअथलीटों को सम्मानित किया गया। शाम के सत्र में बौद्धिक दिव्यांगजन प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को प्रभावित किया।

दो दिवसीय सम्मेलन में कुल 11 तकनीकी सत्र, 4 पैनल चर्चाऐं और एक सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएंगी। इस राष्ट्रीय अभिभावक सम्मेलन का उद्देश्य अभिभावकों, विशेषज्ञों, स्वयं-प्रतिनिधियों, विश्वविद्यालयों, सरकारी संस्थानों और नीति-निमार्ताओं को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है, जिससे बौद्धिक दिव्यांगजन के नेतृत्व निर्माण, समावेशन, अधिकारों, भविष्य की सुरक्षा और नीति-निर्माण पर राष्ट्रीय स्तर पर संवाद स्थापित हो सके। सम्मेलन का समापन 30 नवम्बर को खुला मंच चर्चा के साथ होगा, जिसमें आगामी वर्ष के लिए सामूहिक कार्ययोजना और सुझाव प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. सुदीप गोयल ने किया तथा आभार प्रकट करते हुए समापन टिप्पणी यू.पी. पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. सुभोध शंकर ने दी।

इस अवसर पर मेजर बी.वी. रामकुमार निदेशक एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद, राज्य दिव्यांगजन आयुक्त प्रो. हिमांशु शेखर झा, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलसचिव रोहित सिंह उपस्थित थे।

बांदा के छात्र ने विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में किया कमाल

लखनऊ। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय हरदौली, बांदा ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। शुक्रवार को हुई प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र आयुष ने अपने उत्कृष्ट विज्ञान मॉडल के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जीत के साथ आयुष को 5000 की धनराशि और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इसी के साथ आयुष ने मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है।

- **छात्र आयुष ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पहला स्थान जीतकर मंडल स्तर के लिए किया क्वालिफाई**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बांदा में आयोजित इस प्रतियोगिता में सीबीएससी, आईएससी और उत्तर प्रदेश बोर्ड के कुल 44 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विज्ञान के क्षेत्र में यह 52वीं उपलब्धि है, जो विद्यार्थियों की बढ़ती वैज्ञानिक समझ, विद्यालय के मजबूत शैक्षिक वातावरण और शिक्षकों के समर्पित निर्देशन को प्रमाणित करती है। समाज कल्याण उपनिदेशक श्री जे राम ने छात्र आयुष को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी वैज्ञानिक सोच की ओर प्रेरित करेगी।

संक्षेप

चार पर मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। रंजिश में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने एक परिवार के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के परानीपुर पूरे बल्दी गांव निवासिनी अमरावती देवी पत्नी बनवारी लाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि रंजिश को लेकर बीती अटठाईस नंवबर की गांव की निशा समेत चार लोगों ने उसे तथा उसके परिवार के सदस्यों को मारापीटा। आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए जानलेवा धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

छह बम के साथ तीन धरे गये, भेजे गये जेल

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने आधा दर्जन बम व बाइक के साथ तीन आरोपियों को दबोचने में कामयाबी हासिल की है। थाने के दरोगा हरिन्द्र कुमार यादव व आकाश शुक्ल शनिवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर देउम चौराहे के समीप घेराबंदी करके आधा दर्जन देशी बम व बाइक के साथ क्षेत्र के सुजाखर निवासी मो0 फिरोज पुत्र इस्लाम व मो0 आसिफ पुत्र मो0 असलम तथा इमाम अली पुत्र बब्बू को धर दबोचा। थानाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया गया है।

चोरी को लेकर एसपी से शिकायत

प्रतापगढ़। चोरी की घटना का खुलासा न होने से पीड़ित परिवार में भय व दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़ित ने शनिवार को एसपी को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगायी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के बेजलपुर निवासी विनय कुमार सिंह पुत्र विजयजीत सिंह के घर में घुसकर बीती उन्नीस नवंबर की रात चोर पचहत्तर हजार की नकदी व लाखों के जेवरात उड़ा ले गये। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले को ठण्डे बस्ते में डाल दिया। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र भेजकर कहा है कि घटना के दस दिन बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नही लगा सकी। इससे परिवार में भय बना हुआ है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की हीलाहवाली से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं हो रही है। चोरों में बेखौफी बनी हुई है।

बीएलओ के अनुपस्थित होने की शिकायत

प्रतापगढ़। एसआईआर कार्य को लेकर अवकाश के दिनों में भी शिक्षकों को विद्यालय में उपस्थित होकर बीएलओ के कार्य में सहयोग के लिए निर्धारित किया गया है। लेकिन लालगंज नगर स्थित एक विद्यालय के बीएलओ के नदारद होने के आरोप से कार्य सुचारू रूप से होने में परेशानी बनी हुई है। मामला लालगंज विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालय उमापुर का है। यहां के प्रधानाध्यापक प्रभाकर दुबे का आरोप है कि विद्यालय के बीएलओ बीते तीन दिनों से नदारद हैं। इसके पूर्व भी वह कई दिनों तक नदारद रहे। इससे एसआईआर का कार्य सुचारू रूप से संपादित होने में परेशानी हो रही है और ग्रामीणों में आक्रोश भी बना देखा जा रहा है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि मामले की शिकायत खण्ड शिक्षा अधिकारी से भी मौखिक रूप से की गयी है।

शिवनगर डिडई की पुलिस ने बहु बेटी सम्मेलन कर किया जागरूक

शिवनगर डिडई, सिद्धार्थनगर। प्र0नि0 मनोज श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना शिवनगर डिडई मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम (बहु बेटी सम्मेलन) महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व शक्ति दीदी एवं साइबर अपराध सुरक्षा, नए कानून की जानकारी के क्रम में थानाक्षेत्र के ग्राम नदांव में महिलाओं को महिला अपराध व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा ₹महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक व सुजीत राय, क्षेत्राधिकारी बांसी सुजीत राय के कुशल पर्यवेक्षण में 29 नवम्बर को मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे उ0नि0 हरिन्द्र प्रसाद यादव, नीलम शुक्ला द्वारा ग्राम कनूवा डीह में महिलाओं व बलिकाओ को एकत्रित कर जागरूक किया गया व साइबर क्राइम से सम्बंधित जानकारी दी गयी, शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया, महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जानकारी दी गयी।

2 अभियुक्त सोने चांदी के आभूषण व हजारों नगदी समेत गिरफ्तार

चिल्हिया शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। चिल्हिया थानाध्यक्ष प्र0नि0 राजेश तिवारी के नेतृत्व में पुलिस ने नकबजनी की वारदात को अंजाम देने वाले 2 नफर अभियुक्तो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, अभियुक्तो के कब्जे से सोने चांदी के आभूषण व 16,970 रूपए नगद भी बरामद किया है जो कि चिल्हिया थाना पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में शोहरतगढ़ तहसील सर्किल के सीओ मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षक में क्रियाशील चिल्हिया थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाने की पुलिस ने 29-11को थाना चिल्हिया पुलिस द्वारा मु0 अ0 स0080/25 धारा 331(4),305(अ)बीएनएस से सम्बधित 2 नफर अभियुक्त (1) आकाश उर्फ गोली पुत्र नागेन्द्र सा0 जमुनी व थाना जमुनी जिला कपिलवस्तु राष्ट्र नेपाल 2 दिलीप पासवान पुत्र राम करन साकिन झुलनीपुर थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर को कदवां बाजार, दुसरी रोड पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया, अभियुक्तों के पास से सोने चांदी के आभूषण सहित 16,970 / रूपए नगदी बरामद कर उपरोक्त में धारा 317 (2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुए पुलिस ने न्यायालय भेजा गया अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में उ0नि0 लालचंद यादव ,हे0 का0 दंदन प्रसाद, का0 पंकज वर्मा, का0 अजय कुमार थाना चिल्हिया जिला सिद्धार्थनगर शामिल रहे।

पेंशनर्स का कैंडिल मार्च, सौंपा ज्ञापन

श्रावस्ती। आठवें वेतन आयोग के संलग्न पत्र में पेंशनरों की पेंशन एवं लाभों से जुड़े मुद्दों को शामिल न किए जाने के विरोध में आज अखिल भारतीय राज्य फेडरेशन के आवाह्न पर पेंशनर्स ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में धरना आयोजित किया। इसके बाद सभी पेंशनर्स ने कोषागार के समक्ष आमसभा कर अपनी मांगों पर चर्चा की और कैण्डिल मार्च निकालते हुए अपर जिलाधिकारी न्यायिक अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा। संगठन के अध्यक्ष गुरू नरायण पाठक ने कहा कि आठवें वेतन आयोग की रिपोर्ट लागू होने की तिथि से पूर्व के पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन पुनरीक्षण और अन्य लाभों से संबंधित मुद्दे पूर्व वेतन आयोगों की भाँति आठवें वेतन आयोग को भी संदर्भित किए जाएँ, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने मांग की कि पेंशन पुनरीक्षण से संबंधित प्रकरण को भेजे गए टर्म्स ऑफ रेफरेंस दिनांक 03-11-2025 में संशोधन कराया जाए। इस दौरान मंत्री, सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के अवधेश कुमार यादव, रामधीरज यादव, जगदीश प्रसाद, तुलसीराम वर्मा, रघुपति पाण्डेय, प्रेम नरायण यादव, अमरेश सिंह, मोहम्मद मुस्तकीम सहित अनेक पेंशनर्स मौजूद रहे।

शीतलहर से बचाव की तैयारी तेज, प्रशासन सतर्क

श्रावस्ती। शीतलहर की आशंका के बीच जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पांडेय के निर्देश पर जनपद में व्यापक बचाव तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगर पालिका भिनगा में 52, नगर परिषद इकौना में 14, तहसील भिनगा में 18, तहसील इकौना में 16 तथा तहसील जमुनहा में 15 स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है, ताकि आमजन व यात्री ठंड से राहत पा सकें। संयुक्त जिला अस्पताल भिनगा में 50 बेड का स्थायी रैन-बसेरा संचालित है, जिसमें महिला-पुरुष के लिए अलग कमरे, बिस्तर, प्रसाधन व सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध है।

नगर पंचायत इकौना में उपाध्याय तालाब के पास 10 बेड का रैन-बसेरा तैयार किया गया है। रैन-बसेरों से संबंधित जानकारी हेतु ईओ भिनगा डॉ. अनीता शुक्ला (मो. 8189078350) और केयरटेकर मथुरा पाठक (मो. 6387728185) से संपर्क किया जा सकता है। अलाव व शेल्टर होम से जुड़ी किसी भी समस्या के लिए आपदा नियंत्रण कक्ष 1077 टोल-फ्री या 8545092198 पर संपर्क कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान के अनुसार इस वर्ष अधिक ठंड पड़ने की संभावना है, इसलिए स्वयं भी सतर्क रहें और आसपास के जरूरतमंद लोगों को भी ठंड से बचाने में सहयोग करें। प्रशासन द्वारा अलाव, शेल्टर होम और कंबल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि शीतलहर प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा हेतु 1 दिसंबर को सायं 4 बजे तैयारी बैठक आहूत की गई है, जिसमें संपूर्ण व्यवस्था की गहन समीक्षा की जाएगी।

खेसरहा थानाध्यक्ष के अगुवाई में मिशन शक्ति टीम ने बहु बेटी सम्मेलन कर किया जागरूक

खेसरहा, सिद्धार्थनगर। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत महिला मिशन केंद्र थाना खेसरहा की टीम द्वारा ग्राम बिसरी में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, नये कानून ,साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो व शक्ती दीदी (बहु- बेटी सम्मेलन) अभियान के तहत बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक किया गया। एसपी डॉ. अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान₹ के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम व अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण मे व पुलिस क्षेत्राधिकारी बांसी सुजीत राय के निर्देशन मे थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा के कुशल नेतृत्व में 29.नवमबर को थाना खेसरहा मिशन शक्ति टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम बिसरी में जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें महिलाएं व बलिकाएं आदि लोग उपस्थित हुए जिन्हे महिला सम्बन्धित नये कानून व महिला सम्बन्धित अपराध, साइबर अपराध जागरूकता,नये कानून कार्यक्रम के तहत उपस्थित उपरोक्त महिला सशक्तिकरण सम्बन्धित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, महिला से सम्बन्धित कानूनो के बारे मे जानकारी दी गई तथा, देउरी, मरवातिया मोड़ उपरोक्त स्थान पर एंटी रोमियो की चेकिंग के तहत 12 शोहदों का माफीनामा भर चेतावनी दी गई तथा वहां उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये कल्याणकारी योजनाओं व विधियों के तहत जागरुक किया गया।

बहु बेटियों को नये कानून व सुरक्षा के प्रति दी जानकारी

इंटवा, सिद्धार्थनगर। एसपी के आदेश के क्रम में इंटवा थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम सुन्दर तिवारी के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, बेटी, बहू सम्मेलन एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम खानकोट इटवा की महिलाओं/बालिकाओं को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया। वहीं नये कानून की जानकारी देते हुए हेल्प नम्बरों के बारे में भी जानकारी दिया गया।

वकीलों की सुरक्षा पर सरकार ने पहल न की तो होगा आंदोलन

कानपुर। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर वकीलों की आवाज शनिवार को कानपुर में सुरक्षा यात्रा के जरिये बुलन्द दिखी। विधेयक के समर्थन में लखनऊ से रायबरेली, उन्नाव होते हुए कानपुर पहुंची। अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा को लेकर अदालत परिसर में गर्मजोशी का माहौल दिखा। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतले प्रदर्शन कर अधिवक्ताओं ने संसद के आगामी सत्र में विधेयक पास कराए जाने की मांग को लेकर वकील लामबंद हुए दिखे। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश की संयुक्त अगुवाई में वकीलों ने मौलिक अधिकारों के तहत समानता के अधिकार व सुरक्षा विधेयक को लेकर संघर्ष का बिगुल बजाया। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर परिसर में वकीलों ने बैनर तथा पोस्टर लहराते हुए नारेबाजी भी की। वहीं परिसर में विधेयक के मसौदे को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया गया। कानपुर बार एसो. हॉल में अधिवक्ताओं की आमसभा को संबोधित करते हुए एसो. के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि कई वर्षो से अधिवक्ता सुरक्षा को लेकर वकील आन्दोलित हैं। इसके बावजूद भी केन्द्र व प्रदेश सरकार वकीलों की सुरक्षा के इस अहम मुदत्ते पर पहल नही कर रही है। उन्होनें कहा कि यदि पहली दिसंबर से शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा को लेकर विधेयक पेश नही किया जाता तब वकील संसद भवन के सामने घेराव व प्रदर्शन करेंगे। एसोसिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर सरकारों की हठधर्मिता खत्म नहीं हुई तो प्रदेश का अधिवक्ता सड़क से लेकर हर फोरम पर संघर्ष की आवाज को और बुलन्द करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता रामओंकार विश्वकर्मा व संचालन अनुज शुक्ला ने किया। संयोजन भानु प्रताप सिंह व अनिल कुमार दीक्षित ने किया। आम सभा को कानपुर बार एसोसिएसन के मंत्री वीरेन्द्र कुमार पासी, लायर्स कानपुर एसो. के अध्यक्ष दिनेश वर्मा, आलोक त्रिपाठी, राजीव यादव ने भी संबोधित करते हुए अधिवक्ता सुरक्षा के उठाये गये मुददों के समर्थन का ऐलान किया। इस मौके पर योगेन्द्र अवस्थी, शुभम भट्ट, विकास कुमार सिंह, पंकज गौड़, ओमप्रकाश , अनिल विश्वकर्मा, दुर्गेश कुमार शुक्ला, विनीता गुप्ता, प्रतिपाल सिंह, प्रकाशचंद्र गुप्ता आदि अधिवक्ता रहे।

राष्ट्रीय उपदेशकों ने श्रद्धालुओं को समझाया गुरु महत्ता

मथुरा। जयगुरुदेव आश्रम में चल रहे 77वें वार्षिक भण्डारा सत्संग मेला के दूसरे दिन राष्ट्रीय उपदेशक बाबूराम और सतीश चन्द्र ने श्रद्धालुओं को गुरु, गुरु द्वारे की महत्ता और शाकाहार अपनाने पर विस्तार से समझाया। जयगुरुदेव नाम योग साधना मन्दिर विश्व का अनूठा मन्दिर है जो सर्वधर्म सम्भाव की भावना को समेटे हुये है, जहाँ अपनी बुराइयों को चढ़ाने पर मनोकामना पूरी होती है। महात्माओं का संकल्प फलीभूत होता है। लोगों को मन्दिर से वेइन्तहा फायदा हो रहा है। गुरुद्वारा और जन्मभूमि का अपना विशेष महत्व होता है।

राजकीय हाईस्कूल रोहनियां में पंख करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

रायबरेली। ऊँचाहार तहसील क्षेत्र के राजकीय हाई स्कूल रोहनिया में शुक्रवार को पंख करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश यादव, सामूहिक चिकित्सा केंद्र डॉ. अखिलेश, बैंक ऑफ बड़ौदा ऊंचाहार शाखा प्रबंधक रजत सक्सेना, स्वामी दयानंद इंटर कॉलेज प्रबंधक राम नारायण सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमरन रणजीत सिंह सहित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि परसीपुर संजय कुमार अतिथियों के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की संयोजक साधना सिंह, प्रधानाध्यापिका ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नोडल इला शुभानंद पटेल व प्रियंका, पूजा सरोज एवं संदीप गौतम ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। विशेषज्ञों ने छात्रों को करियर विकल्पों, कौशल विकास और भविष्य की तैयारियों पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया। बताया कि सही दिशा, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ छात्र अपनी उड़ान को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछकर अपने संदेह दूर किए और यही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, छात्राओं सहित अभिभावक व क्षेत्रिय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

एसआईआर प्रक्रिया में हो रहीं अनियमितताएं

- कई जगह मतदाताओं को सी कैटेगरी में डाला जा रहा, कहीं लिस्ट से नाम गायब

इटावा। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने एसआईआर प्रक्रिया में हो रहीं अनियमितताओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एक महीने का समय पर्याप्त नहीं है, इसी लिए चुनाव आयोग को इस प्रक्रिया का समय तीन माह करने पर गम्भीरता से विचार करना चाहिए।

गोपाल यादव ने कहा कि इटावा सदर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 44 बुलाकीपुर, दुगार्पुर और बूथ संख्या 46 पुठिया, आकलपुर में किसी भी फार्म के लिए कैटेगरी ए और बी नहीं खुल रही है, फार्म सी केटेगरी में एक्सेप्ट हो रहे हैं। जो मतदाता ए और बी कैटेगरी में पात्र हैं उनके नाम सी कैटेगरी में जाने का मतलब है कि उनके पास नोटिस भेजे जाएंगे। जब अभी इतनी दिक्कत है तो आगे और भी दिक्कतें आएंगी। उन्होंने कहा कि भरथना विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान बूथ संख्या 323 दुगार्पुर जिसकी 2003 की बूथ संख्या 161 है, उसमें उस समय की वोटर लिस्ट में वोटर क्रमांक 660 से लेकर वोटर क्रमांक 703 तक के नाम गायब हैं चाहे वो वोटर लिस्ट बीएलओ के पास की हो या ऑन लाइन हो। अब जो लोग 2003 की सूची में वोटर हैं वह लोग एसआईआर फार्म में 2003 की सूची का क्रमांक कैसे भरेंगे। चुनाव आयोग को इस समस्या को गम्भीरता से देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और जिला प्रशासन का कहना है कि जिन लोगों के फार्म 4 दिसम्बर तक जमा नहीं होंगे उनके नाम वोटर लिस्ट में शामिल नहीं होंगे। गोपाल यादव ने कहा चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया जल्दबाजी में चलाई, इसकी कोई जरूरत नहीं लथी क्योंकि यूपी में चुनाव 2027 में हैं। हम लोग इस प्रक्रिया के विरोधी नहीं है। आराम से चलाई जाए। इतने कम समय मे गहन निरीक्षण नहीं हो सकता। जहां से शिकायतें आ रहीं हैं उन्हें दूर किया जाये। बीएलओ के पास समय कम होने और उन पर दवाव के चलते बीएलओ भी सही से काम नहीं कर पा रहे जिससे लोगों के फार्म गलत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से मेरी मांग है कि वह इस गम्भीर समस्या पर पुनर्विचार कर एसआईआर प्रक्रिया के लिए तीन माह का समय दे।

मिशन शक्ति टीम ने साइबर अपराध सुरक्षा व नये कानून की दी जानकारी

सिद्धार्थनगर। एसपी डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के अक्षरसह अनुपालन में दायित्वों के प्रति क्रियाशील प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय के नेतृत्व में महिला थाना मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना क्षेत्र जोगिया उदयपुर के ग्राम सजनी मे बहू बेटी सम्मेलन आयोजित कर महिलाओं/ बालिकाओं को जागरुक किया गया व फिल्म दिखाकर,नये कानून के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। एसपी द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान₹ के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर व विश्जीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में 29 नवम्बर को भाग्यवती पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र जोगिया उदयपुर के ग्राम सजनी की महिलाओ को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं बहू बेटी सम्मेलन आयोजित कर महिला सुरक्षा व साइबर जागरुकता अभियान व विडीयो दिखा कर जागरुक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। ₹प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति में महिलाओं की सुरक्षा जागरूकता

श्रावस्ती। जनपद में पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम के नेतृत्व में मिशन शक्तिझ्र05 के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम लगातार संचालित किए जा रहे हैं। अभियान में सभी क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को सक्रिय पर्यवेक्षण हेतु निर्देशित किया गया है, जिससे कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। आज दिनांक 29.11.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश चंद्र उत्तम द्वारा पंडित ब्रह्मदत्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चैलाही (थाना सिरसिया) में मिशन शक्ति, एंटी रोमियो व साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में छात्रझ्रछात्राओं को गुड टचझ्रबैड टच, ऑनलाइन सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर क्राइम से बचाव एवं डिजिटल सतर्कता के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। साथ ही हेल्पलाइन सेवाओं 1090, 112, 181, 1098 की जानकारी दी गई। जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए और छात्रों को नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। इसी तरह जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्तिझ्र05 के तहत महिला सुरक्षा, बालिकाओं की सुरक्षा, साइबर जागरूकता और एंटी रोमियो जागरूकता कार्यक्रमों का विस्तार स्कूलझ्रकॉलेज, बाजार और ग्रामीण क्षेत्रों तक किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है। जनपद श्रावस्ती पुलिस महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं साइबर सतर्कता के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है।

दुकानदारों को अंदर घुसने नहीं दिया जा रहा

इटावा। नुमाईश के उद्घाटन की तिथि 7 दिसंबर को घोषित कर दी गई है परंतु अभी तक दुकानदारों को अन्दर घुसने नहीं दिया जा रहा है, नुमाइश में बाहर से आये व्यापारी और स्थानीय व्यापारी परेशान हैं,कि उन्हें उनकी दुकानें आवंटित की जायेगी और कब वे अपनी दुकानें लगायेंगे, प्रदर्शनी के व्यापारियों ने व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित से मांग की है कि इस संबंध में जिला प्रशासन और नुमाइश कमेटी के सामने उनका पक्ष रखें इस बार नुमाइश में बहुत से नये परिवर्तन पर नुमाइश कमेटी विचार कर रही है और नुमाइश के नक्शे और रास्तों में परिवर्तन किया गया है, तथा नुमाइश में नगरपालिका टीम द्वारा व्यापक सफाई अभियान भी शुरू कर दिया गया है, जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल ने व्यापारियों को आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही सभी को नुमाइश के अन्दर उचित स्थान दिया जायेगा। नुमाइश में दुंकानें आवंटित न होने के विरोध में नुमाइश के व्यापारीयों ने दिया धरना, मौके पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह चैहान, जिलाकोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी पहुंचे।

शांति के माहौल में दिखेगा रामपुरखास में सर्वश्रेष्ठ विकास

- कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता ने कार्यकताओं से किया संवाद, दिया समस्याओं के निराकरण का भरोसा

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शनिवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। विधायक मोना पड़री गांव में आयोजित भण्डारे में शामिल हुई। यहां उन्होने कहा कि रामपुरखास में सुख शांति तथा लोगों की सुरक्षा के साथ विकास को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता मिलती रहेगी। विधायक आराधना मिश्रा ने कहा कि सर्वश्रेष्ठ विकास की पहचान से रामपुरखास विधानसभा की प्रतिष्ठा पूरे प्रदेश में चमक लिये हुए है। उन्होने कहा कि आध्यात्मिक वातावरण हमें सार्वभौमिक विकास तथा जनकल्याण के मार्ग पर बढ़ने की प्रेरणा दिया करता है। विधायक मोना ने कहा कि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में क्षेत्र में इधर कई वृहद सड़क परियोजनाओं तथा विद्युतीकरण और चिकित्सा व स्वास्थ्य तथा शिक्षा के क्षेत्र में नए विकास कार्यो को गति मिल रही है। भण्डारे में पहुंची विधायक मोना का पूर्व प्रधान रामदुलारे वर्मा की अगुवाई में ग्रामीणों ने सारस्वत सम्मान भी किया। वही विधायक मोना ने क्षेत्र के कामापटटी, लोहंगपुर आदि जगह पर कार्यकताओं व ग्रामीणों से मिलीं। यहां उन्होने कार्यकताओं से कहा कि गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में महिला मतदाताओं के नाम अंकित कराए जाने को लेकर विशेष ध्यान केन्द्रित करें। उन्होने कहा कि मंहगाई तथा बेरोजगारी और कानून व्यवस्था समेत जनता से जुड़े अहम मुददों पर सरकार और उसकी मशीनरी विफल है। उन्होने कहा कि भाजपा जनता का ध्यान बरगलाने के लिए जरूरी मुददों की जगह एसआईआर जैसे अनावश्यक मुददे को जबरिया थोप रही है। विधायक मोना ने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान विभिन्न विकास से जुड़ी निमार्णाधीन परियोजनाओं की भी प्रगति का जायजा लिया। इसके पहले उन्होंने संग्रामगढ़ में जनसमस्याओं की सुनवाई भी की। विधायक मोना ने लोगों को उनकी समस्याओं के समाधान कराए जाने का विश्वास दिलाया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष उपाध्याय, भुवनेश्वर शुक्ल, राकेश चतुवेर्दी, श्रीनारायण तिवारी, निसार अहमद, लालजी यादव, रघुनाथ सरोज, आशीष तिवारी, आनन्द पाण्डेय, रमेश प्रताप सिंह, लालजी पटेल, केडी मिश्र, पप्पू तिवारी, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, राजू पाण्डेय, राजू यादव, रामू मिश्र, अतुल शुक्ल, अभिनव शुक्ला, मुरलीधर तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा आदि रहे।

जिपं अध्यक्ष ने किया जलनिकासी पाइपलाइन का शुभारंभ

मथुरा। प्राकृतिक आपदा से आए अनावश्यक जल को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने आज नगला वर में नई जल निकासी पाइपलाइन का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। ग्राम प्रधान अन्य गणमान्यों ने जिपंअ का फूलमाला पहनाकर व साफा बांधकर राधाकृष्ण छवि चित्र भेंट कर जोरदार स्वागत किया। शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीचैधरी ने कहा सरकार आम जनता की मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रतिबद्ध है और इस पाइपलाइन के शुरू होने से क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को इस प्राकृतिक आपदा से राहत मिलेगी। लोगों को अब यहां जलभराव की समस्याओं से जूझना नहीं पड़ेगा। विकास कार्य में कोई बाधा आड़े नहीं आएगी।

कोतवाली व आचार्य नगर से बाइकें चोरी, रिपोर्ट दर्ज

रायबरेली। लालगंज कस्बे में कोतवाली के ठीक सामने व आचार्य नगर से चोरो ने दो बाईको को पार कर दिया। षिकायत पर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। कस्बे के सूदनखेड़ा मोहल्ला निवासी अधिवक्ता रौनक भदौरिया ने बताया कि वह किसी काम से कोतवाली गये थे जहा उन्होने अपनी बाईक को परिसर के बाहर खड़ा किया था। कुछ देर बाद वापस लौटने पर बाईक मौके से नदारद थी। वही दूसरी घटना आचार्य नगर मोहल्ला निवासी अमन बाजपेई के साथ हुई है। अमन ने बताया कि रात में बाईक उनके घर के बाहर खड़ी थी सुबह होने पर देखा गया तो बाईक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला सका। दोनों ही मामलों की षिकायत पीडितों ने कोतवाली पुलिस से की है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों ही मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी की मदद से चोरों की तलाष की जा रही है।

संक्षेप

अनियंत्रित ई-रिक्शा हो जाने से दो घायल

इकदिल, इटावा। आगरा-कानपुर नेशनल हाइवे पर पिलखर नहर के पास ट्रक के कट लगने से ई रिक्शा अनियंत्रित हो जाने से रोड पार कर युवक से टकरा कर पलट गया। हादसे में ई रिक्शा चालक समेत दो लोग घायल हो गए। गांव फूलपुर मोहरी निवासी ई रिक्शा चालक शनिवार दोपहर बाद शहर मंडी से ई रिक्शा में फल लोड कर अपने घर जा रहा था। तभी इकदिल इलाके में नहर पुल के पास पहुचने पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक किया जिसे ई रिक्शा अनियंत्रित हो गया इसी समय मेनपुर निवासी डीसीएम ड्राइवर जावेद पुत्र रूपलाल हाइवे रोड पार कर रहा था तभी अनियंत्रित हुए ई रिक्शा के चपेट ने आ जाने से टकरा कर घायल हो गए टक्कर के बाद ई रिक्शा हाइवे पर पलट जाने से फल हाइवे पर बिखर गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था मे पड़े दोनों घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया और क्षतिग्रस्त हुए ई रिक्शा को हाइवे पर से हटवाकर किनारे कराकर यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से सामान्य कराई।

युवती सहित तीन लोग मारपीट में घायल

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला नन्दन में बेटे को इलाज के लिए ले जा रहे एक युवती सहित तीन लोगो को चार नामजद लोगो ने गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडो से मार पीट कर गंभीर रूप से घायल किया। पुलिस ने मामला दर्ज किया।ग्राम नगला नन्दन निवासी सुरेश कुमार ने बकेवर थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि वह अपने बीमार बेटे को अपनी बहिन बंदना के साथ मोटरसाइकिल से दिखाने जा रहा था जैसे ही गाँव के ही तिलक सिंह के घर के सामने पहुँचा कि तभी पहले से ही मौजूद गाँव के ही आजाद पुत्र रमेश बाबू ने उसे रोक लिया और देखते ही गाली-गलौज करने लगा जब उसने गाली-गलौज करने से मना किया तो नामजद आरोपित युवक गाली-गलौज करता हुआ लाठी डंडो से मार पीट करने लगा पुत्र की चिल्लाने की आवाज सुन पिता मोहन लाल बचाने आये तो उनको भी मार पीट करने लगा पिता को पिटता देख पुत्री बंदना बचाने आयी तो उसकी भी मार पीट करके घायल कर दिया। झगड़े की सूचना पर आजाद के पिता रमेश बाबू इसका भाई अमृत व प्रमोद कुमार पुत्रगण जिलेदार निवासीगण ग्राम नगला नन्दन बकेवर मारने के लिए दौड पड़े।पिता पुत्री बेटे ने भागकर घर के अंदर घुसकर कर जान बचाई।शोर सुनकर गाँव के तमाम लोग मौके पर पहुँच गए। हमलावर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

बैंकों व संस्थानों का निरीक्षण

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारी, थानाध्यक्ष एवं चैकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैंक परिसर के अंदर एवं बाहर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की कार्यशीलता को चेक किया। संबंधित बैंक प्रबंधकों एवं कर्मियों को सुरक्षा मानकों की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही, बैंक कर्मचारियों एवं आमजन को सतर्क रहते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति की जानकारी तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराने हेतु जागरूक किया गया जिससे अपराध की संभावनाओं पर प्रभावी रोकथाम की जा सके।

Notice

That I have changed my name from Suman to Suman Yadav and my date of birth to 01.01.1978. Both are my names. In all my documents, my name should be written and read as Suman Yadav. **Suman Yadav, W/o Ghanshyam Yadav**

सूचना

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट सं. K3446135 में त्रुटिवश मेरा नाम खुसनाज रियाज (Khusnaz Riyaz) अंकित है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा सही नाम खुशनाज बेगम (Khushnaj Begam) दर्ज है। मेरे पासपोर्ट में भी मेरा सही नाम ही दर्ज किया जाये। **खुशनाज बेगम पत्नी श्री रियाज अहमद नि.- 1/1058, विशाल खण्ड-1, गोमती नगर, लखनऊ।**

ओएसडी गीडा सहित 5 कार्मिकों को सीएम ने किया सम्मानित

जिला संवाददाता (vol)

गोरखपुर। गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) के 36वें स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्कृष्ट कार्य के लिए गीडा के ओएसडी अनुपम मिश्रा, प्रबंधक (सामान्य/प्रशासन) नंद किशोर जायसवाल, सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार वीरेंद्र कुमार पांडेय, सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक रामजतन शर्मा और सेवानिवृत्त लेखपाल जयप्रकाश वर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ओएसडी अनुपम मिश्रा और चार अन्य कार्मिकों को यह सम्मान गीडा सीईओ के नेतृत्व में विगत तीन वर्षों में भूमि अधिग्रहण, धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के प्रोजेक्ट में योगदान, औद्योगिक भूमि आवंटन और इसके जरिये निवेश प्रोत्साहन को बढ़ावा देने के लिए प्राप्त हुआ।

शासन की नीतियों के तहत उद्यमियों को मिली सब्सिडी

गीडा,गोरखपुर। गीडा स्थापना दिवस समारोह के मंच से उद्यमियों को शासन की नीतियों के तहत सब्सिडी और लोन का चेक भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों प्राप्त हुआ। एमएसएमई नीति 2022 के अंतर्गत मेसर्स विजन पैरेंटल प्राइवेट लिमिटेड के सुमित अग्रवाल को 1 करोड़ 69 लाख 59 हजार 499 रुपये तथा यूपी टेक्सटाइल एंड गारमेंटिंग पॉलिसी 2022 के अंतर्गत मेसर्स एबीआर पेट्रो प्रोडक्ट्स के अशोक कुमार अग्रवाल को 3 करोड़ 75 लाख 35 हजार रुपये की सब्सिडी मिली। जबकि ओडीओपी के तहत रेडीमेड गारमेंट के लिए जनार्दन को 10 लाख रुपये, सीएम युवा के तहत मेटल क्राफ्ट मेकिंग के लिए मनीष सिंह को 5 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इसी क्रम में तकनीकी उन्नयन योजना के तहत मेसर्स सिद्धिविनायक पैकेजर्स की संगीता पांडेय को 5 लाख रुपये की सब्सिडी का चेक और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत अर्चना शर्मा को दर्जी ट्रेड का टूलकिट मुख्यमंत्री ने प्रदान किया। प्रिंटिंग प्रेस के लिए गीता प्रेस गोरखपुर के देवीदयाल, स्पेशल पर्पज मशीन मैन्युफैक्चरिंग के लिए बड़ोदरा गुजरात के राजेन्द्र रमाकांत विश्वकर्मा (शांति प्रिसियन मशीन्स प्राइवेट लिमिटेड), कोरोगेटेड बॉक्स प्रोजेक्ट के लिए गोरखपुर की चारू कक्कड़ (दीवान पैकेजिंग), सोलर प्रोडक्ट असेंबली यूनिट के लिए राजेश त्रिपाठी (गायत्री वेबटेक प्राइवेट लिमिटेड) और स्टेनलेस स्टील वेसल यूनिट्स के लिए मुंबई के सुरेश चौधरी (विकास मेटल)।

सीएम योगी के नेतृत्व में बज रहा यूपी का डंका : राकेश सचान

गोरखपुर। गीडा स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी लगातार विकास पथ पर अग्रसर है। उनके नेतृत्व में यूपी के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और कानून व्यवस्था का डंका पूरे देश में बज रहा है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में 35 सेक्टर्स के लिए बनी पॉलिसी से प्रदेश में विकास और निवेश का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। श्री सचान ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शुरू सीएम युवा योजना में पहले साल का एक लाख का लक्ष्य पार हो चुका है। उन्होंने नई दिल्ली में हालिया आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें सर्वाधिक भीड़ यूपी पैवेलियन में रही।

ट्रेड शो में झलकी यूपी की औद्योगिक प्रगति

पिपरौली, गोरखपुर। गीडा की तरफ से स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय ट्रेड शो का भी आयोजन किया गया। पहले दिन इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस दौरान उन्होंने ट्रेड शो में लगाए गए स्टालों का अवलोकन कर उद्यमियों का उत्साह बढ़ाया। इस संबंध में अपने संबोधन में यहां प्रदर्शित कई उत्पादों की चर्चा की। गीडा में लगे ट्रेड शो में दो सौ स्टालों पर यूपी की औद्योगिक प्रगति झलक रही थी। कई स्टाल ओडीओपी उत्पादों के थे तो अन्य पर लघु उद्योग से लेकर भारी उद्योग तक के मेड इन यूपी और मेड इन गोरखपुर उत्पाद लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।

सीईओ ने सीएम को स्मृति चिह्नभेंट कर किया अभिनंदन

गीडा, गोरखपुर। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के 36वें स्थापना दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक ने समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया। गीडा स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गीडा के विभिन्न सेक्टरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 408 करोड़ रुपये के 114 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। 6139 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के लिए आवंटित 115 भूखंडों में से पांच निवेशकों को अपने हाथों से आवंटन प्रमाण पत्र सौंपा।

जिलाधिकारी ने बीएलओ को सम्मानित किया

इटावा। बीएलओ द्वारा एसआईआर का कार्य पूर्ण किए जाने पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल द्वारा कलक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि जिन बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर एसआईआर का कार्य पूर्ण किया गया, वह बधाई के पात्र हैं। जनपद में साढ़े 12 लाख मतदाता हैं, जिसमें 60 प्रतिशत का कार्य पूर्ण किया गया। उन्होंने कहा कि 142 बूथ लेवल अधिकारी हैं सभी के द्वारा मेहनत से कार्य किया गया। जिलाधिकारी द्वारा तीनों विधान सभा के कुल 46 बीएलओ को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि जो भी मतदाता अपना गढ़ना प्रपत्र भरकर वापस नहीं देंगे उनका नाम सूची में नहीं आएगा। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि गढ़ना प्रपत्र भरकर अतिशीघ्र जमा करा दें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर तीनों विधान सभा में लगभग 12 लाख मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा एप के माध्यम से एवं पूर्ण मनोयोग से कार्य पूर्ण किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा मानदेय 500 से 1000 कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि घनी बस्तियों में मतदाताओं को जागरूक किया जाए। उक्त अवसर पर उपजिलाधिकारी न्यायिक दीपशिखा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

एसएसपी ने उद्घाटन कर दीप प्रज्ज्वलित किया

इटावा। सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सन्त विवेकानन्द पब्लिक स्कूल पहुंचकर फीता काटकर एवं द्वीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के शुरूआत में बच्चों द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर स्वागत किया। विद्यालय के बच्चों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने की प्रेरणा दी साथ ही बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए बताया कि सड़क पर छोटी-छोटी सावधानियाँ जैसे हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, ट्रैफिक संकेतों का पालन करना, ओवरस्पीडिंग से बचना जीवन की सुरक्षा में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और कहा कि सुरक्षित यातायात केवल वयस्कों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक, खासकर भविष्य की पीढ़ी का कर्तव्य है। विद्यालय प्रबंधन और छात्र-छात्राओं ने एसएसपी का स्वागत करते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।

सांसद ने यात्री प्रतिक्षालय का उद्घाटन किया

इटावा। सपा सांसद जितेंद्र दोहरे ने शनिवार को बकेवर कस्बे में नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय का उद्घाटन किया। यह प्रतीक्षालय सांसद निधि से हाईवे पर तथा कस्बा की लखना रोड पर बनाए गए हैं। बकेवर-भरथना मार्ग पर स्थित इन प्रतीक्षालयों का निर्माण दिवंगत नेताजी मुलायम सिंह यादव की स्मृति में करवाया गया है। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सांसद जितेंद्र दोहरे ने इस अवसर पर कहा कि बकेवर की जनता के प्रस्ताव पर दो प्रतीक्षालयों का निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी द्वारा कई स्थानों पर वाटर कूलर, इंटरलॉकिंग सड़कें और स्ट्रीट लाइटें लगवाने का कार्य भी किया गया है। सांसद ने लोगों से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने की अपील भी की। उद्घाटन के बाद सपा नेताओं ने सांसद जितेंद्र दोहरे और उनके पुत्र अनुराग दोहरे का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर ज्वाला कठेरिया नगर अध्यक्ष, लालू पाल जिलाउपाध्यक्ष, अनूप शर्मा एडवोकेट नगर महामंत्री, राजेंद्र सिंह कठेरिया, गोलू कठेरिया, आलोक कठेरिया, महावीर कठेरिया, कृष्णलाल शर्मा सहित अन्य सपा नेता उपस्थित रहे।

टीटीई के धक्के से महिला की मौत का मामला फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर की जांच

इटावा। भरथना में टीटीई द्वारा कथित तौर पर धक्का दिए जाने से ट्रेन से गिरकर नौसेना अधिकारी की पत्नी आरती यादव की मौत के मामले में जांच तेज हो गई है। जीआरपी पुलिस ने टीटीई के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। शुक्रवार को फोरेंसिक टीम और विवेचना अधिकारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर गहन पड़ताल की। यह घटना बुधवार सुबह 9.35 बजे दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर साम्हों और भरथना रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे फाटक संख्या 19-सी के पास हुई थी। परिवार का आरोप है कि ट्रेन में यात्रा के दौरान हुए वाद-विवाद के चलते टीटीई ने आरती यादव को धक्का दे दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। आरती यादव के पिता की तहरीर पर जीआरपी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। विवेचना अधिकारी एसआई प्रशांत कुमार फोरेंसिक टीम के साथ शुक्रवार को मौके पर पहुंचे। उन्होंने रेलवे फाटक पर लगे सीसीटीवी कैमरों से घटना वाले दिन के फुटेज एकत्र किए। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर मिले खून और अन्य महत्वपूर्ण सबूतों को भी अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एसआई प्रशांत कुमार ने बताया कि घटनास्थल का नक्शा बनाया गया है। महिला का मोबाइल फोन घटना स्थल के तीस मीटर के दायरे से बरामद हुआ है, जिसे फोरेंसिक टीम को सौंप दिया गया है। यह मोबाइल घटना के 48 घंटे बाद बरामद किया गया है। प्रयागराज मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि टीटीई संतोष कुमार के विरुद्ध रेलवे की ओर से अब तक कोई विभागीय कार्रवाई नहीं की गई है।

भारत को जानो प्रतियोगिता में छात्र-छात्राअें ने भाग लिया

भरथना, इटावा। भारत विकास परिषद भरथना के तत्वाधान में आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता के तहत पैरामाउंट हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रान्तीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है।भारत विकास परिषद भरथना के तत्वाधान में बीते माह भारत को जानो प्रतियोगिता सम्पन्न करायी गई थी। जिसमें पैरामाउंट हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय, शाखा, मण्डल स्तर पर चयनित होकर उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। विद्यालय की शिक्षिका राखी मिश्रा ने बताया कि बीते दिवस सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज श्याम नगर फरूर्खाबाद में आयोजित उक्त प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा-10 में अध्ययनरत छात्र विपिन कुमार व कक्षा-9 की छात्रा दिव्यांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया है। भारत को जानो प्रतियोगिता में प्रान्तीय स्तर पर चार जिलों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया था। शिक्षिका श्रीमती मिश्रा ने बताया कि उक्त दोनों मेधावी 7 दिसम्बर को प्रदेश स्तर पर सम्मिलित होने के लिए उरई जालौन में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगें। दोनों मेधावियों को मैडल, प्रशस्त्रि पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय संस्थापक डा. प्रदीप चन्द्र पाण्डेय, प्रबन्धक नीरजा पाण्डेय, प्रतिभा त्रिपाठी, प्रवीन शुक्ला, अरूण मोटवानी सहित परिषद अध्यक्ष शेखर राठौर, रामप्रकाश पाल सहित परिषद सदस्यों ने बधाई देते हुए मेधावियों का उत्साहवर्धन किया।

122 जोड़ों का सामूहिक विवाह

इटावा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कराया गया, जिसमें कुल 122 जोड़ों की शादी करायी गयी जिसमें से 1 मुस्लिम जोड़ा शामिल था सभी जोड़ों की कन्याओ ने अपने अपने वर को मालायें पहनाई, मुस्लिम कन्याओं का मौलिवियों द्वारा मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार एवं हिन्दू कन्याओ का विवाह हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार सभी रस्में अदा कर करायी गयी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरिता भदौरिया ने सभी वर, बधुओ को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी जोड़े सलामत रहे आगे आने वाला आप सबका जीवन सुखमय हो यही कामना है। उन्होने कहा कि जितने जोडे.आज विवाह के बन्धन में बंध रहे हैं पत्नी पति का, पति पत्नी का सम्मान करें, घर के बड़े बुजुर्गो का सम्मान कर उनका भी आशीर्वाद लें जब आप एक दूसरे का सम्मान करेंगे तो समाज में आपका भी सम्मान होगा। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीब, निर्धन, परिवारो की पुत्रियों की शादी कराने का लिया गया निर्णय बहुत ही सराहनीय है। ऐसी कन्याओं की शादी कराना बहुत ही पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर समाज में सामाजिक गतिशीलता लाना है। उन्होंने कहा कि गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जो लोग ऋण लेकर अपनी पुत्रियों की शादी करते है ऐसे लोगो के लिए सामूहिक विवाह योजना बहुत ही अच्छी सिद्ध होगी। एक तरफ उनके पैसे बचेगें और वही उनको लोन लेकर अपनी बेटी की शादी में राहत मिलेगी। उन्होने कहा कि सामूहिक शादियो के आयोजन ब्लाक स्तर पर कराये जायेगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरतमन्द, निराश्रित, निर्धन परिवारों को शासन द्वारा 1 लाख रू. की धनराशि स्वीकृत हैं जिसमें कन्या को अनुदान के रूप में 60,000 हजार रू खाते के माध्यम से प्रदान किये जा रहे है, इसके साथ 25000 हजार रू. का सामान दिया जाता है एवं 15000 रुपए खाना आदि व्यवस्था में किया जाता है। उक्त अवसर पर पूर्व विधायक भरथना सावित्री कठेरिया, सचिन यादव जिला पंचायत सदस्य, प्रदीप तिवारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्यारानी बघेल, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास प्रिया शर्मा, जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव, खंड विकास अधिकारी चकरनगर सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जहां धर्म की स्थापना, वहां निवेश और रोजगार की आती है बहार : रविकिशन

जिला संवाददाता (vol)

गीडा, गोरखपुर। गीडा स्थापना दिवस समारोह में सांसद रविकिशन शुक्ल ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर पर धर्मध्वजा स्थापना के लिए पीएम मोदी और सीएम के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इन दोनों निस्वार्थ संतों ने धर्म की स्थापना कर दी है। उन्होंने कहा कि जहां धर्म स्थापित होता है वहां निवेश और रोजगार की बहार आने लगती है। सांसद श्री शुक्ल ने कहा कि पिछली सरकार जिस गीडा क्षेत्र में कब्रिस्तान का रास्ता खोज रही थी, वहां सीएम योगी के विजन से बड़े बड़े उद्योग लग गए। इससे पचास हजार लोगों को प्रत्यक्ष और डेढ़ लाख लोगों को परोक्ष रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हुए विकास से गोरखपुर से पलायन बंद हो गया है।

समारोह में स्वागत संबोधन सहजनवां के विधायक प्रदीप शुक्ल ने किया। श्री शुक्ल ने कहा कि सीएम योगी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में गीडा क्षेत्र पिछले आठ वर्षों से देशभर के निवेशकों की खास पसंद बना हुआ है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, विधायक राजेश त्रिपाठी, प्रदीप शुक्ल, विपिन सिंह, फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, महेंद्रपाल सिंह, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, आयुक्त उद्योग के. विजयेंद्र पांडियन, भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता समेत बड़ी संख्या में उद्यमी व आमजन उपस्थित रहे।

यूपी के औद्योगिक व आर्थिक प्रगति के सूत्रधार हैं सीएम योगी : नंदी

गोरखपुर। गीडा के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक प्रगति के सूत्रधार व शिल्पकार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हम सभी ने उत्तर प्रदेश को अतीत के अंधकार से विकास के प्रकाश के नए दौर में प्रवेश करते देखा है। श्री नंदी ने कहा कि सीएम योगी की अगुवाई में समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति को भी बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी के सतत मार्गदर्शन में गीडा औद्योगिक विकास के पथ पर बढ़ते हुए नित नई उपलब्धियों को हासिल कर रहा है। गीडा एक मॉडल औद्योगिक विकास प्राधिकरण के रूप में विकसित हो रहा है।

धूप में बैठी 110 वर्षीय वृद्धा को सांप ने डसा

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के गांव दशहरी में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब 110 वर्षीय वृद्धा छोटी बेटी पत्नी तेज सिंह को अचानक सांप ने डस लिया। घटना तब हुई जब वृद्धा घर के बाहर धूप में बैठी थीं। इसी दौरान उनके बाएँ हाथ के अंगूठे में सर्प ने काट लिया।

परिजनों ने स्थिति को गंभीर देखते हुए तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर पहुंचाया। जहां डॉक्टर विकास अग्निहोत्री की देखरेख में उनका उपचार शुरू किया गया। डॉक्टरों के अनुसार वृद्धा की हालत स्थिर बनी हुई है और आवश्यक उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने कहा कि सर्प अचानक झाड़ियों से निकलकर उनके पास आ गया और अंगूठे में डस लिया, जिससे हड़कंप मच गया।फिलहाल चिकित्सकों की निगरानी में वृद्धा का इलाज जारी है।

गीडा दिवस के ट्रेड शो से 'ब्रांड यूपी' को मिली मजबूती

जिला संवाददाता (vol)

गोरखपुर। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के 36वें स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों उद्घाटित तीन दिवसीय यूपी स्टेट ट्रेड शो के जरिये ब्रांड यूपी को और मजबूती मिलती दिखी। यहां प्रदेश के विभिन्न जिलों के ओडीओपी उत्पादों का शोकेस बरबस ही सबका ध्यान आकर्षित कर रहा है तो गीडा, गोरखपुर और आसपास के जिलों के उत्पाद भी उद्यमिता तथा नवाचार के क्षेत्र में बढ़ते पूर्वांचल के कदमों की गवाही दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप यूपी स्टेट ट्रेड शो का आयोजन गीडा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किया गया है। 1 दिसंबर तक चलने वाले इस ट्रेड शो में शनिवार को स्टालों पर जाकर सीएम ने उद्यमियों और नवाचरियों का उत्साह बढ़ाया। गोरखपुर ट्रेड शो में दो सौ स्टाल लगाए गए हैं। हर स्टाल अपनी कंपनी या संस्था के उत्पाद या सेवा का 'कंप्लीट शोकेस' नजर आता है। यहां इथेनॉल के बाई प्रोडक्ट से बना पशु आहार रसोई है तो सिद्धार्थनगर की ओडीओपी कालानमक चावल से बने बेकरी उत्पाद भी सबको लुभा रहे हैं। कपड़ों, जूतों और अन्य तरह के अपैरल हैं तो गीडा में बन रही प्लाई, कोल्ड ड्रिंक, पैकेजिंग आइटम्स के अलावा कई बड़े औद्योगिक समूहों के उत्पाद भी श्रृंखलाबद्ध तरीके से प्रदर्शित किए गए हैं। ओडीओपी के स्पेशल स्टाल पर गोरखपुर के टेराकोटा, मुरादाबाद के मेटल वेयर, कुशीनगर के बनाना फाइबर प्रोडक्ट्स, वाराणसी की गुलाबी मीनाकारी सहित कई जिलों के विशिष्ट उत्पाद अपनी खूबसूरती और अनूठेपन से सबक मन मोह ले रहे हैं। इन सबके बीच इन्वेस्ट यूपी व तमाम बैंकों और वित्तीय संस्थानों के स्टाल ऋण देने की जानकारी देने को तत्पर हैं। सूचना विभाग की तरफ से लगाई गई विकास प्रदर्शनी प्रदेश की प्रगति गाथा को खुबसूरती से संजोए हुए है।

विद्यार्थियों को जरूर दिखाएं ट्रेड शो : सीएम योगी

गोरखपुर ट्रेड शो का उद्घाटन और अवलोकन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर और इस अंचल के सभी लोगों से इस तीन दिवसीय आयोजन में आने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह ट्रेड शो इंजीनियरिंग कॉलेजों, विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक, आईटीआई के विद्यार्थियों को जरूर दिखाया जाना चाहिए। इससे विद्यार्थी अपने अंचल, प्रदेश में बन रहे उत्पादों और नवाचारों के बारे में अच्छे से जान सकेंगे।

युवक ने फांसी लगाकर जान दी

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम नगरियानाह में शनिवार को एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान 43 वर्षीय देवेंद्र पुत्र सुरेश चन्द्र के रूप में हुई है। परिजन अभी सदमे में हैं और आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। देवेंद्र ने अचानक घर के आंगन में लगे जाल में कपड़े का सहारा लेकर फांसी लगा ली। घरवालों ने जब उसे फंदे पर लटका देखा तो चीख-पुकार मच गई। परिवारजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही उपनिरीक्षक शुभम और कांस्टेबल आलोक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अ कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ई-निविदा सूचना संख्या 76/ECTC (L)/2025-26 अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-। टेक्निकल बिड एवं पार्ट-।। फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। 76 **कार्य का नामः-** 132/33 के.वी. उपकेन्द्र अटारी, मलिहाबाद (पी.एम. टेक्सटाईल पार्क) लखनऊ पर आवास निर्माण सम्बन्धी जानपदीय कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः-** रू. 57.14 लाख **कार्यावधिः-** 03 माह उक्त निविदा की Technical Bid एवं अन्य शर्ते तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवं http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 05.01.2026 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 06.01.2026 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ.प्र. एस.एल.डी.सी. परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।**

"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं"

(पत्रांक 3654 / दि. 28.11.2025)

संक्षेप

रसोई में एलपीजी रिसाव से लगी आग

गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। शहर के मोहल्ला उंची भुड में शुक्रवार शाम लगभग साढे चार बजे जितेन्द्र प्रसाद के घर स्थित रसोई में एलपीजी गैस के रिसाव से आग लग गई। अचानक उठी लपटों से घर में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर की यूनिट मौके पर पहुंची और तत्परता से कार्रवाई कर आग पर काबू पा लिया। फायर कर्मियों की समयसीमा में पहुंच और त्वरित प्रयास से आग किसी अन्य हिस्से में नहीं फैल सकी। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। बचाव कार्य के बाद फायर यूनिट ने स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा संबंधी जानकारी भी दी।

नीलकण्ठ मैदान में गौ कथा का समापन कल

गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। नीलकण्ठ मैदान स्थित शिव मंदिर परिसर में चल रहे गौ सेवा कार्यक्रम का समापन आज होगा। जिला गोला, अवध प्रांत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित इस आध्यात्मिक आयोजन में गौ कथा के अंतिम दिवस और भंडारे का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजकों ने बताया कि नगर और आसपास के क्षेत्रवासियों को सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित होकर समापन दिवस का लाभ लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। गौ कथा सुबह 8 से 10 बजे तक आयोजित होगी, जिसके बाद 10 से 12 बजेह्ल्ल तक भंडारा किया जाएगा और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। जिला सह संयोजक सौरभ सिंह चैहान ने कहा कि गौ सेवा को समर्पित यह आयोजन सामाजिक और आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कई घायल

गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने पांच की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के लालनगंज गांव निवासी 35 वर्षीय सलमा पत्नी नदीम, सात वर्षीय अयान पुत्र नईम, 30 वर्षीय नईम पुत्र जहीरुल और 13 वर्षीय हसमत पुत्र नदीम सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। वहीं भवानीगंज गांव निवासी 51 वर्षीय राजकुमार सिंह पुत्र मुंशी सिंह, हैदराबाद थाना क्षेत्र के सुजानपुर गांव निवासी 55 वर्षीय श्यामू पुत्र देवी प्रसाद तथा थाना फरधान क्षेत्र के पिपरावा गांव निवासी 50 वर्षीय राजेश मिश्रा पुत्र नरेंद्र मिश्रा भी अलग-अलग दुर्घटनाओं में गंभीर घायल हुए। डॉक्टरों ने बताया कि अयान, नईम, हसमत, राजकुमार सिंह और श्यामू की हालत चिंताजनक होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। शेष घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

सीडीओ ने धान क्रय केंद्रों व सहकारी समितियों का किया निरीक्षण

धान खरीद से लेकर उर्वरक वितरण तक व्यवस्था पर कसा शिकंजा

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। जिले में धान खरीद एवं उर्वरक वितरण व्यवस्था की स्थिति जानने के उद्देश्य से सीडीओ अभिषेक कुमार ने शनिवार को व्यापक सत्यापन अभियान संचालित कराया। उन्होंने जनपदीय अधिकारियों की टीम लगाकर जिलेभर के धान क्रय केंद्रों और सहकारी समितियों का फील्ड वेरिफिकेशन कराया। इसी क्रम में सीडीओ अभिषेक कुमार ने प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धारवे के साथ कृषि उत्पादन मंडी समिति, राजापुर में स्थापित धान क्रय केंद्रों पर औचक पहुँचे। उन्होंने किसानों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की जमीनी पड़ताल की और मौजूद किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएँ जानीं। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने तौल मशीन व नमी मापक यंत्र की कार्यशीलता जांची। एक केंद्र पर डस्टर का मोटर खराब मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए उसे तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए। मंडी में मौजूद

- सीडीओ का फील्ड रिव्यू ड्राइव कई कमियां पकड़ीं, अफसरों को फटकार

मितौली क्षेत्र से आए एक किसान से बातचीत के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मितौली क्रय केंद्र पर खरीद की गति धीमी है, जिसके कारण किसान मंडी में धान बेचने आया। इस पर सीडीओ ने मितौली क्रय केंद्र पर खरीद प्रक्रिया को तेज करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

लखपेड़ागंज समिति में स्टॉक होते हुए भी वितरण ठप, लगाई फटकार

इसके बाद सीडीओ अभिषेक कुमार सीधे बी-पैक्स सहकारी समिति लखपेड़ागंज पहुंचे। यहां उन्होंने उर्वरक वितरण की वास्तविक स्थिति जानी और अभिलेखों की जांच की। निरीक्षण में पाया कि समिति पर उर्वरक का स्टॉक उपलब्ध है, लेकिन ई-पास मशीन में स्टॉक फीड न होने के कारण वितरण प्रभावित हो रहा है। इस पर सीडीओ ने सहायक आयुक्त एवं निबंधक (सहकारिता) को तत्काल निर्देशित किया कि ई-पास मशीन में स्टॉक की फीडिंग करवाकर उर्वरक का नियमानुसार समय से वितरण सुनिश्चित कराया जाए।

तेज करें तौल और 48 घंटे में भुगतान सुनिश्चित हो : सीडीओ

सीडीओ ने डिप्टी आरएमओ और एआरसीएस को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी धान क्रय केंद्र नियमित समय पर खुलें और अधिकारी स्वयं प्रतिदिन कम-से-कम पाँच केंद्रों का भ्रमण करें। सीडीओ ने तौल प्रक्रिया में आ रही सुस्ती पर भी सख्त रुख अपनाया। केंद्रों पर तौल बढ़ाने हेतु पर्याप्त कार्मिक लगाए जाएँ, ताकि तौल की गति बढ़ सके और किसानों को देरी न झेलनी पड़े। साथ ही उन्होंने कहा कि बैंकों से समन्वय कर 48 घंटे के भीतर किसानों का भुगतान हर हाल में सुनिश्चित कराया जाए। उधर, जनपदीय अधिकारियों द्वारा किए गए भ्रमण में जो कमियाँ सामने आईं, उन्हें लेकर भी सीडीओ गंभीर दिखाई दिए। उन्होंने एआर कॉपरेटिव से तत्काल विस्तृत रिपोर्ट तलब की।

थाना खमरिया पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोर सक्रिय, चोरियों का ग्राफ बढ़ा

ईसानगर खीरी। थाना खमरिया क्षेत्र में चोरी की घटनाएँ थमने का नाम नहीं ले रही हैं। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीण दहशत में हैं, जबकि जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की निष्क्रियता पर सवाल उठने लगे हैं। चोर बेखौफ होकर रोजाना किसी न किसी घर, दुकान या खेत को निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला खमरिया क्षेत्र के ग्राम रोटिहा ग्राम पंचायत खमरिया खुर्द का सामने आया है, जहां के निवासी संदीप कुमार पुत्र राजेश कुमार के द्वारा दी गई तहरीर पर पता चला कि 28 नवम्बर 2025 की रात अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर धूमधड़क्का कर ताला तोड़ दिया। चोर 9,500 रुपये नकद, जेवर में तीन लॉकेट का सोने का माला, व एक सोने की अंगूठी चोर उठा ले गए। पीड़ित ने बताया कि चोरों की गतिविधि इतनी तेज थी कि शोर सुनते ही वे मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस को सूचना तो दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि रात्रि गश्त कमजोर होने के कारण चोरों के हौसले बढ़ रहे हैं। चोरी की बढ़ती वारदातों को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन को सख्त कदम उठाने की जरूरत है, साथ ही क्षेत्र में गश्त बढ़ाने एवं संदिग्ध लोगों पर निगरानी जरूरी है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है कि घटना की निष्पक्ष जांच कर चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, जिससे क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर रोक लग सके।

पहले माल पकड़ा गया था, अब मेडिकल एजेंसी पर बड़ी कार्रवाई

गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। क्षेत्र में नकली, नशीली और कोडीनयुक्त प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए औषधि सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। सिनेमा रोड स्थित पीयूष मेडिकल एजेंसी पर छापे में पहले प्रतिबंधित दवाओं की बड़ी खेप पकड़ी गई थी। अब मामले की जांच पूरी होने के बाद विभाग ने फर्म संचालक के खिलाफ आधिकारिक कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया है।

लखनऊ मंडल कार्यालय से आई संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट के आधार पर औषधि निरीक्षक लखीमपुर-खीरी को विशेष जांच के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद औषधि निरीक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह और लखनऊ अलीगंज के औषधि निरीक्षक की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने 11 नवम्बर को फर्म पर औचक छापा मारा था, जिसमें बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित, नशीली और नियंत्रित श्रेणी की दवाएँ बरामद हुई थीं। इनमें प्यूरोक्सोविन स्पैस कैप्सूल और कोडीवा कफ सिरप जैसी

प्रतिबंधित दवा भंडारण का मामला

दवाएँ शामिल थीं, जिनका भंडारण विशेष लाइसेंस के बिना पूरी तरह अवैध है। बरामद दवाओं की मात्रा और मूल्य काफी अधिक बताया जा रहा है। जांच के दौरान फर्म संचालक सरोज कुमार मिश्रा न तो किसी दवा का बिल दिखा सके, न स्टॉक रजिस्टर और न ही बिक्री से संबंधित कोई आवश्यक दस्तावेज। कई दवाएँ बिना लाइसेंस, बिना बिल और बिना किसी वैध अनुमोदन के मिलीं, जो अवैध दवा व्यापार की ओर स्पष्ट संकेत करती हैं। इन सभी गंभीर अनियमितताओं के आधार पर औषधि निरीक्षक ने फर्म संचालक के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें नशीली एवं कोडीनयुक्त दवाओं के अवैध उपयोग हेतु उपलब्ध कराने, नकली/मानक-विहीन दवा भंडारण और दवा अधिनियम के उल्लंघन जैसे आरोप लगाए गए हैं। बरामद दवाओं के नमूने परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं। विभाग का कहना है कि यदि दवाएँ नकली या मानक-विहीन पाई गईं तो कठोर धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें लाइसेंस निरस्तीकरण और दंडात्मक कार्रवाई शामिल है। इस छापेमारी और मुकदमा दर्ज होने के बाद शहर व आसपास के मेडिकल व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में इसी तरह की और भी कार्रवाई की जाएगी और संदिग्ध फर्मों को पहले से ही निगरानी में रखा गया है।

ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। नगर की एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट, मानसिक प्रताड़ना और जान से मारने का प्रयास करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। मोहल्ला नीची भूड निवासी पीड़िता शहरीन पुत्र खिल्लन खां ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहाहै कि उसक विवाह 23 फरवरी 2025 को गनेशपुर कोठी निवासी शाहरुख खान के साथ हुई थी। पीड़िता का कहना है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। जबरन अतिरिक्त दहेज मांगने पर असहमति जताने पर उसके साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न शुरू कर दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि पति शाहरुख खान, ससुर फारुख खान, सास सबीना, ननद सूमी तथा देवर सलमान लगातार दहेज की मांग करते हुए उसके साथ अभद्रता और मारपीट करते थे। पीड़िता ने बताया कि दहेज न देने पर उसे कई बार धमकी दी गई कि यदि अतिरिक्त दहेज नहीं मिला तो जान से मार दिया जाएगा। पीड़िता ने बताया कि 10 अक्टूबर 2025 को जब वह घर के काम में लगी थी, तभी सभी आरोपितों ने मिलकर उसे बुरी तरह मारा-पीटा। उसके कपड़े फाड़ दिए और गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद उसका पति एक जोडी कपडे में मायके छोड गया और धमकाया गया कि दहेज की पूर्ति न होने पर उसे जान से मार दिया जाएगा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि लंबे समय से चल रहे उत्पीड़न के कारण उसका जीवन खतरे में पड़ गया है।

पुरानी रंजिश में युवक पर हमला

गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। क्षेत्र में एक युवक पर पुरानी रंजिश को लेकर धारदार हथियार से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कई आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कुन्धवा निवासी अमन पुत्र जीवनलाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गुरूवार की शाम करीब चार बजे वह घर के बाहर मौजूद था। तभी विपक्षी छंगा, अनिल, विन्देश्वरी, व मनीष आदि पहुंचे और पुरानी रंजिश मानते हुए उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

नगर व्यापार मंडल ने विद्युत रोस्टिंग का समय बदलने हेतु एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पलियाकलां खीरी। नगर व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं व्यापारियों ने उप जिला अधिकारी को रोस्टिंग का समय बदलने के लिए ज्ञापन में लिखा है कि अवगत कराना चाहते हैं कि विद्युत विभाग द्वारा प्रतिदिन सुबह 6.00 बजे से 7.30

तक की विद्युत रोस्टिंग की वजह से बच्चों की पढ़ाई एवं रोजमर्रा के कार्य करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में बच्चों की परीक्षा भी शुरू होने वाली है, जिससे उनको काफी परेशानी हो रही है। साथ ही साथ, घरेलू कामकाज में महिलाओं को विद्युत कटौती से पानी की सप्लाई न मिल पाने एवं बच्चों को स्कूल भेजने में काफी दिक्कतें हो रही हैं। आपसे निवेदन है कि सुबह की विद्युत रोस्टिंग को दोपहर अथवा दोपहर के बाद करवाए जाने निर्देश विद्युत विभाग पलिया कलाँ के अधिकारियों को निर्देश देने का कष्ट करें। ताकि बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कामकाज में सुविधा होगी। जिस हेतु विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया जाना व्यापक जनहित में आवश्यक व उचित सुबह की विद्युत रोस्टिंग को दोपहर के बाद करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वाल में नगर व्यापार मण्डल-पलिया के अध्यक्ष गौरव गुप्ता कोषाध्यक्ष श्यामानंद एवं महामंत्री जसवीर फ्लोरा तथा राजेश गुप्ता, देवेंद्र अरोड़ा, सुखविंदर सिंह सहित अनेक व्यापारी गण शामिल रहे।

तहसील परिसर के शौचालयों की गंदगी पर डाला ताला

गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। तहसील परिसर में लंबे समय से बने लगभग पांच से छह शौचालयों में लगातार गंदगी, टूट-फूट और अव्यवस्था की शिकायतें मिलने पर एसडीएम ने शनिवार को सभी शौचालयों पर ताला लगवाकर कार्रवाई की।

हालांकि इस कदम के बाद वादकारियों और वकीलों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इससे आम लोगों को भारी असुविधा हो रही है। सेंट्रल बार एसोसिएशन के मंत्री अनूप वर्मा ने कहा कि तहसील में रोजाना सैकड़ों महिला-पुरुष वादकारी आते हैं। ऐसे में परिसर के शौचालय बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गंदगी दूर कर सफाई व्यवस्था सुधारना प्रशासन की जिम्मेदारी है, न कि शौचालय बंद कर देना। वादकारियों ने भी बताया कि तहसील परिसर में पहले से ही मूलभूत सुविधाओं की कमी है। ऐसे में शौचालय बंद होने से स्थिति और अधिक कठिन हो गई है। लोगों ने मांग की कि सफाई व्यवस्था को मजबूत कर शौचालय तुरंत खोल दिए जाएं। इस पूरे मामले में एसडीएम प्रतिक्षा त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि तहसील के अंदर बने शौचालय अत्यंत जर्जर स्थिति में थे। टोटियां टूटी थीं, गंदगी का अंबार लगा था और डीएम के निर्देश पर इनकी मरम्मत कराई जानी है। इसी कारण शौचालय अस्थायी रूप से बंद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि दूसरी मंजिल पर बंद पड़े शौचालयों को खोल दिया गया है, ताकि वादकारियों और कर्मचारियों को राहत मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं के लिए सेंट्रल बार परिसर में चार से पांच शौचालय पहले से मौजूद हैं और वे अच्छी स्थिति में हैं, जिनका उपयोग अधिवक्तागण कर रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची बिजली बिल राहत योजना की जानकारी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। प्रदेश सरकार की बिजली बिल राहत योजना 2025 की

जानकारी शनिवार को ग्रामीण क्षेत्रों में दी गई। बिजली विभाग की टीम ने ग्रामीणों को बताया कि इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिलों पर छूट मिलेगी और अतिरिक्त अधिभार माफ किया जाएगा।

योजना के अनुसार 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक उपभोक्ताओं को चरणबद्ध तरीके से 100 प्रतिशत अधिभार में छूट मिलेगी। मीटरयुक्त और अमीटर दोनों तरह के उपभोक्ताओं को बकाया जमा करने पर विशेष रियायतें भी दी जाएंगी। इस योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बकाया बिलों के बोझ से राहत देना और लोगों को समय पर बिल जमा करने के लिए प्रोत्साहित करना है। बिजली विभाग की टीम ने ग्रामीणों को बताया कि वे निर्धारित तारीखों के भीतर बकाया जमा करके इस योजना का पूरा लाभ उठा सकते हैं। साथ ही कंपाउंडिंग शुल्क, अधिभार माफी, बिल संशोधन और ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में गांट साहबगंज के प्रधान सुदेश कुमार, प्रधान हिम्मतपुर कामेश्वर यादव और प्रधान नरेंद्र कुमार पोखानापुर उपस्थित रहे।

गन्ना भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से किसान की दबकर मौत

मोहम्मदी खीरी। गांव बरखेरा में ट्रैक्टर पलट जाने से चालक नीचे दब गया जिससे चीख पुकार मच गई आनंन-फानन में प्राइवेट वाहन से मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया है। घटना की खबर लगते ही घर में कोहराम मच गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के अनुसार गांव बरखेरा निवासी शिववीर 32 वर्षीय पुत्र रामपाल शनिवार शाम 5 बजे करीब अपने ट्रैक्टर ट्राली में गन्ना भरकर चीनी मिल के क्रय

केंद्र पर तुलवाने के लिए खेत से जा रहा था गांव के बाहर पहुंचते ही ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गया जिसके नीचे दब जाने से चीख पुकार मच गई घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण दौड़ पड़े और उन्होंने आनन-फानन में चालक को सकुशल बचाने को कड़ी मशक्कत कर बाहर निकाला और उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया घटना की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया मृतक अपने पीछे पत्नी फुला और डेढ़ वर्ष के एक पुत्र को रोते बिलखते छोड़ गया है। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

308 दिव्यांग बच्चों को विधायक ने बांटे उपकरण

धौरहरा खीरी। धौरहरा बीआरसी पर आयोजित समग्र शिक्षा अभियान एवं पीएम श्री योजना के तहत एल एम को कानपुर के सहयोग से आयोजित अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के लिए उपकरण वितरण कार्यक्रम के अतंर्गत विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने कुल 308 दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण किए जिसमें 51 व्हीलचेयर, 95 ट्राईसाईकिल 38 बड़ी ट्राईसाईकिल, टीएल एम किट्स 7 सहित श्रवण सहित उपकरण सामिल थे। इस मौके पर विधायक विनोद शंकर अवस्थी, बीईओ आशीष पांडे, रेनू श्रीवास्तव जिला संमन्यवक, शिक्षक संघ अध्यक्ष शौरभ मिश्रा, गोपाल शंकर अवस्थी, युवराज शर्मा, ओमनरायन शास्त्री आदि मौजूद रहे।

पुलिस के समझाने पर परिजनों ने किया सुरेश का अंतिम संस्कार

धौरहरा खीरी। कोतवाली पुलिस ने ग्राम माधौपुरवा निवासी सुरेश वर्मा को हत्या के आरोप में गुरुवार को जेल भेजा वहां शुक्रवार अल सुबह करीब 4 बजे फांसी लगाने से हुई मौत से भड़के परिजन व ग्रामीणों ने शुक्रवार को कोतवाली घेराव करने व पोस्टमार्टम से शव वापस आने के दौरान परिजनों व ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया।

इस दौरान पूरा गांव पुलिस व पी ए सी के साये में तब्दील रहा। दूसरे दिन परिजन पुलिस प्रशासन के समझाने से अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए इसी दौरान चिता पर लेटे सुरेश की लाश देखने पर परिजनों ने नाखून फूटे व शरीर पर निशान बने होने से पुनः भड़क गए। तब परिजन दुबारा पोस्टमार्टम व फोरंसिक टीम से जांच कराने की मांग करने लगे। हालांकि थोड़ी देर बाद मौके से पुलिस प्रशासन के हटने पर परिजनो ने अंतिम संस्कार कर दिया। अंतिम संस्कार होने से मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। सूत्रों के अनुसार शनिवार सुबह भड़के ग्रामीणों ने शव पर चोट के निशान व नाखून फटने से भड़क गए। पुलिस के समझाने मनाने के बाद आखिरकार परिजनों व ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार किया। शनिवार को अंतिम संस्कार के समय क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह, खीरी थाना प्रभारी निराला तिवारी, खमरिया ओपी राय, फूलबेहड़ संतोष कुमार सिंह, ईसानगर निर्मल तिवारी व पीएसी बल तैनात रहा।

एडीएम ने मितौली में परखी एसआईआर की रफ्तार, टीम को दिया जोश भरने वाला मंत्र

लखीमपुर खीरी। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की रफ्तार बढ़ाने के लिए प्रशासन अब मैदान में उतर आया है। शनिवार को डिप्टी डीईओ/एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह अचानक तहसील मितौली पहुँचे और वहाँ चल रहे एसआईआर कार्यों की बारीकी से पड़ताल की। बीएलओ द्वारा किए जा रहे गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) मधुसूदन गुप्ता को जरूरी दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने न सिर्फ प्रगति रिपोर्ट देखी बल्कि पूरे स्टाफ से आमने-सामने बात कर काम की वास्तविक स्थिति जानी। उन्होंने टीम को सख्त लहजे में लेकिन प्रेरक अंदाज में साफ कहा कि जोश बनाए रखिए, काम की रफ्तार धीमी नहीं पड़नी चाहिएङ्ख लक्ष्य समय पर हर हाल में पूरा होना चाहिए। मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने एडीएम के शब्दों से उत्साहित महसूस किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने बीएलओ से एक-एक विवरण की जानकारी ली और निर्देश दिए कि प्रपत्रों की एंट्री शत-प्रतिशत सही हो, किसी भी स्तर पर लापरवाही न मिले। उन्होंने डिजिटाइजेशन कार्य की गति बढ़ाने और गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

मण्डलायुक्त ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान की समीक्षा कर प्रगति के बारे में ली जानकारी

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश की अध्यक्षता में संयुक्त आयुक्त उद्योग विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर, मण्डल के तीनों जनपदों के उपायुक्त उद्योग एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक तथा सभी बैंको के क्षेत्रीय प्रमुखों के साथ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान की समीक्षा आयुक्त कार्यालय सभागार आहूत की गयी।

आयुक्त द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की बैंकवार समीक्षा में एक्सिस बैंक, बैंक आफ बड़ौदा, एचडीएफसी बैंक, इण्डियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, भारतीय स्टेट बैंक तथा यूनियन बैंक आफ इण्डिया के प्रमुखो को स्वीकृत, वितरण आवदनों की अपेक्षा अधिक आवेदन निरस्त करने एवं बैंक स्तर पर अधिक मात्रा में आवेदन लम्बित होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि आवेदन निरस्त करने के पूर्व एक बार सम्बन्धित उपायुक्त को किन कमियों के कारण आवेदन निरस्त किया जा रहा है, से अवगत करायें। मण्डलायुक्त द्वारा कुछ बैंको जैसे यूको बैंक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक आदि द्वारा समयान्तर्गत आवेदनों को स्वीकृत, वितरण कराने पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा अन्य बैंको के क्षेत्रीय प्रमुखो को निर्देशित किया गया कि जितने भी आवेदन वितरण हेतु लम्बित है उनका तत्काल वितरण करा दिया जाये तथा जो आवेदन स्वीकृत हेतु लम्बित है उनका निस्तारण दो सप्ताह में करा दिया जाये। मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर द्वारा विकास भवन एवं जिला उद्योग में एक रिड्रेशल सेल बनाने का सुझाव दिया एवं बैंक को कोई भी आवेदन निरस्त करने के पूर्व इस सेल को सूचित करें यदि तीन दिन में समस्या का निवारण नही होता है तो उसके उपरान्त आवेदन निरस्त करें। वर्चुअल रूप से जुड़े मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र द्वारा कम से कम आवेदन निरस्त करने व केवल ठोस आधार पर ही आवेदन निरस्त करने का सुझाव दिया गया। वर्चुअल रूप से जुड़े मुख्य विकास अधिकारी भदोही द्वारा भी बैंक को लम्बित आवेदन पत्रों को समयान्तर्गत स्वीकृत, वितरण कराने की अपेक्षा की गयी। मण्डलायुक्त ने तीनों जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी को प्रत्येक सप्ताह मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा अपने स्तर से करने के निर्देश दिया। संयुक्त आयुक्त उद्योग, विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर द्वारा सभी बैंको के क्षेत्रीय प्रमुखों को अवगत कराया गया कि प्रत्येक बैंक शाखा को माह में कम से कम दो आवेदन पत्र स्वीकृत, वितरण कराना अनिवार्य है। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर विशाल कुमार एवं जूम एप के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र जागृति अवस्थी, भदोही बालगोविन्द शुक्ला तथा आयुक्त कार्यालय सभागार मे संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, संयुक्त आयुक्त उद्योग विरेन्द्र कुमार, तीनों जनपदों के उपायुक्त उद्योग सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व बैंकों के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

संक्षेप

दो भाइयों को पीटकर किया लहूलहुहान

जौनपुर । मड़ियाहू कोतवाली क्षेत्र के वाराणसी रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार की सुबह जाम के दौरान पीछे से गाड़ी में धक्का जाने पर मामूली विवाद को लेकर दो लोगों को पीटकर गंभीर घायल कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी ले जाकर इलाज करवा रही है। मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के दिलावरपुर गांव निवासी गणेश कुमार सेठ पुत्र श्री राम सेठ पूर्वान्ह 10 बजे होन्डा साइन मोटरसाइकिल से जंगीगंज बाजार आभूषण की दुकान खोलने के लिए जा रहे थे, वाराणसी रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर जाम लगने के कारण वह धीरे-धीरे बाईक निकाल रहे थे कि सामने वाले बाइक सवार की गाड़ी में गणेश कुमार सेठ की बाइक से मामूली धक्का लग गया। आरोप है कि तीन-चार की संख्या में युवकों ने आभूषण व्यवसायी की ईट पत्थरों से जमकर पिटाई कर दिया। घायल आभूषण व्यवसायी ने घायल होने की सूचना मोबाइल द्वारा घर पर दिया उनका बड़ा भाई सुधीर कुमार सेठ भी पहुंच कर बीच बचाव करने लगे। जिसके कारण मनबढ़ो ने उनकी भी जमकर पिटाई कर दिया। पिटाई से दोनों को गंभीर चोटे आई है। दबंगई और मारपीट करने के कारण स्थानीय लोगों ने इकट्ठे होकर एक युवक को पकड़ लिया है। घटना की पुलिस को लोगों ने दिया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों और एक युवक को थाने ले गयीं।

बोर्ड बैठक में उड़ाई गयी शासनादेश की धज्जियां

जौनपुर। नगर पंचायत जफराबाद कार्यालय में मनमानी चरम सीमा पर है। नगर पंचायत जफराबाद के जिम्मेदार नियमों को ताक पर रख कर रहे काम ।ज्ञात हो कि बीते 28 नवंबरको नगर पंचायत में बोर्ड बैठक की आहूत की गई। बैठक का एजेंडा 24 घंटे से भी कम समय में सभासदों को जारी किया गया जो कि नियम के विरुद्ध है। बोर्ड बैठक कराने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष/ अधिशासी अधिकारी द्वारा एक सप्ताह पहले एजेंडा जारी किया जाता है। जिसकी तैयारी सभासदों द्वारा पूरा कर लिया जाता है किन्तु नगर पंचायत जफराबाद के जिम्मेदार अपनी मनमानी कर रहे हैं। अपने मन से बोर्ड बैठक करा कर अनाप शनाप कार्यों की पुष्टि करा ले रहे हैं। विरोध करने वाले सभासदों को बोर्ड बैठक की जानकारी कुछ घंटे पहले देकर अपने कोरम पूर्ण कर ले रहे हैं। बैठक में वार्ड नंबर 8 की सभासद, वार्ड नंबर 5 एवं वार्ड नंबर 10 के सभासदों ने बोर्ड बैठक में शामिल होने से इन्कार कर दिया ।नगर पंचायत जफराबाद अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी के द्वारा अपने पक्ष के सभासदों को लेकर मनमानी तरीके से बोर्ड बैठक कर शासनादेश की धज्जियां उड़ाई। जब भी किसी गलत कार्यों की पुष्टि करानी होती है तो अचानक तरीके से बोर्ड बैठक की आहूति की जाती है। जिससे आनन फानन में कार्य की पुष्टि करा सकें। और किसी का भी ध्यान उन कार्यों पर ना जाएं।

गलत नियत से घर में घुसे प्रधान के भाई की पिटाई

जौनपुर। रामपुर नगर पंचायत के में शुक्रवार की रात सकरा गांव के एक प्रधान के चचेरे भाई ने घर में घुसकर एक विवाहिता के साथ मुंह काला करने का प्रयास किया। घर में घुसकर मुंह काला करने का प्रयास कर रहे चचेरे भाई की सूचना जैसे ही ग्रामीणों को मिली घर पर पहुंच गए और चारों तरफ से मकान को घेर लिया जब किवाड़ खटखटाया गया तो अंदर से विवाहिता ने कहा कि कोई नहीं है लेकिन परिजनों ने दरवाजा खुलवाया और उसकी खोज करने लगे तो एक बड़ी सी लोहे की बाक्स का ताला हिल रहा था इसके बाद ग्रामीणों ने उसको खोला तो उसके अंदर प्रधान का चचेरा भाई बैठा मिला । ग्रामीणों ने उसकी पिटाई किया पिटाई किया जिससे सिर एवं अन्य हिस्सों में काफी चोटे लग गई। ग्रामीणों ने डायल 112 नंबर को सूचना देकर पुलिस को बुलाया। सूचना पर थाने की भी पुलिस पहुंच गई और आरोपी प्रधान के चचेरे भाई को थाने ले गई जहां पर काफी चोटे देखकर उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है।

पत्नी की निर्मम हत्या, पति गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। तरवां थाना क्षेत्र के महुआरी मठिया गांव में शुक्रवार की देर रात एक अत्यंत सनसनीखेज और हृदय विदारक घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। घरेलू विवाद के दौरान पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी, जबकि घर में मौजूद दंपति के तीन नाबालिग बच्चे पूरी घटना के दौरान सहमे हुए कमरे में कैद रहे और किसी भी प्रकार की मदद नहीं कर पाए। पड़ोस में शोर सुनाई देने के बावजूद कोई भी घर से बाहर नहीं निकला। घटना रात लगभग 12 बजे की है।

जानकारी के मुताबिक, सुनील यादव और सुनीता यादव (35) के बीच पहले से ही घरेलू कलह चल रही थी। शुक्रवार रात किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। मामला बढ़ा तो सुनील ने पत्नी को पीटना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि आवेश में आकर उसने पास में रखे एक धारदार पेंचकस से सुनीता के गले और शरीर के विभिन्न हिस्सों पर लगातार वार किए। चोटें इतनी गंभीर थीं कि सुनीता की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के समय पति-पत्नी के तीन बच्चे हर्ष यादव (16), अंशिका यादव (14), प्रिंस यादव (8) घर में ही मौजूद थे। माता-पिता का विवाद और बाद में हिंसक हमला देख बच्चे डर के मारे किसी तरह कमरे में सिमट गए। चीख-पुकार सुनकर भी आसपास के पड़ोसी अपने घरों से बाहर नहीं निकले, जिससे किसी तरह की तत्काल मदद नहीं हो सकी।

घटना के बाद होश संभालते हुए सबसे बड़े बेटे हर्ष ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तरवां पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पहुँचे और पूरी स्थिति का जायजा लिया। फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वायड ने घटनास्थल की गहन जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। शुरूआती जांच से स्पष्ट हुआ कि घटना अत्यंत क्रूरता के साथ अंजाम दी गई है।

एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी पति सुनील यादव को पुलिस ने मौके से ही हिरासत में ले लिया है। मृतका के मायके पक्ष की ओर से तहरीर मिलने पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुनील की खरिहानी बाजार में एक दुकान है और वह अक्सर पत्नी से घरेलू विवाद करता था। पुलिस अब घटना के पीछे के वास्तविक कारणों और संभावित पूर्व घटनाओं की भी जांच कर रही है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। तीनों बच्चे घर में बेसहारा और सदमे की स्थिति में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना घरेलू तनाव और क्रोध की चरम स्थिति का खौफनाक परिणाम है।

सिर पर लोहे से प्रहार कर दबंग हुए फरार

आजमगढ़। जनपद के सिधारी थाना क्षेत्र के गेलवारा गांव में बुधवार शाम करीब 5:30 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई जब स्कॉर्पियो गाड़ी से आए छह-सात दबंगों ने एक दुकानदार पर लोहे की रॉड, हॉकी, डंडे और लाठियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि सिर्फ गाली-गलौज का विरोध करने पर उन पर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित सूर्यनाथ तिवारी पुत्र स्वर्गीय रामबली तिवारी ने आरोप लगाया है कि वह अपनी दुकान के सामने खड़ा था तभी गांव का एक युवक अपने वाहन में पांच-छह लड़कों को लेकर आया और भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। सूर्यनाथ के सिर पर हाथ में ली लोहे की रॉड से जोरदार वार किया, जिससे वह मौके पर ही गिरकर बेहोश हो गए। हमलावरों ने हाथ-पैर पर भी कई वार किए। परिजनों ने आनन-फानन में सूर्यनाथ को निजी अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें थाने लाया गया। पीड़ित ने थाना सिधारी में तहरीर देकर एक नामजद सहित सभी अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

संविधान के कारण ही मिला समानता का अधिकार

आजमगढ़। न्यायालय अभिभाषक संघ आजमगढ़ के प्रांगण मे अधिवक्ता परिषद काशी आजमगढ़ द्वारा संविधान दिवस पर पखवारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका संचालन महामंत्री पीयूष राय व नीरज द्विवेदी ने किया। अध्यक्षता विनोद सिंह ने किया है। शुभारम्भ मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति पीके गिरी (उच्च न्यायालय इलाहाबाद) द्वारा मॉ सरस्वती एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति पीके गिरी ने संविधान दिवस के अवसर पर संविधान कैसे तैयार हुआ, कैसे हमें समानता का अधिकार मिला, संविधान से हमें क्या सीख मिली आदि के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त किया। संविधान के कारण ही आज प्रत्येक वर्ग के लोगों को समानता का अधिकार प्राप्त हुआ है। उन्होने कहा कि आजमगढ़ मेरी कर्मभूमि हैं, क्योंकि मैने आजमगढ़ से ही वकालत की शुरूआत की है। मुख्यवक्ता अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यप्रकाश राय, अधिवक्ता परिषद काशी प्रान्त के उपाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह व अन्य लोगों ने संविधान पर विचार रखे। सिविल कोर्ट बार के अध्यक्ष व मंत्री विरेन्द्र यादव व नीरज द्विवेदी व अधिवक्ता परिषद के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम मालवीय, व अधिवक्ता परिषद के अन्य सदस्यगण व पदाधिकारीगण मौजूद रहे है और मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का स्वागत व अभिनन्द किया। इस अवसर पर मुकेश कुमार सिंह न्यायाधीश (एमएसीटी) सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

हेड कॉन्स्टेबल अवैध गांजा बेचते रंगे हाथों पकड़ा गया

आजमगढ़। लालगंज थाना क्षेत्र में रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने एक हेड कॉन्स्टेबल को अवैध गांजा बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। मामला 28 नवंबर 2025 का है, जब उनि सुभाष तिवारी, प्रभारी चैकी लालगंज, पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि हाईवे मोड़, पकड़ी खुर्द रोड के पास एक व्यक्ति राहगीरों को अवैध गांजा बेच रहा है।

सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुँची और मुखबिर की निशानदेही पर संदिग्ध व्यक्ति को बिना किसी अवसर के पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान दीपक चैधरी पुत्र कृष्णा चैधरी, निवासी अशोक नगर कॉलोनी, दानियालपुर नक्कीघाट, थाना सारनाथ, वाराणसी के रूप में बताई। उसने स्वयं को डाक पैरोकार (मुख्य आरक्षी) के पद पर नियुक्त होना भी स्वीकार किया। क्षेत्राधिकारी लालगंज की उपस्थिति में तलाशी ली गई, जिसमें आरोपी के पास से एक पन्नी में रखी चार पुड़ियों में कुल 38 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। इलेक्ट्रॉनिक बाट से तौल कराने पर वजन 38 ग्राम ही पाया गया। पुलिस ने आरोपी को अपराध से अवगत कराते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में ले लिया। मामले की आगे की जांच जारी है।

महिला की मौत , चालक के विरुद्ध मुकदमा

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र के समोधपुर गांव के पास शुक्रवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में हुई महिला की मौत के मामले में पुलिस ने पिकप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बरचैली गांव निवासी बिन्दू (35) पत्नी सूर्यभान बाजार से घर लौट रही थी कि समोधपुर के पास पिकअप की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उपचार के लिए उसे स्थानीय सीएचसी ले गये जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अन्यत्र रेफर कर दिया ।परिजन उसे लेकर शाहगंज निजी अस्पताल गये जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी पिकअप चालक बच्चा के खिलाफ मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष यजुवेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस पीड़ित परिवार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

अघोश्वर के महानिर्वाण दिवस पर कंबल वितरण

जौनपुर । बाबा कीना राम अघोर शोध एंव सेवा संस्थान क्री कुंड वाराणसी अघोश्वर महा प्रभु राम के महा निर्वाण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत बदलापुर के भलुवाही गाँव दीपक जायसवाल के संयोजकत्व म बड़ी संख्या में गरीब और असहाय कंबल वितरण का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता अभय सिंह ने किया ।इस अवसर पर विभिन्न भक्तजनो के हाथो द्वारा जिनमे प्रमुख रूप से त्रिवेणी प्रसाद जायसवाल, जय कुमार, दिवाकर मिश्र, शेष नाथ यादव, अशोक गौतम सहित अन्य ने कंबल वितरण किया । गुड्डू प्रजापति, अखिलेश उपाध्याय, श्याम विश्वकर्मा राज कमल शर्मा, आदि मौजूद रहे है।

क्रासिंग पर पिकअप के धक्के से बूम टूटा

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के जौनपुर -केराकत मार्ग पर शनिवार को बन्द हो रहे बूम को एक पिकप ने टक्कर मार दिया हादसे में नूम फाउंडेशन सहित उखड़ गया। जिसके चलते मौके पर जाम की स्थिति रही ।कई घण्टे यातायात प्रभावित रहा।

ज्ञात हो कि इस रेलवे क्रासिंग से सैकड़ों वाहन प्रतिदिन आते जाते हैं। पूर्वान्ह 11 बजे जौनपुर से आ रही पिकप जल्दबाजी निकलने के चक्कर में बन्द हो रहे बूम को टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी को बूम टूट कर फाउंडेशन सहित उखड़ गया ।चालक पिकप लेकर भाग गया। बूम टूटने से क्रासिंग पर दोनो तरफ से वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्कूल के बच्चे इसमें परेशान हुए। लगभग आधे घण्टे बाद आरपीएफ चौकी प्रभारी प्रभुनारायण सिंह ने क्रासिंग पर वाहनों को थोड़ा थोड़ा करके पार कराया ।घटना के बाद फिलहाल स्लाइड बूम के सहारे वाहनों तथा ट्रेनों मालगाड़ियों को पास कराया जा रहा है ।चैकी प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि पिकप का पता लग चुका है ।चालक पर मुकदमा दर्ज कर उसकी खोजबीन की जा रही है ।स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि पिकप के टक्कर से टूटे बूम के कारण कई घण्टे से बूम के फाउंडेशन को बनवाया जा रहा है ।फिलहाल स्लाइड बूम के जरिये आरपीएफ के जवान ट्रेनों, मालगाड़ियों तथा नागरिक वाहनों को निकलवा कर आवागमन सुचारू किये।

मजदूरी न मिलने की शिकायत पर पहुंचे श्रम प्रवर्तन अधिकारी

मीरजापुर। मजदूरों की समस्या और बकाया मजदूरी को लेकर श्रम विभाग अलर्ट है, यह सतर्कता शनिवार को देखने को मिला जब निर्माण श्रमिक की बकाया मजदूरी न मिलने की शिकायत पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, विभागीय कर्मचारी गौतम कुशवाहा ने रामबाग स्थित रैदानी मैदान के निषेधित क्षेत्र में जांच करने पहुँचे। हालाकि समस्या का समाधान नही हुआ और श्रमिक की समस्या ज्यों की त्यों अभी बनी हुई है। बताते चले कि श्रमिक हरिमोहन पुत्र लाल बहादूर ने जहां अपने साथी मजदूरों को लेकर काम किया है वह क्षेत्र नये भवन निर्माण के लिए एनजीटी के निर्देश पर प्रतिबंधित है चूकिं यह वह क्षेत्र है जो गंगा तट से 200 मीटर दायरे के अंदर है लेकिन स्थानीय पुलिस और प्राधिकरण की मिली भगत से इस क्षेत्र में लगातार भवन निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं।

ज्ञात हो कि इस प्रकार के अवैध निर्माण कि शिकायत के चलते जिले के प्रभारी मंत्री नन्द कुमार नन्दी के निर्देश पर शहर कोतवाल को अन्यत्र स्थानंतरण होना पड़ा। यहां यह भी बतायना आवश्यक है कि कुछ दिन पूर्व बीते 28 अक्टूॅबर को प्राधिकरण व पुलिस टीम ने अस्पताल चौकी पर दो भवन स्वामियों सहित लगभग आधा दर्जन से अधीक निर्माण श्रमिकों पर बिठाया लेकिन कार्यवाही के नाम पर मामला शुन्य रहा जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मिजार्पुर विकास प्राधिकरण की क्या स्थिति है। हालाकि आज का मामला मजदूरी से है और भवन निर्माण मामले में श्रम विभाग का भी महत्वपूर्ण भूमिका है लेकिन श्रम विभाग भी अपने निजी स्वार्थ को लेकर चर्चे में है और पूर्व की मजदूर द्वारा की गयी शिकायत पर जांच के नाम पर खानापूर्ति की गयी जिसका उदाहरण अमरजीत प्रकरण है जहां एक वर्ष से अधीक बीत जाने पर मजदूर को उसकी मजदूरी नही मिली।

हरिमोहन की तरफ से रू0. 19 हजार बकाया मजदूरी कि शिकायत मिली है जिसकी जांच करने आये हैं मौके पर भवन स्वामी दिनेश कसेरा के न मिलने पर टेलिफोनिक वार्ता हुई और शिकायत से पूर्व की भांति अवगत कराया गया लेकिन भवन स्वामी द्वारा आनाकानी की जा रही है जिसपर दो दिन बाद कार्यालय बुलाया गया है मजदूरी न मिलने पर श्रमिक द्वारा पेमेन्ट ऑफ वेजेज का मुकदमा लगाया जा सकता है।

मंगल तिवारी महामंत्री, मिजार्पुर असंगठित कामगार यूनियन ने बताया कि मजदूरी बकाया को लेकर श्रम प्रर्वतन अधिकारी आज यहां रैदानी मैदान जांच करने पहुँचे है लेकिन भवन स्वामी की अनुपस्थिति के चलते दो दिन बाद कार्यालय में बुलवाया गया है यदि श्रमिक को मजदूरी नही मिली तो श्रम न्यायालय में वाद दाखिल कर बकाया मजदूरी वसुल की जायेगी।

अंजनी प्रजापति अध्यक्ष सतीश चुने गये सचिव

जौनपुर। जेसीआई के अध्यक्ष एवं सचिव का चुनाव नगर के एक होटल में चुनाव अधिकारी आशुतोष जायसवाल के निर्देशन व वर्तमान अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुआ। उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से अंजनी प्रजापति को 62वें अध्यक्ष व सतीश जायसवाल को सचिव पद पर चयनित किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ संस्था के सदस्य राज साहू के आस्था पाठ से हुआ ।इस दौरान पूर्व मण्डलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल, जोन अधिकारी डा. संदीप पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष क्रमशः संजय गुप्ता, डा. दिलीप सिंह ने चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया जिसके बाद चुनाव अधिकारी आशुतोष जायसवाल ने प्रक्रिया के नियमों को बताया। सभी पूर्व अध्यक्षों सहित सदस्यों की उपस्थिति में सदस्य अंजनी प्रजापति को एक वर्ष के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद हेतु चुना गया। साथ ही सचिव पद के लिये सतीश जायसवाल के नाम पर मुहर लगायी गयी। इसकी घोषणा वर्तमान अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव ने किया। नवचयनित अध्यक्ष श्री प्रजापति ने बताया कि जनपद की सबसे प्राचीन संस्था का अध्यक्ष होना गौरवपूर्ण है। संस्था के साथियों को साथ लेकर इस संस्था को नई ऊंचाई देने का प्रयास करूंगा। नवचयनित अध्यक्ष और सचिव का माल्यार्पण करके स्वागत किया। पूर्व मण्डल अध्यक्ष आलोक सेठ, पूर्व अध्यक्ष क्रमशः कृष्ण कुमार जायसवाल, राकेश जायसवाल, शशांक सिंह, कोषाध्यक्ष प्रशांत सिंह, राज साहू, भरत सेठ, ताहिर कादरी, अजयनाथ जायसवाल, राजकुमार जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ हुई सम्मानित

आजमगढ़। उप जिलाधिकारी न्यायिक/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा 344-गोपालपुर, ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में जारी विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य गतिगान है, जिसमें बीएलओ द्वारा 4 नवम्बर 2025 से 4 दिसम्बर 2025 तक घर-घर जाकर मतदाताओं गणना प्रपत्र भरे व संकलित किये जाने हैं। उक्त कार्य को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किये जाने हेतु विधान सभा के समस्त बीएलओ को पूर्व में निर्देश दिये गये थे। तत्क्रम में विधान सभा 344 गोपालपुर अन्तर्गत बूथ संख्या 26 कम्पोजिट वि नौबरार तुर्कचारा की बीएलओ कमलावती विश्वकर्मा आंगनवाड़ी, बूथ सं0 129 श्री नेहरू पूमावि ककरही दुलार खरगपुर कक्ष सं0-2 की बीएलओ रेखा देवी आंगनवाड़ी, बूथ सं0 140 कम्पोजिट वि0 इटौरा दयाल कक्ष सं0 1 की बीएलओ कुसुम देवी आंगनवाड़ी, बूथ सं0 200 प्रा0वि0 मन्दुरी कक्ष सं0 2 की बीएलओ उर्मिला शर्मा आंगनवाड़ी, बूथ सं0 226 प्रा0 वि0 खैरूद्दीनपुर कक्ष सं0 1 की बीएलओ रीना यादव आंगनवाड़ी, बूथ सं0 265 प्रा0वि0 गढ़चैबे की बीएलओ कुसुम यादव आंगनवाड़ी एवं बूथ सं0 268 कम्पोजिट विद्यालय वि0 भलुवाई कक्ष सं0 2 की बीएलओ कुसुम लता आंगनवाड़ी द्वारा अपने शत प्रतिशत गणना पत्रकों की अपलोडिंग के कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। इनके द्वारा उक्त कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए समयबद्ध तरीके से निर्वाचन कार्य पूर्ण किये जाने पर इन्हें शुभकामनाओं के साथ इनके उज्जवल भविष्य की कामना की जाती है।

मैजिक खाई में पलटी, मुर्गे लेकर भागे ग्रामीण

जौनपुर। एक मैजिक वाहन टायर फटने के कारण बेकाबू होकर 20 फीट गहरी खाई में पलट गया। वाहन में लदी मुर्गों की जालियां टूटने से सैकड़ों मुर्गे सड़क पर बिखर गए, जिन्हें मौके पर मौजूद ग्रामीण लूट ले गए ।बतातें है कि चंदवक क्षेत्र में वाराणसी-आजमगढ़ मार्ग पर गोमती पुल के पास शनिवार को मैजिक वाहन आजमगढ़ से मुगलसराय की ओर मुर्गे लेकर जा रहा था। वाहन में चालक अखिलेश गौतम तथा मुर्गा व्यवसायी अजीत सोनकर और विजय सोनकर सवार थे। हादसे में सभी लोग सुरक्षित बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गोमती पुल के पास अचानक वाहन का टायर फटते ही वह अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। पलटने के बाद जालियां टूट गईं और बड़ी संख्या में मुर्गे बाहर निकलकर भागने लगे। इतने में आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और उन्होंने मुर्गों को पकड़कर अपने घरों की ओर ले जाना शुरू कर दिया। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि ग्रामीणों ने उनके सैकड़ों मुर्गे लूट लिए। बाद में राहगीरों की मदद से कुछ मुर्गों को दोबारा जालियों में रखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और जेसीबी की मदद से क्षतिग्रस्त मैजिक वाहन को खाई से बाहर निकाला गया।

श्री श्री ठाकुर का जन्म महोत्सव 14 दिसम्बर को

जौनपुर। विगत वर्षों की निरन्तरता के क्रम में सत्संग विहार, कमला नगर, हुसैनाबाद के तत्ववाधान में 14 दिसम्बर को बीआरपी इण्टर कालेज मैदान में दिन रविवार को श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी का 138 वाँ जन्म महोत्सव समारोह अत्यन्त दिव्यता एवं भव्यता के साथ होगा। जिसमें विभिन्न प्रान्तों से आगत श्री श्री ठाकुर जी के परम अनुभवी, उत्कृष्ट एवं विद्वान साधकों द्वारा दिये जा रहे बहुमूल्य जीवनोपयोगी, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक व्याख्यानों को श्रवण करने का शुभ अवसर प्राप्त होगा। डा0 नीलेश श्रीवास्तव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर प्रातः 4:30 बजे से 5:30 बजे तक वेद मांगलिकी शहनाई, प्रातः 5 बजे से 5:30 बजे तक उषा कीर्तन, प्रभातफेरी एवं बाल भोग, 6:36 बजे से बजे से 8 बजे तक समवेत विनती प्रार्थना, धर्म ग्रन्थ पाठ, आठ बजेक अल्पाहार, साढ़े आठ से साढे 11 बजे तक शोभा यात्रा साढ़े11 बजे से साढ़े 12 बज तक मातृ सम्मेलन साढे 12 से ढाई बजे तक धर्म सभा तथा ढाई बजे से मेडिकल कैम्प आयोजित होगा। एसपीआई काली प्रसाद सिंह एडवोकेट ने जिले वासियों से इस महाउत्सव में शामिल होने की अपील किया है।

एसआईआर फार्म भरने में सहयोग करें व्यापारी

जौनपुर । व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन ने एसआई फॉर्म भरने में व्यापारियों को सहयोग करने के उद्देश्य से रविवार को जनपद के सभी सम्मानित व्यापारियों से चुनाव आयोग द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य में पूर्णतः सहयोग करने के उद्देश्य से बंदी का पूर्णतः लाभ उठाएं। जिलाध्यक्ष ने आह्वान करते हुए सभी सम्मानित व्यापारी बंधुओ से निवेदन किया कि जो लोग एसआईआर फॉर्म भर चुके हो वह लोग अपने पड़ोस के व्यापारियों को जागरूक करें और उनका फॉर्म भरने में अपना संपूर्ण सहयोग करें जिससे आने वाले समय में किसी भी व्यापारी को भविष्य में होने वाले असुविधाओं और परेशानी से बचाया जा सके। नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने व्यापारियों से आग्रह किया वह लोग रविवार को अपने प्रतिष्ठान को बंद कर एसआईआर महत्व को व्यापारियों को बताएं जिससे कोई भी व्यापारी फॉर्म भरने से छूट न जाए ।

खड़ी ट्रैक्टर में ट्रक की टक्कर, दो की मौत

मड़िहान, मीरजापुर। मिजार्पुर-सोनभद्र मार्ग स्थित भांवा के पास शुक्रवार की देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक बुजुर्ग की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। जब कि अस्पताल में इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। बताया गया कि सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली में अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मौके पर पहुंच कोहराम मच गया। ट्राली सवार घायलों को राजगढ़ में प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति नाजुक होने पर लोढ़ी अस्पताल सोनभद्र भेज दिया गया। घोरावल थाना क्षेत्र के सोतील गांव से एक ही परिवार तथा रिश्तेदार बधाव लेकर गए थे। लौटते समय भांवा बाजार के पास वाहन को लघुशंका के लिए रोका गया था। पीछे से तेज गति ट्रक ने ट्राली में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया, और ट्रैक्टर ट्राली में सवार लोग छिटककर नीचे गिर पड़े। 55 वर्षीय शंकर कोल ट्रक के नीचे कुचलकर मौत हो गई। घटना के बाद घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सोनभद्र अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में राधा (35), रंजना (28), प्रेमा देवी (50), रीमा (18), संदीप (15), भागमनी (60) और गोलू (20) शामिल हैं। संदीप की शनिवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। छह घायलों को हल्की चोट के कारण अस्पताल में इलाज कराया गया। राजगढ़ थाना अध्यक्ष दयाशंकर ओझा ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना से प्रभावित परिवारों में गहरा शोक है। मृतक शंकर कोल के परिजनों ने बताया कि वह अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। संदीप के पिता बाबूलाल कोल ने कहा, ह्लहमारा बच्चा अभी- अभी जीवन की शुरूआत कर रहा था, यह दर्द शब्दों में बयां नहीं कर सकते।

76 पाउच देशी शराब के साथ तीन गिरफ्तार

मड़िहान, मीरजापुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को उपनिरीक्षक रमेश प्रसाद पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ क्षेत्रान्तर्गत अलग-अलग स्थानों से प्रदीप कुमार जायसवाल पुत्र जय प्रकाश, रोशन जायसवाल पुत्र सत्यनारायण जायसवाल निवासीगण खटखरिया थाना राजगढ़ व सुजीत कुमार पुत्र प्रेमनाथ निवासी पतेरी थाना राजगढ़ को क्रमशः 25 पाउच, 26 पाउच व 25 पाउच (कुल 76 पाउच/200') ब्लू लाइम देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

संक्षेप

पूर्व राज्यमंत्री गोरख प्रसाद के निधन पर शोक

बरहज,देवरिया। देवरिया जिले के बरहज नगर निवासी और उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व राज्यमंत्री रहे गोरख प्रसाद निषाद का शुक्रवार की रात लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। बरहज सरयू नदी तट पर राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई दी गई। उनके छोटे पुत्र राकेश निषाद ने मुखाग्नि दी

गोरख प्रसाद निषाद का जन्म 15 जुलाई 1943 को बरहज में हुआ था। उनकी शुरूआती शिक्षा बरहज और फिर गोरखपुर में हुई। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने बाबा गया दास इंटर कॉलेज में अध्यापक के रूप में कार्य शुरू किया। बाद में वे जनसंघ से जुड़े और राजनीति में सक्रिय हो गए।आपातकाल के दौरान 1976 में उन्होंने विरोध किया जिसके चलते उन्हें लगभग दो महीने तक जेल में रहना पड़ा। भाजपा के गठन के बाद वे संगठन में सक्रिय रहे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य जोरों पर

जिला संवाददाता

देवरिया। विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक जोर-शोर से किया जा रहा है ।शहरी क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में यह कार्य काफी तेज गति से चल रहा है ।इसको लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है ।एक तरफ बी एल ओ अपने सहयोगियों के साथ सुबह से लेकर देर शासम तक बूथों पर रुककर

● विवाहिताओं और बाहर गए मतदाताओं को लेकर आ रही दिक्कत

कार्य निपटा रहे हैं वहीं मतदाता भी पहुचकर सहयोग कर रहे हैं । पुनरीक्षण कार्य मे बीएलओ का सहयोग ₹ साथी हाथ बढ़ाना --की तर्ज पर विद्यालय स्टाफ,आगनबाड़ी सहायिकाओं, पंचायत सहायक कोटेदार ,राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट और घरों के पढे लिखे छात्र / छात्राएं भी बढ़चढ़ के सहयोग करते दिखे जा रहे हैं ।पुनरीक्षण कार्य में लगे बीएलओ ने बताया है कि अभी तक केवल इसबीच आयी विवाह कर आई विवाहिताओं और नौकरी पेशा के लिए बाहर गए मतदाताओं के डिटेल मिलने में परेशानी और विलंब के अलावा और कोई समस्या सामने नहीं आ रही है।

पुनरीक्षण कार्य को नियत तिथि तक पूरा करने के लिए बीएलओ में होड़ सी दिख रही है। सुबह से लेकर देर शाम तक कार्य किया जा रहा है । इस कार्य मे मोबाइल फोन बड़ी भूमिका निभा रहे हैं ।दूर गए लोंगो से सूचनाएं इनके जरिए आसानी से और शीघ्र मिल पा रहीं है ।

अभी तक न केवल मतदाता फॉर्म वितरित किया जा चुका है बल्कि 60 से 70 प्रतिशत का डिजिटाइजेशन भी किया जा चुका है ।

देवरिया विधानसभा के बूथ संख्या 186 उच्च प्राथमिक विद्यालय बगहा मठिया की बीएलओ मनभावती देवी ,सहायक स्वाति सिंह ने बताया कि इस बूथ पर 1178 मतदाता हैं जिनमें से 660 का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है।प्रतिदिन 80 से 100 का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। इस कार्य में विद्यालय स्टाफ आंगनवाड़ी सहायिका, पंचायत सहायक, कोटेदार राजनीतिक दलों के बूथ एजेंट के अतिरिक्त गांव के पढ़े-लिखे छात्र, छात्राओं का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।मतदाता पुनरीक्षण को लेकर ग्रामीण भी काफी उत्साहित है ।और पुनरीक्षण कार्य पूर्ण करने को लेकर पूरे मनोयोग से लगे हैं ।

दुल्हन जेवर और नकदी लेकर फरार

रूदौली-अयोध्या। रुदौली कोतवाली क्षेत्र के सुजागंज चैकी अंतर्गत हयात नगर में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां 25 नवंबर को हुई शादी के महज तीसरे दिन ही दुल्हन अपने ससुराल से लाखों के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में चर्चा का बाजार गर्म है। जानकारी के मुताबिक मोहित शर्मा की शादी मिल्कीपुर तहसील के खंडासा थाना क्षेत्र की एक युवती से हुई थी। विवाह के बाद दुल्हन ससुराल हयात नगर पहुंची, लेकिन चैथे दिन सुबह जब घरवालों की नींद खुली तो दुल्हन गायब मिली। अलमारी में रखे जेवर, नकदी और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी उसके साथ लापता थे। घरवालों ने पहले आसपास तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।घटना को और चैंकाने वाला तब करार दिया गया जब घर में लगे सीसीटीवी कैमरे से पता चला कि दुल्हन सोची-समझी योजना के तहत देर रात सामान के साथ घर से निकल गई थी।

थाईलैंड से आए भंते और श्रद्धालुओं ने बुद्ध वंदना कर की कल्याण की कामना

कुशीनगर। बौद्ध धर्म तीर्थस्थल कुशीनगर में मंथाईलैंड से आए बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षु एवं श्रद्धालुओं ने तथागत बुद्ध का विशेष पूजन अर्चन कर विश्व कल्याण की कामना की ।वाट थाई बौद्ध विहार के प्रमुख भंते सोमपोंग के विशेष आमंत्रण पर भारत भ्रमण के लिए आए भंते और श्रद्धालुओं का दल भगवान बुद्ध के अंतिम स्थल सठियांव पहुंचा और बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष धम्म वंदना की और पावा नगर, कुशीनगर में बौद्ध धरोहरों का अवलोकन किया। परिसर में साधना की। दल बौद्ध धर्म के चार प्रमुख स्थलों लुम्बिनी, बोधगया, सारनाथ और कुशीनगर की यात्रा कर रहा है। इसके पश्चात यह दल मल्लुडीह स्थित कुकुट्था नदी घाट पर जहां बुद्ध ने जल ग्रहण किया था। पूजन अर्चन किया ।इस आध्यात्मिक यात्रा का उद्देश्य बौद्ध शिक्षाओं, करुणा और शांति के संदेश को विश्व स्तर पर और अधिक प्रसारित करना है ।इस अवसर पर महंत भंते सोमपोंग ने कहा कि कुशीनगर मात्र एक स्थान नहीं, बल्कि भगवान बुद्ध की अंतिम करुणा का संदेश देने वाला पवित्र तीर्थ है। दुनिया भर के बौद्ध अनुयायियों का यहां आना गर्व और शांति का प्रतीक है ।कुशीनगर के नागरिकों एवं स्थानीय प्रशासन ने इस अंतरराष्ट्रीय बौद्ध दल का स्वागत किया और यात्रा की सफलता की शुभकामनाएँ दी। इस दौरान भंते पी पविन, भंते पी नलोंग, पी अनुवत, ओम प्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड, गौतम शर्मा, सूरज यादव आदि मौजूद रहे।

उपनिरीक्षक ने मय फोर्स के साथ एटीएम बूथों और बैंकों के आसपास की चेकिंग

देवरिया। अभियान के तहत थाना बनकटा के उप-निरीक्षक श्री राघवेन्द्र सिंह मय पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले विभिन्न बैंकों और ए.टी.एम. के आसपास चेकिंग की गयी । अभियान में पुलिस ने विशेष ध्यान केंद्रित किया कि बैंक और ए.टी.एम. के आसपास किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधियाँ न हों ।इसके साथ ही बैंक परिसर में सुरक्षा गाड्र्स और सीसीटीवी कैमरे ठीक से कार्य कर रहे है ।इसी क्रम में अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले बैंको, ए.टी.एम. और ग्राहक सेवा केंद्रों के साथ-साथ पेट्रोल पंपों की चेकिंग की गई । अभियान में पुलिस ने विशेष ध्यान केंद्रित किया कि बैंक और ए.टी.एम. के आसपास किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधियाँ न हों । इसके साथ ही बैंक परिसर में सुरक्षा गाड्र्स और सीसीटीवी कैमरे ठीक से कार्य कर रहे है कि नहीं, इसकी भी चेकिंग की गयी।

आयुक्त ने एसआईआर का लिया जायजा, गति लाने के निर्देश

बांदा। आयुक्त अजीत कुमार ने शनिवार को तहसील बबेरू में एसआईआर का जायजा लिया। इस दौरान तहसील सभागार में करीब 60 कर्मचारी डिजिटाइजेशन कार्य करते मिले। एसडीएम ने आयुक्त को प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि अब तक डिजिटाइजेशन कार्य 52 प्रतिशत पूरा हो चुका है और टीम इसे कल तक 60 प्रतिशत तक पहुंचाने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है। आयुक्त ने प्रगति को गति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान दो बीएलओ के कार्यों का विशेष अवलोकन किया। इनकी प्रगति 18 एवं 20 प्रतिशत मिली। इस पर उन्होने असंतोष जताया और एसडीएम को निर्देश दिए कि सबसे कम प्रगति वाले बीएलओ की नियमित समीक्षा की जाए और जरूरत पर ऐसे बीएलओ के साथ अतिरिक्त कर्मचारी लगाए जाएं। इसके पश्चात उन्होने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 6 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इस पर आयुक्त ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण लेकर उनके विरूद्ध कार्रवाई करें। उन्होने स्पष्ट किया कि प्रशासन लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

विशेष किशोर पुलिस इकाई की समीक्षा बैठक सम्पन्न

जिला संवाददाता

देवरिया । पुलिस लाईन देवरिया के प्रेक्षागृह में विशेष किशोर पुलिस इकाई (एस0जे0पी0यू0) की मासिक समीक्षा बैठक माह नवंबर 2025 का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री संजय कुमार रेड्डी क्षेत्राधिकारी नगर के द्वारा किया गया ,बैठक का संचालन श्री जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के द्वारा बैठक मे उपस्थित सभी प्रतिभागियो से परिचय प्राप्त किया गया तथा बालकों के हित में नियमानुसार कार्य किये जाने हेतु बाल कल्याण पुलिस अधिकारीओ को निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैठक के मुख्य बिन्दु ह्लह्लबाल विवाह रोक थाम पर जागरूक किया गया ,बैठक में श्री अनिल कुमार सोनकर जिला परिवीक्षा अधिकारी के द्वारा बाल विवाह को रोकने के उपाय एवं सम्बंधित कानून के बारे में जानकारी दिया गया तथा जनपद देवरिया को बाल विवाह मुक्त जनपद बनाये जाने की दिशा में प्रयास किए जाने के सुझाव दिए गए ,बैठक में श्री जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी के द्वारा अपने संशोधन में बताया गया कि बाल विवाह प्रतेषेध अधिनियम 2006 की धारा 9 के अंतर्गत अगर कोई व्यक्ति ,18 वर्ष से कम उम्र की बालिका एवं 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह कराया

● बाल विवाह रोकने पर रह फोकस

जाता है तो उसे दो वर्ष की सजा एवं एक लाख रुपए जुमार्ना या दोनों सजा से दण्डित किए जाने का प्राविधान है, यह एक संज्ञेय तथा गैरजमानती कानून हैं ,इसकी रोकथाम हेतु सम्बन्धित विभागो को सजग रहने एवं ऐसी घटना की जानकारी होने पर चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, महिला हेल्प लाइन 181, आपातकालीन पुलिस हेल्प लाइन 112 एवं सम्बन्धित विभागो को अनिवार्य रूप से सूचना दिया जाना चाहिये। बैठक में डा0 वाई पी यादव ,उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित विषयो के बारे मे जानकारी दिया गया। बैठक मे श्री दिनेश कुमार श्रम प्रवर्तन अधिकारी के द्वारा श्रम कानूनों एवं श्रम विभाग से संबंधित योजनाओ के बारे मे जानकारी दिया गया बैठक में श्री ब्रजेश नाथ तिवारी सदस्य किशोर न्याय बोर्ड के द्वारा जे जे बोर्ड के बारे में जानकारी दिया, बैठक में श्री रामकृपाल प्रभारी अधीक्षक राजकीय बाल गृह बालक के द्वारा बच्चों के संरक्षण, पूर्नवाशन बाल गृह की संरचना एवं योजनाओं की जानकारी दिया गया,बैठक माननीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि श्री ओम प्रकाश तिवारी डिप्टी लिंगल डिफेन्स के द्वारा बाल विवाह अधिनियम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग एवं सम्बन्धित नियमो , कानूनो/प्राविधानो से अवगत कराया गया। जनपद के सभी थानों पर नामित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के द्वारा बैठक के माध्यम से प्राप्त जानकारी का अनुशरण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करें, बैठक में श्रीमति नीतू भारती प्रबन्धक वन स्टाप सेन्टर एवं सुश्री अनुराधा राज प्रभारी कोआर्डिनेटर चाइल्ड हेल्प लाइन देवरिया के द्वारा अपने से सम्बन्धित विषयो के बारे मे जानकारी दिया गया।

एसआईआर गणना फार्म के लिए लगाया कैंप

सोहावल-अयोध्या। एसआईआर गणना फॉर्म भरने में लोगों को आ रही दिक्कत को देखते हुए बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी हाजी फिरोज खान उर्फ गब्बर द्वारा रौनाही में एक विशाल सहायता कैंप का आयोजन विगत 15 दिनों से किया गया है। जो 4 दिसंबर तक जारी रहेगा।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पारस नाथ यादव , एस आई आर प्रक्रिया हेतु सोहावल ब्लाक के प्रभारी छेदी सिंह, समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं बीकापुर विधानसभा प्रभारी एजाज अहमद कैंप में पहुंच कर आवश्यक मार्गदर्शन के साथ साथ सहायता कैंप में लगे समाजवादी पार्टी के बीएलए का उत्साह वर्धन किया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल के निधन पर कांग्रेसियो ने शोक व्यक्त किया

देवरिया । कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में टाउन हॉल स्थित पार्टी कार्यालय में शनिवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के कानपुर से तीन बार सांसद रहे, केन्द्र में मंत्री रहे, प्रदेश अध्यक्ष रहे, श्रीप्रकाश जायसवाल कानपुर निवासी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता की शुक्रवार की रात निधन होने पर गहरा दुख जताया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन रहकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक जताने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, राधवेंद्र सिंह 'राकेश', धर्मेंद्र सिंह, रामजी गिरी,मुकुंद भास्कर मणि, आनन्ददेव गिरी चुन्नू ,जयदीप त्रिपाठी, वरुण राय, विनोद जायसवाल,भरत मणि, संजीव कुमार मिश्रा, चन्दन वर्मा,शिव शंकर सिंह, आलोक त्रिपाठी राजन, सुनील कुमार तिवारी, मनोज मणि, रामप्रवेश सिंह, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय,राजकुमार जायसवाल, आनन्द श्रीवास्तव सोनू,सुनील यादव, विनोद दुबे, नागेंद्र शुक्ला, विजय शंकर मिश्रा, सत्यप्रकाश मणि, डॉ.एस.के.पाठक, डॉ.राजीव राय,पन्नालाल पाठक, कमलेश मिश्रा, संदीप पाण्डेय, रमाशंकर यादव कांग्रेसी कार्यकताओं ने शोक संवेदना व्यक्त किया ।

बिना विवेक के रील बनाने से छात्रो के शैक्षणिक एकाग्रता में कमी

भटनी(देवरिया) ।बहादुर यादव मेमोरियल पी जी कालेज भटनी में एन सी सी के छात्रो ने छात्रो में जागरूकता लाने के लिए एक अनोखी पहल की गयी ।जिसमें कालेज परिसर में रील बनाने से होने वाले नुकसान विषय पर नुक्कड़ नाटक का प्रभावी मंचन किया गया ।जिससे उपस्थित छात्रो और उपस्थित लोगो को गहराई के साथ सोचने के लिए मजबूर कर दिया ।नुक्कड़ नाटक कैडेटस नितीश गुप्ता चन्दन गौतम प्रिया गुप्ता द्वारा किया गया शानदार प्रस्तुति को खुब प्रशंसा की गयी। 40कैडेटस जिसमें एस डी 28एसडब्लू 12 उपस्थित रहे ।

ज्ञातव्य है कि सोशल मीडिया का उपयोग समझदारी से करने रील वही बनाये जहाँ पढाई और पहचान सुरक्षित रहे का सन्देश देता है ।डिजिटल अनुशासन को बढावा देने की दिशा में कालेज के छात्रों की पहल काफी महत्वपूर्ण है ।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कालेज के प्राचार्य डाँ महेश कुमार गोंड ने कहा कि बिना विवेक के रील बनाने से छात्रो को शैक्षणिक एकाग्रता में कमी आती है ।जिससे शिक्षा मे रुझान न होकर रील बनने में हो जाता है ।साथ ही साइबर सुरक्षा का खतरा उत्पन्न हो जाता है ।अनावश्यक सामाजिक दबाव जैसे सामाजिक सद्भाव बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है छात्रों से सोशल मीडिया की जिम्मेदार उपयोग की अपील की महाविद्यालय के स सीटीओ डाँ त्रिपुरेश तिवारी डाँ संदीफ कुमार जायसवाल डाँ प्रिन्श यादव डाँ स्वर्ण रानी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

पत्नी ने दिया 50 हजार का आर्थिक सहयोग

अयोध्या। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय की पत्नी वंदना उपाध्याय ने कैंसर से जूझ रहे व्यापारी नेता नंद कुमार गुप्ता नंदू गुप्ता को 50,000 रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। समाजसेविका वंदना उपाध्याय ने स्वयं उनके घर जाकर यह सहायता राशि सौंपी और आश्वासन दिया कि इलाज पूरा होने तक हर संभव मदद जारी रहेगी। पूर्व महापौर उपाध्याय को जरूरतमंदों के लिए हमेशा आगे रहने के लिए जाना जाता है। वे समय-समय पर गरीबों में राशन, कंबल एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित करते रहते हैं।

कैंसर पीड़ित नन्द कुमार गुप्ता नन्दू ने बताया कि इलाज इमिनोथेरिपी से किया जा रहा है जिसका 8 लाख रूपया खर्चा का आयेगा। श्री गुप्ता पूर्व मेयर ऋषिकेश उपाध्याय द्वारा आर्थिक मदद करने और भविष्य मे जरूरत पड़ने पर और आर्थिक मदद की सत्वाना देने के लिए आभार वयक्त किया।

खेल से होता है अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता का विकासः रजनीकांत मणि

कुशीनगर। बुद्ध इंटरमीडिएट कालेज कुशीनगर के क्रीड़ांगन में हीरोज मेमोरियल स्कूल, कसया द्वारा दो दिवसीय वार्षिक स्पोट्र्स मीटस 2025-26 का आयोजन किया गया।

शनिवार को वार्षिक स्पोट्र्स मीटस का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने शुभकामनाएं दी और कहा कि कहा कि खेल से अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित होता है। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष कुशीनगर श्रीमती किरन जायसवाल ने कहा कि प्रतिभाओं के विकास के लिए शिक्षा और खेल जरूरी है।

डॉ. गौरव तिवारी ने कहा कि आज बच्चे खेल और शिक्षा दोनों में आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे आयोजन से बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा निखरती है। दिनेश तिवारी भोजपुरिया ने कहा कि मंच या मैदान दोनों बच्चों को आत्मविश्वास देते हैं। छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, जुम्बा फिटनेस ड्रिल, साड़ी डांस प्रस्तुति, विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ और मनमोहक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया गया। आयोजक डायरेक्टर आनंद शेखर सिंह व शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र और माल्यार्पण कर किया। संचालन कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा किया गया। इस दौरान शिक्षक राजू मद्धेशिया, सभासद मुन्ना शर्मा, राजेश मद्धेशिया, रमेश मद्धेशिया, धीरज जायसवाल, अनिल जायसवाल, उमेश चंद्र, राजेश मद्धेशिया सहित अभिभावक एवं शिक्षक की उपस्थिति रही।

पथरदेवा विधानसभा में अब 6 दिसम्बर को होगी विधायक खेल स्पर्धा

देवरिया ।मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया कि मा0 विधायक खेल स्पर्धा के आयोजन को लेकर विधानसभावार निर्धारित तिथियों एवं स्थानों में संशोधन किया गया है। पथरदेवा विधानसभा में पूर्व निर्धारित तिथि 24 अक्टूबर थी, जिसे कृषि मंत्री के निदेर्शानुसार बदलते हुए अब 6 दिसम्बर कर दिया गया है। यह प्रतियोगिता राजेश्वरी देवी रामसुभग सिंह महाविद्यालय तथा महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज, कुर्मी पट्टी, पथरदेवा में आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस खेल स्पर्धा में कुल आठ विधाओं—कबड्डी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कुश्ती, बैडमिंटन, जूडो, फुटबॉल एवं भारोत्तोलन—की प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। स्पर्धा में सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

मोक्षदा एकादशी पर गीता जयंती महोत्सव और दीपोत्सव कल

कसया, कुशीनगर। मोक्षदा एकादशी के पावन अवसर पर गौतम फाउंडेशन, कुशीनगर द्वारा नगर के राम जानकी मठ मंदिर परिसर में 01 दिसंबर दिन सोमवार को आयोजित भव्य गीता जयंती महोत्सव और दीपोत्सव आयोजित है। इस अवसर पर विविध प्रकाशनों की गीता प्रदर्शनी लगाई जाएगी ।उक्त जानकारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से गौतम फाउंडेशन, कुशीनगर के प्रबंधक राजू जायसवाल ने देते हुए बताया कि सोमवार की सुबह 7 बजे सामूहिक गीता पाठ, सायं चार बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, सायं पांच बजे दीपोत्सव एवं गीता प्रदर्शनी, सायं 6:30 भव्य रूप से सामूहिक आरती आचार्य गण के निर्देशन में आयोजित है। अंत में प्रसाद वितरण के साथ महत्व का समापन होगा। श्री जायसवाल ने इस महोत्सव में श्रद्धालुओं से भारी संख्या में लेने की अपील की।

शरद कालीन गन्ना विकास गोष्ठी में सह फसली खेती की दी गई जानकारी

कसया, कुशीनगर। शरद कालीन गन्ने की वैज्ञानिक खेती के प्रति कृषकों को शोध तकनीकी के विषय पर जानकारी देने तथा गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए ढाढा चीनी मिल द्वारा पडरौना विकासखंड के ग्राम शिवपुर बुजुर्ग में शरद कालीन गन्ना गोष्ठी का आयोजन किया गया ।उप्र गन्ना किसान संस्थान पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक

● गन्ने की 400 कुंतल प्रति एकड़ उपज के लिए उन्नतशील किस्म की करें बुवाई

गन्ना विशेषज्ञ ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि शरद काल में गन्ना बोने से 20% से 25 प्रतिशत अधिक उपज प्राप्त होती है अधिक उपज देने वाली प्रमुख प्रजातियां 0118 कोलक 14201 कोशा 13235, 16201 की बुवाई करें। गन्ने के साथ आलू तोरिया लहसुन गेहूं बोएं। बीएचएमके कृषि विशेषज्ञ राजेश सिंह ने बताया इस समय गेहूं, तोरिया, आलू, गन्ना बोते समय प्रति एकड़ 3 से 5 किलोग्राम सोटासल्फर का प्रयोग करें ह्यूमिक एसिड हुबली 98% मात्रा 1 किलोग्राम उर्वरक में मिलाकर प्रयोग करें। इससे जड़ों का विकास होगा भोजन बनने की प्रक्रिया तेज होगी और उपज बढ़ेगा चीनी मिल के गन्ना विकास अधिकारी गौरव सिंह ने बताया कि तोरिया का बीज फ्री तथा 50 प्रतिशत छूट पर ट्राइकोडर्मा', हेक्सास्टाफ उपलब्ध कराया जा रहा है और पोटाश हमारे वहां उपलब्ध है सहायक प्रबंधक गन्ना तेजेंद्र सिंह ने ने बताया कि जिन कृषकों के पास गन्ना का बीज उपलब्ध नहीं है उन्हें 50% छूट पर 10 कुंतल तक गन्ना का बीज उपलब्ध कराया जा रहा है इस अवसर पर कृषकों में जनार्दन सिंह, अरविंद सिंह, संजय सिंह, हृदय सिंह, सत्येंद्र सिंह, उमेश राय, गौरव सिंह, श्रीकांत सिंह, राजीव यादव, राम आधार, बृजेश्वर मल्ल, श्रीकांत यादव, त्रिलोकी गुप्ता आदि किसान उपस्थित थे।

यातायात माह के समापन पर प्रतिभागी छात्रों को किया गया सम्मानित

देवरिया । यातायात माह नवंबरझ2025 के सफल समापन के अवसर पर आज स्प्रिंग साइन एकेडमी, खरजरवां में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि *श्री आनन्द कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी), रहे, जिन्होंने विधिवत यातायात माह का समापन किया तथा विद्यालय स्तर पर आयोजित निबंध, चित्रकला एवं वादझविवाद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रझछात्राओं को प्रशस्तिझपत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अपने संबोधन में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में यातायात नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए बताया कि हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, मोबाइल फोन का उपयोग न करना तथा सड़क पर संयमित व्यवहार जैसे छोटेझछोटे कदम सड़क हादसों में बड़ी कमी ला सकते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन और विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया ।कार्यक्रम में श्री वकील सिंह, प्रधानाचार्यझकालिंद इंटरमीडिएट कॉलेज खरजरवां तथा श्री रामसुमेर पाण्डेय, प्रधानाचार्यझस्प्रिंग साइन एकेडमी ने यातायात माह के दौरान विद्यालय में आयोजित गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है तथा वे समाज में भी इस संदेश को प्रसारित करने में सक्षम होंगे ।इस अवसर पर यातायात देवरिया के प्रभारी श्री गुलाब सिंह, का0 सलमान खान, का0 प्रदीप, का0 प्रमोद, होमगार्ड चंदन एवं होमगार्ड प्रभुनाथ सहित पुलिस विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

जौरा बाजार में संगीत साधक मंगल प्रसाद जौरा गौरव सम्मान से सम्मानित

कुशीनगर। फाजिलनगर के जौरा बाजार में आयोजित समारोह में अवकाश प्राप्त संगीत शिक्षक, स्वर और संगीत के साधक मंगल प्रसाद को स्व. सीताराम चौधरी की स्मृति में ह्यसीताराम चौधरी जौरा गौरव सम्मानह्न से अंग्वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उनके संगीत क्षेत्र में दिए दीर्घकालिक योगदान को रेखांकित किया। आयोजक तथा बिजनौर में जिला खांड़सारी अधिकारी सुमंत यादव ने कहा कि मंगल प्रसाद जौरा बाजार की माटी के सच्चे धरोहर हैं। उन्होंने अपनी अनवरत संगीत साधना से समाज को सदैव प्रेरित किया है। यह सम्मान उन्हें मेरे पिता स्व सीताराम चौधरी की स्मृति में परिवारीजनों की ओर से दिया जा रहा है। संचालन कवि संतोष गुप्त ह्यसंगमह्न ने किया। समारोह में स्व. सीताराम चौधरी के परिजनों अवकाश प्राप्त अधिशासी अभियंता विद्युत ई. बृजराज यादव, रमाकांत यादव, चंद्रदेव यादव, गनेश यादव, परमहंस यादव, राहुल, आलोक चंद्र उपाध्याय, आचार्य पंडित चंद्रशेखर पांडेय शास्त्री, जितेंद्र राय, अंशुमान चतुवेर्दी, कवि एवं साहित्यकार श्याम नारायण गुप्ता, नथुनी राव ह्यव्यथितह्न, बनारसी दास खरवार, हिमांशु शेखर श्रीवास्तव, ओमप्रकाश यादव, धर्मेंद्र यादव, नगई यादव, सुरेश खरवार सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे। इसके पूर्व स्व. सीताराम चौधरी के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सम्मानित अतिथि मंगल प्रसाद ने आयोजकों एवं उपस्थित जनों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने परिवार संग किए रामलला के दर्शन

अयोध्या। फैजाबाद लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने शनिवार को अपने परिवार के साथ प्रभु श्रीराम के दर्शन किये इस दौरान उन्होंने कहा कि आज मैंने अपने परिवार के साथ भगवान राम की पूजा अर्चना की है। हमने देश के नागरिकों के लिए सुख और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि राम हमारे रोम-रोम में हैं और हमने हमेशा प्रभु राम के दर्शन किये हैं। हम भागयशाली है कि हमारा जन्म अयोध्या जिले में हुआ है।

संक्षेप

लेखपालों ने अपनी मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पर लेखपालों ने फतेहपुर जनपद के लेखपाल सुधीर कुमार की संदिग्ध मौत को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जनपद में अधिकारियों के बदलते व्यवहार, संवेदनशीलता की कमी और संवादहीनता ने ऐसा माहौल बना दिया है कि एक युवा लेखपाल को अपनी जान तक गंवानी पड़ गई। उन्होंने दोषी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, मृतक की माता को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने और एसआईआर की अंतिम तिथि बढ़ाने सहित सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। धरने में वक्ताओं ने कहा कि 2024 बैच के लेखपाल सुधीर कुमार की शादी 26 नवंबर 2025 को निर्धारित थी। शादी की तैयारियों हेतु वह 22 नवंबर से अवकाश चाहता था, परंतु अधिकारियों ने न केवल उसकी छुट्टी नामंजूर की बल्कि उसे निलंबित भी कर दिया। इस दौरान अध्यक्ष अभिनाश सिंह, मंत्री गौरव मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष सतीश सिंह, सुजीत सिंह, आनंद कुमार सिंह, सोनू कुमार, राकेश पांडेय, आयुष पटेल, संजीव पांडेय, आकाश सिंह, शिवानी, अंजनी तिवारी, ललिता सहित बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मृतक लेखपाल के परिजनों को न्याय नहीं मिला, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

एसडीएम ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की

सीतापुर। लहरपुर में शनिवार को उपजिलाधिकारी (एसडीएम) आकांक्षा गौतम और खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) शैलेंद्र कुमार सिंह ने गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की। इस दौरान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए और अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। एसडीएम आकांक्षा गौतम ने विकासखंड क्षेत्र के ग्राम रायपुर गंज स्थित प्राथमिक विद्यालय मतदान केंद्र का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर मृतक और पलायन कर चुके मतदाताओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही एसएआर फॉर्म की फीडिंग की स्थिति की भी जांच की। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निर्धारित समय पर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र के तीनों बूथों पर सभी बीएलओ उपस्थित पाए गए। वहीं खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत अकैचनपुर टप्पा प्राथमिक विद्यालय प्रथम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्रधान अध्यापक सुजीत कुमार जोशी और अध्यापक उपेंद्र सिंह अनुपस्थित मिले। बीडीओ ने खंड शिक्षा अधिकारी को इन दोनों शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने के लिए रिपोर्ट भेजी है। इस दौरान सभी बीएलओ, कोटेदार और सचिव उपस्थित थे। खंड विकास अधिकारी ने भी सभी बीएलओ को समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिये।

बिजली बिल राहत योजना पर निकाली गई जागरूकता रैली

सिधौली (सीतापुर)। प्रदेश सरकार की बिजली बिल राहत योजना 2025 के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु शुक्रवार को महमूदाबाद चैराहे से बंदरिया बाजार होते हुए खरवलिया तक रैली निकाली गई। बिजली विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजना की शर्तों, लाभ और प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। रैली में एसडीओ संतोष गुप्ता, सुपरवाइजर ललित, टीजी-2 अंकुर वर्मा और अंकुर गोस्वामी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। यह योजना 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी। जिसके तहत समय से बिल न जमा करने वाले उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। स्डट-1 घरेलू और स्डट-2 वाणिज्यिक श्रेणी के उपभोक्ताओं को 100ः ब्याज माफी के साथ 15 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। वहीं बिजली चोरी के मामलों में लगे जुमार्ने और असेसमेंट पर 50 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। अधिकारियों ने बताया कि यह योजना उपभोक्ताओं के आर्थिक बोझ को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

जिम्मेदारों की लेटलतीफी से अस्पताल में बिगड़ रही स्वास्थ्य व्यवस्था

सीएमएस का नया फरमान, कक्ष में फोन लाना वर्जित है

जिला संवाददाता(vol)



उन्नाव। जिला अस्पताल में अधिकारी हो या कर्मचारी उनका देर से आना आम बात बन गयी है। एक तरफ उच्च अधिकारियों का तर्क है कि कर्मचारी व चिकित्सक लेट अस्पताल नही आ सकते है। इसके पीछे का कारण उनके द्वारा जीपीएस यानी आनलाइन हाजिरी की बात कही गयी। जब कि स्थानीय स्तर पर चिकित्सकों व अधिकाारियों का मानना है कि यह व्यवस्था अभी लागू नही महिला सीएमएस डॉ फौजिया अंजुम कभी भी समय से अस्पताल नही पहुंचती है।

विभागीय सूत्रों की माने तो महिला सीएमएस कुछ दिनों से लगातार अस्पताल देर से पहुंच रही है। जबकि सीएमएस को सुबह 8 बजे अस्पताल पहुंचकर 9 बजे राउंड पर जाना होता है। लेकिन लेट लतीफी के चलते कभी 10 बजे तो कभी 12 बजे तो कभी 1 बजे महिला सीएमएस अक्सर अस्पताल पहुंचती देखी गयी है। जिसके चलते अन्य रूटीन कार्य समय से नहीं हो पाते।

देरी से आने के मामले में एडी जीपी गुप्ता ने साफ तौर पर कहा है की पूरे मंडल की जीपीएस कैमरा सिस्टम से अटेंडेंस होती है। वही विभागीय जानकारों ने इस बात को साफ तौर से नकार दिया है कि ऐसा कोई सिस्टम लागू है। केवल अन्य कर्मचारियों की फिंगरप्रिंट अटेंडेंस लगती है। यही नहीं महिला सीएमएस इससे पहले भी चर्चा में रह चुकी है जिसमें प्रमुख मामला अस्पताल में पत्रकारों के प्रवेश पर रोक लगाये जाने का सामने आया था। अब सीएमएस कक्ष के बाहर एक फरमान लिख दिया गया कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के कक्ष में फोन लाना वर्जित है। अपने बचाव के लिए सीएमएस समय समय पर नए नए तरीके ढूंढती रहती है।

सीएमएस के देर से आने के मामले पर जब एडी जीपी गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे पूरे मंडल में जीपीएस कैमरा सिस्टम से सभी की अटेंडेंस होती है। सुबह साढ़े आठ बजे तक तो ये हमेशा आ गई है। अगर लगता है कि सीएमएस देर से आती है तो एक वीडियो बनाकर भेज दीजिए। बिना बताए सीएमएस छुट्टी पर भी नहीं जा सकती।

बाहरी अस्पताल में कर रहे प्रैक्टिस

विभागीय सूत्रों की माने तो अस्पताल में भ्रष्टाचार का खेल चरम पर है। महिला अस्पताल में प्राइवेट आयुर्वेदिक डाक्टर अर्चना भार्गव को बिना किसी लिखा पढ़ी अपॉइंट कर दिया गया है वो भी बिना किसी सैलरी। अब सवाल ये उठता है आखिर किस वजह से आयुर्वेद डाक्टर को नियुक्त किया गया है। जबकि बिना अपॉइंटमेंट बाहर का डाक्टर जिला महिला अस्पताल में नहीं बैठ सकता है। लेकिन उन्नाव जिला अस्पताल में ये सब मनमानी जारी है।

क्या बोले सीएमओ!

मामले में जब सीएमओ डॉ0 सत्य प्रकाश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जीपीएस कैमरा सिस्टम से कोई अटेंडेंस नहीं लग रही है। अभी इस तरह की कोई व्यवस्था अस्पताल में लागू नहीं हुयी है।

कर्ज तो दिया नहीं और कमीशन भी डकार गये

जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर । सदर तहसील के मनावां गांव में संचालित बैंक ऑफ बडौद्रा के शाखा प्रबंधक के कारनामे लगातार उजागर हो रहे हैं। करीब 10 दिन पहले हुई शिकायत पर शाखा प्रबंधक की पदउन्नति कर दी गई थी इसके बाद भी बगैर कर्ज दिए वसूली गई कमिशन की वापसी नहीं होने की शिकायत एक बार फिर उच्च अधिकारियों से की गई। इस बीच आरोपी प्रबंधक को बचाने के लिए करीब आधा दर्जन दलाल पूरी तरह सक्रिय हैं और वह कुछ मीडिया कर्मियों तथा शिकायत कर्ता हूं से वार्ता करके समझौता करने का प्रस्ताव रख रहे हैं।

हफ्ते भर पहले प्रियांशु तिवारी पुत्र राजेश तिवारी निवासी मैकुवापुर सरकंडी, कालका प्रसाद पुत्र बृजलाल भागवत का डेरा सरकंडी, मुन्ना प्रसाद पुत्र भगवत प्रसाद पता उपरोक्त तथा दिनेश कुमार पुत्र रामेश्वर निवासी मनावां ने यहां उच्च अधिकारियों के अलावा मीडिया से शिकायत की थी।

इन पीड़ित किसानों ने मीडिया के सामने बैंक प्रबंधक के ऊपर कर्ज वितरण में भारी धांधली बारतने ,रिश्वत लेने तथा रिश्वत नहीं देने वाले आवेदकों को सूची से बाहर करने का आरोप लगाया गया है। बताया गया है की शाखा प्रबंधक उन आवेदकों के कर्ज को स्वीकृत कर दिया है जो शाखा प्रबंधक से सीधे अथवा दलालों के माध्यम से पहुंचे और उनकी मांग को पूरी किया। इस बैंक शाखा में सुबह से लेकर कार्यालय समय तक दलालों का पूरा जमावड़ा लगा रहने के आरोप पहले से ही लगते रहे। कार्य स्वीकृत होगा अथवा नहीं इसके लिए शाखा प्रबंधक खुद सुझाव देते थे कि फलाने से मुलाकात कर लो। इस बीच पैसे की मांग को लेकर एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ।

समाचार पत्र हालांकि इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। यह सही है कि वायरल वीडियो के आधार पर बैंकिंग अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया और मौके पर जाकर जांच पड़ताल की औपचारिकता पूरी की। बताया गया है की शाखा प्रबंधक को उनके पद से हटाकर क्षेत्र में कर्ज वसूली की जिम्मेदारी दी गई है। इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई। पीड़ितों में से एक मुन्ना प्रसाद पुत्र भगवत प्रसाद निवासी भागवत का डेरा सरकंडी ने आकर आज यहां फिर से मीडिया के सामने अपनी बताई।

पीड़ित किसान ने बताया कि उसने कर्ज लेने के लिए बैंक में आवेदन कर रखा था। कर्ज स्वीकृत करने के लिए उससे 135000 कमीशन के तौर पर अग्रिम लिया गया। आज तक उसे ना तो कर्ज मिला और ना ही कमीशन में ली गई रकम वापस की गई। इसी प्रकार दिनेश सिंह, अनंत सिंह, प्रियांशु तथा कालका प्रसाद ने बताया कि कर्ज स्वीकृत करने के नाम पर उनसे अग्रिम कमिशन लिया जा चुका है। दूसरी और आरोपी शाखा प्रबंधक रहे पंकज पटेल का कहना है कि सरकार द्वारा लक्ष्य पूरा हो जाने की वजह से इन आवेदकों को कर्ज नहीं दिया जा सका। रिश्वत लिए जाने के आरोप को नकार दिया, परंतु जब वायरल वीडियो के बारे में सवाल किया गया तो वह पूरी तरह चुप्पी साध गए।

नियम से योग की सिद्धियां प्राप्त होती हैं: महामंडलेश्वर

महोली (सीतापुर)। मां कठिना नदी तट पर स्थित प्रज्ञानं सत्संग आश्रम में आयोजित श्री गीता जयंती महोत्सव के चैथे दिन पर अनंत विभूषित महामंडलेश्वर स्वामी अभयानंद सरस्वती महाराज के शिष्य तथा प्रमुख वक्ता महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद सरस्वती ने सबेरे के सत्र में योग दर्शन के साधन पाद का प्रवचन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आश्रम समिति के अध्यक्ष अवधेश वर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सायं सत्र में गीता के छठे अध्याय, ध्यान योग पर प्रवचन करते हुए ध्यान योग का अभ्यास करने वाले के लिए योग के साधन, स्थान का चयन, आसन, आहार-, विहार आदि के नियम बताए। योग में सिद्ध हुए ध्यान योगी के लक्षण तथा फल के बारे में भी बताया। अनंतानंद स्वामी ने कहा जिस योगी का आहार-विहार, सोना-जागना एवं कर्मों की चेष्टा युक्त अर्थात नियमित रूप से होती है उसको ही जीवन में योग की सिद्धियाँ प्राप्त होती है। जिससे वह अपने जीवन में समस्त प्रकार के दुःख बन्धनों से मुक्त हो जाता है। कार्यक्रम में हनुमान दीक्षित, विशम्भर दयाल, आदि अनेक गणमान श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भारतीय किसान यूनियन भानू गुट की बैठक

सिधौली (सीतापुर)। भारतीय किसान यूनियन भानू गुट की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को उपजिलाधिकारी कार्यालय सिधौली के सामने संपन्न हुई। बैठक के उपरांत प्रदेश पदाधिकारी आशीष विश्वकर्मा व जिला अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी के नेतृत्व में भारी संख्या में संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने 19 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि प्रधानमंत्री हर घर जल योजना के तहत जनपद के अनेक गांव अब भी स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं। इसलिए सभी ग्रामों में जल आपूर्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित कराई जाए। इसके साथ ही तहसील सिधौली क्षेत्र में हो रहे भारी अवैध मिट्टी खनन को तत्काल रोकने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। संगठन ने क्षेत्र में सुरक्षित व प्रतिबंधित हरे पेड़ों की अवैध कटान पर भी गंभीर आपत्ति जताई और इस पर तुरंत रोक लगाने की मांग की। सिंहपुर, अलीपुर व अहेवा साधन सहकारी समितियों के बंद होने से किसानों को खाद-बीज में हो रही दिक्कतों को देखते हुए समिति पुनः खोलने एवं खाद का अतिरिक्त स्टॉक उपलब्ध कराने की बात कही गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 50 बेड का महिला प्रसूति हॉस्टल होने के बावजूद अल्ट्रासाउंड मशीन न होने पर संगठन ने शीघ्र मशीन उपलब्ध कराने की मांग उठाई। इसके अलावा ग्राम पंचायत सिंहपुर में नियमों के विपरीत कराए गए उचित दर विक्रेता चयन में हुई धांधली की उच्च स्तरीय जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।

चांदपुर थाने में बैरक और अभिलेखों का निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर,। अनूप कुमार सिंह ने थाना चांदपुर का वार्षिक निरीक्षण किया। गार्ड द्वारा सलामी लेने के बाद उन्होंने थाना परिसर की बैरक, मेस और शौचालय का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक को साफ-सफाई के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इसके बाद ने थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस व्यवस्था और मालखाना का भी निरीक्षण किया तथा संचालन में सुधार के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

मिशन शक्ति केंद्र में आए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की जानकारी लेते हुए आगंतुक रजिस्टर और पेयजल व्यवस्था की भी जाँच की गई।थाने के शस्त्रागार का निरीक्षण कर असलहों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही अभिलेखों जैसे गार्ड फाइल, कैशबुक, रजिस्टर नंबर 08, बीट सूचना रजिस्टर, ऑर्डर बुक, मालखाना रजिस्टर, और न्यायालय की ऑर्डर बुक का गहराई से अवलोकन किया गया। प्रभारी निरीक्षक को सभी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।विशेष रूप से, निरीक्षण के दौरान थाने पर नियुक्त सभी चौकीदारों को कंबल वितरित कर उनकी सेवा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी जाफरगंज श्री दुर्गेश दीप व अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

कोटा चुनाव मतदान के दौरान माहौल तनावपूर्ण

जिला संवाददाता

हरगांव (सीतापुर)।विकासखंड हरगांव के अंतर्गत ग्राम गुरुधपा में शनिवार दोपहर को हुए कोटा चुनाव मतदान के दौरान माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। आरक्षण को लेकर उत्पन्न विवाद इतना बढ़ा कि प्रधान पक्ष और विपक्षी उम्मीदवार अनिल कुमार फौजी के समर्थक आमने-सामने आ गए। हालात तब बिगड़ गए जब पंचायत सचिव को कथित तौर पर बंधक बनाने की कोशिश की गई। जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, मतदान प्रक्रिया के दौरान दोनों पक्षों के समर्थक अलग-अलग समूहों में बैठे थे। इसी दौरान सप्लाई इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे।

उन्होंने शासनादेश का हवाला देते हुए बताया कि फौजी या स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को आरक्षण का लाभ देना अनिवार्य है। इस घोषणा का विपक्षी प्रत्याशी अनिल कुमार फौजी और उनके समर्थकों ने स्वागत किया, लेकिन प्रधान पक्ष ने इसका विरोध शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर फौजी समर्थक मतदान स्थल स्थित स्कूल के बाहर चले गए। इसी बीच प्रधान पक्ष के लोगों ने पंचायत सचिव धर्मेंद्र कुमार कनौजिया पर दबाव बनाया कि वे प्रस्ताव उनके पक्ष में दर्ज करें।

सचिव ने एकतरफा निर्णय लिखने से साफ इनकार कर दिया। जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया। आरोप है कि प्रधान पक्ष के कुछ लोगों ने सचिव को विद्यालय के एक कमरे में बंद कर बंधक बनाने की कोशिश की। स्थिति की सूचना प्रशासन को मिलते ही इंस्पेक्टर सुरेश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर सचिव को सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें सरकारी वाहन से थाने रवाना किया। घटना के बाद कुछ ग्रामीणों ने मौके पर हंगामा किया और पुलिस विरोधी नारेबाजी भी की। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। घटनास्थल पर डीईओ पंचायत जे.पी. वर्मा, पंचायत सचिव, इंस्पेक्टर सुरेश कुमार समेत पुलिस बल तैनात रहा। हंगामे और विरोध के बाद बीडीओ ने कोटा मतदान को निरस्त कर दिया है।

किशोर स्वास्थ्य मंच में बालिकाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

महोली (सीतापुर)। शनिवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ दीपांशु शुक्ला के निर्देश पर डा0 दीपक तिवारी, विनायक अवस्थी, जयोति सिंह तथा तारा मिश्रा, नीलम तिवारी की स्वास्थ्य टीम द्वारा नगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया।

इस दौरान बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा एनीमिया की जांच तारा मिश्रा एएनएम के द्वारा की गई। डा ज्योति सिंह ने बालिकाओं को दैनिक दिनचर्या और खान-पान से स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के तरीके बताकर किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक बदलावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नीलम तिवारी ने बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता, घरेलू हिंसा, गुड और बैड टच के बारे में जागरूक किया। डॉ दीपक तिवारी ने सभी को किशोरावस्था में होने वाली बीमारियों व एनीमिया के बारे में सजग किया। वहीं डॉ विनायक अवस्थी ने पर्यावरण से तालमेल बैठाने और पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने, एवं प्लास्टिक के प्रयोग से महिलाओं में उत्पन्न होने वाले हार्मोनल इंबैलेंस के बारे में बताया। इस मौके पर प्रतिभाग करने वाली किशोरियों में मेहंदी में कामिनी देवी को और रंगोली में नैंसी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। पोस्टर प्रतियोगिता में माही प्रथम रही। इस मौके पर प्रभारी वार्डेन अंकिता वर्मा, शिक्षिकाएं पूजा वर्मा, सोमवती, नीलम, प्रतिभा मिश्रा, सीमा यादव सहित अन्य स्टाफ मौजूदगी रही।

मतदाता अपना गणना प्रपत्र बीएलओ को भरकर दें: डीएम

उन्नाव (वीओएल)। जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा विशेष प्रागढ़ पुनरीक्षण के चल रहे कार्य का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विधानसभा 165-उन्नाव क्षेत्र में जाकर भाग संख्या 216 मैचलेस स०वि०म इ० का० आदर्श नगर कक्ष संख्या 1 व भाग संख्या 217 मैचलेस स०वि०म इ० का०

आदर्श नगर कक्ष संख्या 2 का औचक निरीक्षक किया गया। जहाँ पर उपस्थित बी.एल.ओ. के साथ क्षेत्रीय आंगनबाडी, आशा बहुएं, सुपरवाईजर तथा सभासद उपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने भाग संख्या 216, 217, 218, व 219 के बी.एल.ओ. से कुल मतदाता डुप्लीकेट तथा शिफ्टेड मत दाताओं की संख्या व जमा किए गए एस आई आर फॉर्म की जानकारी ली। बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान में तेजी लाई जाए। एसआईआर के फॉर्म भरवाने में कोई भी मतदाता छूटने ना पाए यह विशेष ध्यान दिया जाए। सक्रिय रूप से कार्य करें। जिलाधिकारी ने उपस्थित बी.एल.ओ. को डुप्लीकेट तथा शिफ्टेड मतदाताओं को सूचीबद्ध कर स्थानीय बी.एल.ए. व सभासदों के माध्यम से उक्त सूची का सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिये। कहा कि कोई भी मतदाता छूटने न पाये गंभीरता से कार्य करें। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी सदर क्षितिज कुमार द्विवेदी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

गायत्री महायज्ञ व संस्कार महोत्सव का आयोजन

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। कस्बे के मुहल्ला पश्चिम टोला स्थित मां आनंदेश्वरी देवी मंदिर प्रांगण में तीन दिसम्बर से होने वाले पांच दिवसीय श्रीमद पावन प्रज्ञा पुराण राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ व संस्कार महोत्सव कार्यक्रम को लेकर शनिवार को कचेहरी स्थित बार भवन में आयोजकों ने बैठक की। आयोजक अधिवक्ता महेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि प्रज्ञा पुराण व गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम तीन दिसंबर से कलश यात्रा के साथ शुरू होकर सात दिसंबर को महायज्ञ आहुति व भंडारे के साथ समापन किया जाएगा। कार्यक्रम में उपनयन संस्कार, यज्ञोपवीत, दीक्षा, नामकरण सहित अन्य कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जो भी व्यक्ति उक्त कार्यक्रम करवाना चाहता है वह संपर्क कर सकता है। गायत्री परिवार द्वारा पधारे आचार्यों द्वारा निशुल्क कार्यक्रम कराया जाएगा। इस दौरान अधिवक्ता विद्याशंकर पांडेय, अरुण मिश्रा, अंकित मिश्रा, संजय सिंह, मनीष कुमार, अतुल श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत की कार्यकारिणी, पुनर्गठन व समीक्षा बैठक संपन्न

सीतापुर। उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत की जिला सीतापुर इकाई के कार्यकारिणी,पुनर्गठन तथा समीक्षा बैठक महेश होटल में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय महामंत्री रमेश शंकर पांडेय उपस्थित रहे। उन्होंने इस दौरान कहा कि यूनियन पत्रकारों को कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने के लिए हर समय तैयार रहती है लेकिन पत्रकारों को पत्रकार मिशन में रहकर कार्य करना चाहिए, छोटे-छोटे मामलों में धरना प्रदर्शन करने के लिए सड़कों पर नहीं उतरना चाहिए। पत्रकार और आम आदमी में काफी बड़ा अंतर है। श्री पांडेय ने आगे पत्रकारों को बताया कि हम लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जल्द मिलकर सभी पत्रकारों को पेंशन दिलाने के साथ-साथ बीमा दिलाने की मांग करेंगे। संगठन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रगुप्त श्रीवास्तव एडवोकेट ने यूनियन के बारे में तमाम जानकारियां देते हुए बताया कि श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत उत्तर प्रदेश की सबसे पुरानी यूनियन है और इसका कार्य सराहनीय रहा है, पत्रकारों के हितों व रक्षा में पूरे तौर पर यूनियन सक्षम है और इसके तमाम प्रमाण उन्होंने पेश किए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार सिराज अहमद ने गत 18 मई को बिसवां में हुए राज्य सम्मेलन शपथ ग्रहण समारोह एवं सम्मान समारोह के बारे में पूरी जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के दिल्ली से एसएन सिंहा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, बलविंदर सिंह जम्मू राष्ट्रीय महामंत्री, डॉ राजेश त्रिवेदी प्रांतीय अध्यक्ष, रमेश शंकर पांडेय प्रांतीय महामंत्री, विधायक निर्मल वर्मा सहित लगभग दो सौ पत्रकार जिसमें मुख्य रूप से चंडीगढ़, पीलीभीत, बरेली, शाहजहांपुर, लखीमपुर, फतेहपुर बांदा, सीतापुर, लखनऊ, हरदोई सहित दर्जनों शहरों से शामिल हुए तथा सभी पत्रकार साथी मुख्य अतिथि कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही के हाथों से सम्मानित हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम में आय- व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। जिसको सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई। महामंत्री लक्ष्मीकांत वाजपेई ने यूनियन को सुचारू रूप से चलाने का पूरा भरोसा दिलाते हुए कहा कि हर संभव सभी पत्रकारों की मदद करेंगे।

डीएम ने एसआईआर कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो ग्राम रोजगार सेवकों को किया सम्मानित

सेवता (सीतापुर)। एसआईआर कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वालों में विकासखंड रेउसा के दो ग्राम रोजगार सेवकों ने बाजी मारी है। वर्तमान समय में एसआईआर कार्य प्रगति पर चल रहा है। बीएलओ घर घर जाकर मतदाता फार्म भरने में लगे हैं। इसी क्रम में 150 विधानसभा क्षेत्र सेवता में एसआईआर कार्य में बतौर बीएलओ लगाए गये ग्राम पंचायत गोलोक कोंडर भाग संख्या 160 के ग्राम रोजगार सेवक विनोद यादव व भाग संख्या 153 ग्राम पंचायत लालपुर के ग्राम रोजगार सेवक मनोज कुमार गुप्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा से पहले शत प्रतिशत कार्य पूर्ण किए जाने पर जिलाधिकारी सीतापुर डा0राजगणपति आर द्वारा दोनों बीएलओ को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। दोनों ग्राम रोजगार सेवकों की इस उपलब्धि पर खंड विकास अधिकारी प्रवीण जीत, ग्राम पंचायत अधिकारी मुकेशनाथ त्रिवेदी, नरेंद्र कुमार यादव, एडीओ पंचायत ओमेंद्र पाल, ग्राम रोजगार सेवक संघ रेउसा के अध्यक्ष शरद शुक्ल सहित अनेक ग्राम रोजगार सेवकों व ब्लॉक कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त कर उन्हें शुभकामनाएं व बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

चोरों ने पार किया सामान

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। क्षेत्र के गांव धौरहरा निवासी संदीप कुमार का पुरवा-सोहरामऊ मार्ग पर अबूसा पुलिया के पास नवनिर्मित मकान है। संदीप उक्त मकान में साइबर कैफे संचालित किए हुए है। शनिवार सुबह संदीप दुकान पहुंचा तो दुकान का शटर खुला देख दंग रह गया। अंदर जाकर देखा तो जीने के दरवाजे का ताला टूटा पड़ा था और दुकान में रखा इनवर्टर, बैटरा, प्रिंटर गायब था। संदीप ने दुकान में चोरी होने की सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। पीड़ित ने गांव के ही एक युवक पर चोरी करने का शक जाहिर किया है। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि मामले की जांचकर जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

संक्षेप

फसल की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट

ललितपुर। थाना नाराहट अंतर्गत रहने वाले अशोक पुत्र कंछेदी अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 27 नवम्बर को शाम 5-6 बजे के बीच उन्होंने गांव के जूजू पुत्र बादरे अहिरवार से फसल मरने की बात कही थी और वह घर आ गया। आरोप है कि उक्त लोगों में जूजू पुत्र बादरे, जगदीश पुत्र जूजू, रचपाल पुत्र जूजू, पुखखन पुत्र जूजू ने एकराय होकर उसके साथ व उसकी माँ उमेदी पत्नी कंछेदी के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गये। पुलिसने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से रचपाल अहिरवार पुत्र जुजे ने पुलिस को बताया कि वह घर पर था, तभी अशोक अहिरवार पुत्र कंछेदी आया और उसके व परिजनों के साथ गालियां देते हुये मारपीट करने लगा। बचाव करने आयी पत्नी के साथ भी मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

वाहन की जोरदार टक्कर से युवक की मौत

ललितपुर। थाना पूराकलां के ग्राम नत्थीखेड़ा अंतर्गत मजरा नगलयाना में रहने वाले सुरेन्द्र पुत्र सीताराम यादव ने पुलिस को बताया कि 24 नवम्बर को उसका 19 वर्षीय पुत्र गुलशन मोटर साइकिल हीरो एक्स्ट्रीम नं. यू.पी.94 ए.सी. 8853 से अपने मामा के घर टपरियन जा रहा था। शाम करीब 5 बजे तेरई फाटक के आगे हाई-वे पर पीछे से आ रही टाटा मैक्सओन नं. एच.आर. 10 ए.टी. 5099 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुये जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया कि ग्राम तेरई टपरियन निवासी राजन सेन व अवतार यादव ने पीछे से आते हुये घटना को देखा और घायल को एम्बुलेंस के जरिए उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसके पुत्र गुलशन को मृत घोषित कर दिया। पुलिसने पीड़ित की तहरीर पर वाहन चालक पर बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

पुराने मुकद्दमें में राजीनामा करने का बनाया दबाव, धमकाया

ललितपुर। थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम गढ़ौलीकलां निवासी लक्ष्मन प्रसाद पुत्र बन्दू कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 18 नवम्बर को रात करीब 10 बजे रात में थाना नाराहट के ग्राम डोंगराखुर्द निवासी सोनू पुत्र बन्दू उर्फ प्यारेलाल व मुख्खालय के ग्राम पनारी निवासी कल्लू पुत्र जगभान कुशवाहा और बिरधा निवासी देशराज पुत्र लालचंद्र एकराय होकर आये और दरवाजा खट-खटाने लगे। आरोप है कि पुराने मुकद्दमें को लेकर राजीनामा करने के लिए दबाव बनाते हुये उक्त लोगों ने गालियां दीं और राजीनामा करने से मना करने पर उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी और चले गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 351 (2), 351 (3) व 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

दैलवारा में संगीतमय शिवपुराण कथा ज्ञानयज्ञ शुरू

ललितपुर। ग्राम दैलवारा स्थित गजेश्वर धाम में श्रीशिवशक्ति पंच कुण्डात्मक महायज्ञ एवं संगीतमय शिव पुराण कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ हो गया है।

यज्ञकर्ता श्रीऋषभ गिरी महाराज, श्रीश्री 108 महन्त नर्वदेश्वरजी महाराज, नागा बाबा रामानंद ऋषभ गिरी, सोमनाथ मठ, नागा बाबा गौरीशंकर गिरी महाराज, परमानंद महाराज चित्रकूट, महंत मुक्तानंद, सुरेन्द्रानंद गिरी देवीमठ, महाकाल महाराज उज्जैन, बालकानंद महाराज मौनी बाबा आश्रम निम्माहेड़ा, यज्ञाचार्य पं.राजेश दुबे जबलपुर, शिवमहापुराण कथा वाचक सुश्री जयेश्वरी देवी, वृन्दावन धाम, मुख्ययजमान भीष्मप्राप सिंह बुंदेला, गोलू राजा, रामसेवक पाल परीक्षत, केहर सिंह, यशवंत सिंह, सोनू राजा, गोबर्द्धन पाल, रामदयाल कुशवाहा, देशराज पाल, मदन पाल, अमर पाल, जगदीश कुशवाहा, इमारत कुशवाहा, आशाराम कुशवाहा, रामपाल सिंह, गोकुल शर्मा, अरविन्द सिंह आदि बड़ी संख्या में मेहमानों चल रही थी तत्पश्चात शिवपुराण कथा प्रारंभ हो गई।

तहसील पाली ने जिले में किया टॉप, अधिकांश बूथों पर कार्य पूर्ण, डीएम ने दी बधाई

ललितपुर। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद ने 58.71 प्रतिशत प्रगति हासिल कर ली है, इसके साथ ही जनपद की तहसील पाली ने अधिकांश बूथों पर शत-प्रतिशत उपलब्धी हासिल करके जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया है, जिसके लिए, शनिवार को जिलाधिकारी ने तहसील पहुंचकर

- उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को जिलाधिकारी ने फूलमाला पहनाकर किया सम्मानित
- पहले चरण में किया कठिन परिश्रम, अब आसान होगा दूसरा चरण: जिलाधिकारी

बीएलओ, सुपरवाईजर्स व तहसील कर्मियों को माला पहनाकर सम्मानित किया जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी कार्मिक जनपद के अन्य कार्मिकों के लिए प्रेरणाश्रोत है, आपने तहसील पाली जहां नेटवर्क की अक्सर समस्या रहती है वहां अपने लक्ष्य को पूर्ण कर लिया है। पहले चरण में आपने बहुत अच्छा कार्य किया है। अब दूसरे चरण में आपको अनुपलब्ध डाटा वाले मतदाताओं से डाटा लेने की आवश्यकता होगी। पहले चरण में आपने बहुत मेहनत की है, तो दूसरे चरण में आसानी होगी

उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ विनोद प्रजापति, अजय यादव, संजीव रावत, प्रीति ठाकुर, राम सिंह, सुनील विश्वकर्मा, बलराम, पृथ्वी सिंह, उदयभान, जितेन्द्र पुरोहित, जितेन्द्र पटना, लक्ष्मन सिंह, कमल सिंह, रामपाल, अवनीश कुमार, लक्ष्मीनारायण सोनी, संजय नामदेव, सुपरवाईजर भरत लाल चैरसिया, रीतेश तिवारी, सुनील कुमार रावत, अजय जैन, बालकिशन, धर्मपाल, अशोक कुमार, राजस्व निरीक्षक कलीम बाबू व आईजीआरएस रैंक के लिए ध्रुव कुमार को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। उप जिलाधिकारी पाली निशान्त तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में तहसील पाली ने 227 महरौनी विधानसभा में लगने वाले 97 बूथों मे बेहतर प्रदर्शन करते हुए कुल 82666 मतदाताओं में से 82000 मतदाताओं के फार्म डिजिटाइज करवा दिये एवं 226 विधानसभा ललितपुर के 10 बूथो मे कुल मतदाता 8624 में से 8624 मतदाताओं के फार्म डिजिटाइज कर दिये गये हैं। उपरोक्त कार्य सफलतापूर्वक किये जाने पर बीएलओ एवं सुपरवाईजरों को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया है। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने पाली तहसील अन्तर्गत तहसील के नवीन भवन, पुस्तकालय, सेल्टर होम व जिम का निरीक्षण किया, यहां पर उन्होंने निर्देश दिये कि शीतलहर के दृष्टिगत सेल्टर होम की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं, साफ-सफाई व्यवस्था, प्रकाश, शौचालय सहित अलावा का समुचित प्रबंध किया जाए। इसके साथ ही जो नवीन निमाणाधीन कार्य हैं, उन्हें निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पाली निशान्त तिवारी, क्षेत्राधिकारी पाली, तहसीलदार पाली सहित तहसील स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, बीएलओ, सुपरवाईजन आदि उपस्थित रहे।

खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ

बांदा। राइफल क्लब मैदान में मण्डल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने शनिवार को फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में लगाये गये विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। इसके बाद लोगों एवं उद्यमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाने के अभियान के तहत खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का प्रदेश के अन्य जनपदों के साथ जनपद में भी आयोजन किया गया है।

प्रदर्शनी 10 दिनो तक चलेगी। उन्होंने कहा कि हमारी विरासत स्वदेशी आधार पर रही है। भारत को सुदृढ़ एवं विकसित राष्ट्र बनाने के लिए स्वदेशी अपनाना अत्यन्त उपयोगी है। उन्होंने कहा कि हम स्वदेशी का उत्पादन कर उसका उपयोग कर रहे हैं। भारत को सशक्त करने व आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री के संकल्प को सिद्धी के साथ जोड़ते हुए स्वदेशी अपनाने की प्रेरणा दे रहे हैं। भारत के गांव, कस्बा, नगर व प्रदेश एवं देश में स्वदेशी के उत्पादन को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जब सभी परिवार स्वदेशी को अपनायेंगे तो भारत आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने स्वदेशी अभियान को गति देने तथा स्वदेशी उत्पादन को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

उन्होंने उद्योग विभाग की संचालित टूल किट वितरण योजना के तहत लाभार्थियों को टूल किट का वितरण किया तथा खादी ग्रामोद्योग का बेहतर उत्पाद करने पर धनी को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 15,000 रुपए का चेक एवं प्रमाण पत्र, मोहम्मद याकुब को द्वितीय स्थान पर 12,000 रुपए एवं प्रमाण पत्र तथा तीसरे स्थान पर राजू गुप्ता को 10,000 रुपए एवं प्रमाण पत्र भेंट किया। खादी ग्रामोद्योग विभाग ने इलेक्ट्रिकल चाक मशीन, पापकार्न मशीन, दोना पत्तल मशीन एवं 368 प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना की इकाइयों को 32 करोड 23 लाख तथा 98 मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग योजना के तहत 2 करोड़ 18 लाख रुपए की धनराशि वितरित की गई तथा दो नई सहकारी समितियों का गठन भी किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि स्वदेशी एवं खादी ग्रामोद्योग के उत्पादों को अपनाने से ग्रामोद्योग संस्थानों का आर्थिक विकास होगा। कहा कि स्वदेशी बहुउद्देशीय उपयोगी अभियान है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासु, एमएलसी प्रतिनिधि आलोक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी योगेन्द्र सिंह पटेल, उद्यमी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

कम प्रगति वाले मतदान केंद्रों का डीएम ने निरीक्षण कर जरुरी दिशा निर्देश दिये

बिजनौर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के दृष्टिगत विधानसभा क्षेत्र नूरपुर स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों सहित कम प्रगति वाले मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए उपस्थित बीएलओ एवं सहयोगी कार्मिकों को कड़े निर्देश दिए, कि शनिवार शाम तक कम से कम 70 प्रतिशत गणना प्रपत्रों को ऑनलाइन कराना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सचेत करते हुए कहा कि इस प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही संज्ञानित होने पर संबंधित कार्मिक के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बिजनौर के सभी आमजन का आह्वान करते हुए कहा कि बीएलओ द्वारा वितरित अपना और अपने परिवार के गणना प्रपत्र को तत्काल भरकर बीएलओ को उपलब्ध करा दें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि यदि उनके द्वारा गणना प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराए गए, तो मतदाता सूची में उनके नाम शामिल नहीं होंगे और वे अपने मताधिकार से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को प्राप्त हो जाएंगे, उन्हीं नाम आगामी 9 दिसंबर 2025 को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सम्मिलित किए जाएंगे। अतः कोई भी मतदाता गणना प्रपत्र भरने से वंचित न रहने पाए।

पुलिस पेंशनर्स की डीआईजी ने सुनी समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

जिला संवाददाता

बांदा। पुलिस लाइन में मण्डलीय पुलिस पेंशनर्स के साथ पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस. ने बैठक की और उनकी समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान सभी को साइबर अपराध के तरीकों और उसके संबंध में जानकारी दी गयी। बताया गया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति से घबराएं नहीं बल्कि तत्काल इसकी शिकायत 1930 अथवा स्थानीय थाने में दर्ज कराएं। गोष्ठी में मौजूद पेंशनरों ने अपनी समस्या के आवेदन दिए। पुलिस उप महानिरीक्षक ने इनकी समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। पेंशनरों की मुख्य समस्याओं में लंबित पेंशन, परिवार पेंशन से जुड़े विवाद, डीपीएफ, ग्रेच्युटी, चिकित्सीय प्रतिपूर्ति जैसे मामलों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। डीआईजी ने संबंधित शाखाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुलिस पेंशनर्स को उनकी वरिष्ठता और योगदान को देखते हुए सम्मानजनक व्यवहार किया जाए और सभी मामलों का समय पर निस्तारण किया जाए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, चित्रकूट अरूण कुमार सिंह, महोबा प्रबल प्रताप सिंह, हमीरपुर दीक्षा शर्मा व सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन बेलास यादव, पुलिस पेंशनर्स पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

पुनरीक्षण कार्य पूरा करने वाले बीएलओ सम्मानित

बांदा। मतदाता सूची विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य शत-प्रतिशत समय से पूरा करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम जे0 रीभा ने बीएलओ अरविन्द कुमार गुप्ता, शिक्षामित्र एवं अनुराधा आंगनबाड़ी विधानसभा क्षेत्र तिन्दवारी, भागवत प्रसाद शिक्षामित्र विधानसभा क्षेत्र बबेरू, रामकरन शिक्षामित्र, अरूण कुमार शिक्षामित्र, सुरेश कुमार शिक्षामित्र एवं मनोज कुमार उपाध्याय शिक्षामित्र विधानसभा क्षेत्र नरैनी, प्रियंका जैन सहायक अध्यापक, सर्वेश तिवारी सहायक अध्यापक विधानसभा क्षेत्र बाँदा सहित 14 बीएलओ विधानसभा क्षेत्र नामावली में बेहतर कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए गये। जिलाधिकारी ने कहा कि इसी तरह अन्य बीएलओ भी अपनी विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचक नामावली विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को सम्पादित करें। उन्होंने सम्मानित हुए बीएलओ से कहा कि वह अन्य बीएलओ को भी अपने कार्य अनुभव से अवगत कराते हुए उनका सहयोग करें, जिससे जनपद में एसआईआर का कार्य और तेज गति से पूर्ण किया जा सके। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेन्द्र एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आर एस रजौरिया मौजूद रहे।

विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन, छात्र पुरस्कृत

बांदा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय हरदौली ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र आयुष ने अपने उत्कृष्ट विज्ञान मॉडल के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जीत के साथ आयुष को 5000 रुपये की धनराशि और स्मृति चिन्ह दिया गया। आयुष ने मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित प्रतियोगिता में सीबीएससी, आईएससी और उत्तर प्रदेश बोर्ड के 44 विद्यालयों ने भाग लिया। विद्यालय के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विज्ञान के क्षेत्र में यह 52वीं उपलब्धि है, जो विद्यार्थियों की बढ़ती वैज्ञानिक समझ, विद्यालय के मजबूत शैक्षिक वातावरण और शिक्षकों के समर्पित निर्देशन को प्रमाणित करती है। समाज कल्याण उपनिदेशक जे राम ने छात्र आयुष को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी वैज्ञानिक सोच की ओर प्रेरित करेगी।

कानून व्यवस्था पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी: एसपी

जिला संवाददाता

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कैम्प कार्यालय में राजपत्रित अधिकारियों के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी की गयी, जिसमें लम्बित विवेचनाओं, प्रार्थना-पत्रों, आईजीआरएस आदि की समीक्षा कर, उनका उचित, समयबद्ध व

- कैम्प कार्यालय से राजपत्रित अधिकारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी सम्पन्न

गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जनपद में अपराधों की समीक्षा की गयी तथा लम्बित विवेचनाओं, पार्ट पीओ का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण कर अभियोगों में वांछित, हिस्ट्रीशीटर, कुर्की अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी, तामीला आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। विवेचनाओं के शीघ्र गुणवत्तापूर्ण व साक्ष्य परख तथ्यों के आधार पर उचित निस्तारण करने, विवेचकों को ई-साक्ष्य ऐप का उपयोग करने तथा दौराने साक्ष्य संकलन की कार्यवाही के तहत अधिक से अधिक वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही कर पाबन्द कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसपी ने क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन भवनों का स्थलीय निरीक्षण किया जाये एवं भवनों का निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण, शुचितापूर्ण व शीघ्र निर्माण कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपराध पर नियंत्रण रखने हेतु सार्वजनिक, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर समुचित पुलिस प्रबंध, गस्त कर सतर्क दृष्टि रखने के संबंध आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ऑपरेशन मुस्कान के तहत अपहृत, गुमशुदा की सकुशल अति शीघ्र बरामदगी के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने आईजीआरएस के सम्बन्ध में समीक्षा कर, पेंडिंग आईजीआरएस का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर आवेदक की समस्या का शत-प्रतिशत निराकरण कराना सुनिश्चित करें। लूट, डकैती, नकबजनी, चोरी, झपटमारी के अपराधों से सम्बन्धित जो अपराधी जमानत से बाहर है। उनका समस्त क्षेत्राधिकारी भौतिक सत्यापन कराकर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुये उनके विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही अपने स्तर से कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि अवैध विस्फोटक पदार्थों, अवैध शस्त्रों, अवैध शराब निर्माण व बिक्री, जुआ, सट्टा आदि अवैध कार्य किसी भी दशा में जनपद में न हो सकें।

सड़क सुरक्षा मेला पुलिस लाइन में आज

बांदा। सड़क सुरक्षा मेला पुलिस लाइन मैदान में रविवार को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। मेले का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना, यातायात नियमों का महत्व समझाना और सुरक्षित, जिम्मेदार यातायात व्यवहार को प्रोत्साहित करना है। इस दौरान अनेक आकर्षक एवं जागरूकता आधारित गतिविधियों का आयोजन होगा। जिनमें नुक्कड़ नाटक, प्रतियोगिता, गीत, संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता शामिल हैं। पुलिस विभाग ने लोगों से अपील की है कि वह इस महत्वपूर्ण एवं जनहितकारी आयोजन में बढ़चढ़कर भाग लें और बच्चों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के बाद प्रतिभागियों और विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

जिले से चले गए लेकिन टीबी मरीजों का साथ नहीं छोड़ा

ललितपुर। जिला क्षय रोग निवारण केंद्र ललितपुर में शनिवार को टीबी (क्षय रोग) से पीड़ित मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। इस दौरान जनपद के पूर्व जिलाधिकारी अमनदीप डुली द्वारा गोद लिए गए क्षय रोगियों को पोषण पोटली बंटवाई गई। साथ ही पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक द्वारा भी पोषण पोटली बंटवाई गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 इम्तियाज अहमद ने बताया कि पोषण पोटली वितरण का उद्देश्य टीबी मरीजों के पोषण स्तर को बेहतर बनाकर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है इन पोटलियों में चना, दाल, सोयाबीन, मूंगफली, गुड़, सूजी, दलिया इत्यादि जैसे पौष्टिक पदार्थ रखे गए, ताकि मरीजों को इलाज के साथ

- क्षय मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई

साथ भरपूर पोषण मिल सके। इस मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राम नरेश सोनी ने कहा कि टीबी से लड़ने में दवाओं के साथ साथ अच्छा और पौष्टिक भोजन बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों को हर माह आर्थिक सहायता भी दी जाती है, ताकि वे दूध, दही, अंडा आदि पौष्टिक चीजें खरीदकर अपना खान पान सुधार सकें। परामर्शी चिकित्सा डॉ. जे एस बक्शी ने सभी मरीजों से दवा समय पर लेने, उन्होंने कहा कि अगर दवा बीच में छोड़ दी जाए या मरीज को सही पोषण न मिले, तो बीमारी लंबी खिंच सकती है। कार्यक्रम में स्वास्थ्यकर्मियों ने भी टीबी से बचाव, इसके लक्षण और समय से जांच की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से अपील की कि खांसी तीन सप्ताह से ज्यादा रहे, वजन घटे या बुखार बना रहे तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर मुफ्त जांच अवश्य कराएं। पोषण पोटली पाकर टीबी मरीजों और उनके परिजनों के चेहरे पर खुशी दिखी।

सैनिक बन्धुओं की डीएम ने सुनी समस्याएं

ललितपुर। सैनिक बन्धु बैठक जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें उपस्थित भूतपूर्व सैनिको एवं उनके आश्रितों की समस्याओं की सुनवाई सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम जि.स. का अधिकारी कर्नल आशीष अहलूवालिया ने जिलाधिकारी एवं विभागों से आये अधिकारियों / प्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया। जि.से.क.अधिकारी ने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं से भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों की पत्नियों एवं आश्रितो को अवगत कराया। जिलाधिकारी को पिछली सैनिक बन्धु बैठक में आई शिकायतें लम्बित / निस्तारण के बारे में अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं को सभी दस्तावेजों के सहित अपने कार्यालय में बुलाया एवं लम्बित प्रकरणों से सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को अतिशीघ्र निस्तारण का आदेश दिया एवं सभी भूतपूर्व सैनिकों की जल्दी समस्या समाधान हेतु भरोसा दिया।

ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का जिला निर्वाचन अधिकारी ने मासिक निरीक्षण किया

बिजनौर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा शनिवार की सुबह कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों सहित ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गई। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा बाद में झंडापुर स्थित वीवी पैट वेयरहाउस का भी विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम की गैलरी में डेस्क और कुर्सी की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं ताकि यहां बैठकर अभिलेखों का अवलोकन एवं निरीक्षण पंजिका में हस्ताक्षर किए जा सकें। सीसीटीवी कंट्रोल रूम में एक एलइडी खराब पाए जाने पर उन्होंने निर्देश दिए की तत्काल उसे ठीक कराकर अवगत कराएं एवं कंट्रोल रूम में अपेक्षित सफाई की व्यवस्था भी अद्यतन रखें इसके अलावा उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के मानकों के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी सहमति जताई और सुरक्षा व्यवस्था के प्रति अपना संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित एवं राजस्व) वान्या सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि बसपा से मुहम्मद सिद्दीक, सपा से अखलाक पप्पू, कांग्रेस से काजी आतिफ सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

लक्ष्यों को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करायें

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी०एन० सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी०एम० डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पीएम सूर्यघर योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनान्तर्गत बैंकर्स द्वारा ऋण स्वीकृति की समीक्षा की गयी, समीक्षा के दौरान प्रगति धीमी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने एलडीएम को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार से प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत विद्यालयों के सौन्दर्यीकरण प्रगति की समीक्षा की किया।

समीक्षा के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रगति के सम्बन्ध में संतोषजनक उत्तर नहीं दे सकें, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये, इसी प्रकार से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर को नल से जल योजना की समीक्षा की गयी, जिसकी प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के प्रगति के लिए समीक्षा की, उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय

सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्रवृत्ति योजना के छात्रों के फार्म विद्यालयों से जल्द से जल्द अग्रसारित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का निर्देश है कि जनपद के समस्त विकास खण्डों में स्टेडियम स्थापित किये जाये, उन्होंने युवा कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि स्टेडियम हेतु प्रत्येक विकास खण्डों में उप जिलाधिकारी के माध्यम से भूमि का चिन्हीकरण किया जाये, इसी प्रकार से उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन ग्राम पंचायतों/मोहल्लों की संख्या 150 से अधिक है और वह सड़क मार्ग से अभी तक नहीं जुड़ पाये हैं, उन गांवध्मोहल्लों का सर्वे कर इण्टरलाकिंग सड़क के निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाये, जिससे कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप उन ग्रामों को सड़क मार्ग से जोड़ने का कार्य किया जाये। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए करते हुए कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कार्यों के प्रगति में तेजी लायी जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को पत्राचार करना सुनिश्चित किया जायेगा।

बैठक में जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतपाल वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

संक्षेप

ताला तोड़कर तीन बकरी चोरी

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र के करीमपुर बिंद गांव से शुक्रवार की रात चोरों द्वारा ताला लगे कमरे से ताला काटकर तीन बकरियां उठा ले जाने की घटना प्रकाश में आई है। पीड़ित द्वारा मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। उक्त गांव निवासी नंदलाल बिंद रामनगर-भगासा मार्ग स्थित घर पर बकरियां पाल रखी है। हमेशा की तरह वह शुक्रवार को भी अपनी बकरियों को कमरे में बंद करके सो गया। अगले दिन शनिवार सुबह जब उठा तो देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ है। जब वह अंदर देखा तो उसकी तीन बकरियां गायब मिली। बहरहाल बकरियां चोरी हो जाने की आशंका पर उसने मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कृषक उपहार योजना का किया आयोजन

मीरजापुर। राज कुमार द्विवेदी, अपर आयुक्त (प्रशासन) की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के माह सितम्बर 2025 तक कुल 6 त्रैमास एवं तीन छमाही का लकी ड्रा मण्डी समितियों द्वारा जारी कूपन के आधार पर किसानों के मध्य किया जिसमे मुख्य रूप से 6 किसानों को ट्रैक्टर क्षमता 35 हार्स पावर का इनाम उपहार स्वरूप निकला है। ट्रैक्टर विजेता कृषकों को स्व० चौधरी चरण सिंह की जयन्ती 23 दिसम्बर 2025 को मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा उपहार वितरण प्रस्तावित है। किसानों का नाम यथा श्रीमती सुमन देवी पति श्री दिलीप कुमार, शोभी मड़िहान, बच्चन लाल पुत्र सुखराज बिन्द, तुलापुर बिन्दनगर, गोपीगंज, विश्वजीत पुत्र स्व सुरेन्द्र पटेल, बीडर, दुद्धी, सोनभद्र, रवि चन्द्र पुत्र स्व० अशर्फी, बीडर, दुद्धी, सोनभद्र, रमाशंकर केशरी पुत्र मेवालाल, रजौली, अघवार, चुनार, मीरजापुर, मो हुसैन पुत्र खुर्शीद अहमद, पगिया, सोनभद्र है उक्त के अतिरिक्त 111 कृषकों को उपहार स्वरूप विभिन्न श्रेणियों के अन्तर्गत पम्पिंग सेट, टीवी 43 इंच, पावर स्प्रेयर, मिक्सर ग्राइंडर, पावर टिलर, पावर ड्रिवेन हार्वेस्टर एवं सोलर पावर पैक संयत्र इत्यादि लकी ड्रा के स्वरूप विजेता घोषित किया गया है।

जगदीश वर्मा जिलाध्यक्ष व राम करन बने महामंत्री

अयोध्या। नेशनल सेल्फ केयर टीम (एनएससीटी) के संस्थापक विवेकानंद ने अयोध्या जनपद की नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया है। कार्यकारिणी में जगदीश प्रसाद वर्मा (शिक्षक) को जिला अध्यक्ष तथा राम करन (पंचायत कर्मी) को जिला महामंत्री बनाया गया है। इसके साथ ही अरुण कुमार द्विवेदी (शिक्षक) को मंत्री, विकास वर्मा को प्रवक्ता, डॉ. मुकेश कुमार ह्वआनंदह्ल (एआरपी), दीपक कुमार यादव और प्रभात कुमार (शिक्षक) को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जबकि विवेक कुमार ओझा, अजीत कुमार पांडेय और प्रदीप कुमार वर्मा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। संयुक्त मंत्री के रूप में राज कुमार वर्मा (व्यायाम शिक्षकह्तारुन), रंजना वर्मा, सुमन, अंकित, स्वामी राय और अनिल त्रिपाठी का चयन किया गया है। संस्था द्वारा सदस्यों के हितों और जनकल्याण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सहयोग योजनाएँ संचालित की जाएँगी, जिनमें किसी सदस्य की मृत्यु होने पर 50 लाख से 1 करोड़ रुपये तक सहयोग, सदस्यों की बेटियों के विवाह हेतु 5 लाख रुपये सहायता, गंभीर बीमारियों के उपचार में आर्थिक सहयोग, शिक्षा एवं रोजगार से संबंधित सहयोग, रक्तदान और अंगदान जागरूकता अभियान, तथा समयसमय पर सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों में सहभागिता शामिल है। सह संस्थापक दल में सुधेश पांडेय, संजीव रजक, बबिता वर्मा, फरूख हसन, अंकिता शुक्ला, अखिलेश मिश्रा, सुमन भटोनीया, विपुल मिश्रा, नरेंद्र प्रताप गंगवार, योगराज सिंह चाहर, रविन्द्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष व सह संस्थापक अनिल वर्मा, सह संस्थापक व मंत्री अवनीश यादव, कोषाध्यक्ष दीपक पांडेय, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश और सह संस्थापक व संयोजक विवेक मिश्रा शामिल हैं। संस्था प्रदेश में सहयोगपूर्ण वातावरण और सुरक्षित भविष्य की दिशा में कार्य करती रहेगी।

कम्पोजिट विद्यालय नेमना में नो बैग डे का बच्चों ने उठाया लुत्फ

जिला संवाददाता(vol)

बीजपुर/सोनभद्र। बेसिक स्कूलों में आनंदम कार्यक्रम के तहत शनिवार को नो बैग डे का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में शनिवार को म्योरपुर ब्लॉक के नेमना कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने गांव का भ्रमण कर विभिन्न जानकारियां एकत्रित किया गया। अपने शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ बच्चों द्वारा सबसे पहले ग्राम पंचायत में बने कचड़ा प्रबंधन केंद्र का अवलोकन किया गया।

बच्चों को कचड़ा निस्तारण और साफ सफाई के महत्व से अवगत कराते हुए पंचायत कर्मी नंदलाल ने गीला और सुखा कचड़ा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सभी के घरों से प्रतिदिन कागज, प्लास्टिक, शीशे, चमड़ा, लोहे, लकड़ी आदि के भी कचड़े निकलते हैं जिसका समुचित निस्तारण कर के ही हम स्वच्छता को अपना कर स्वस्थ रह सकते हैं।शिक्षक मनोज कुमार दुबे ने बताया कि बच्चों का दल इसके बाद भवन निर्माण में लगे राजगीर मिस्त्री, लोहार और कुम्हार के पास पहुंच कर उनके कार्य करने के औजारों और कार्यशैली को देखा गया। कक्षाओं में सैद्धांतिक रूप से पढ़ने वाली चीजों को व्यवहारिक रूप से सामने देख कर बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। नो बैग डे आखिरी घंटों में बच्चों से गहन मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण एस आई आर और सड़क सुरक्षा पर चित्र निर्माण और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राधेश्याम, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष लाले राम,शिक्षक ज्वाला प्रसाद, सुदेश्वरी देवी उपस्थित रहे।

ग्रामीण स्तर पर खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलना चाहिए

जिला संवाददाता(vol)

मिश्रिख (सीतापुर)। मिश्रिख विकासखंड सभागार में शनिवार को खेल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, विकासखंड मिश्रिख पिसावां प्रशांत वर्मा ने किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में खेलों को युवाओं के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया। भार्गव ने कहा कि इस तरह की पहल से युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है और ग्रामीण स्तर पर खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के दौरान युवक एवं महिला मंगल दलों को खेल-कूद किट वितरित की गईं। किट वितरण कार्य में पीआरडी जवानों का विशेष सहयोग रहा। इस सफल आयोजन से क्षेत्र के युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला।

31 अधिकारी सैम बच्चों को गोद लेकर उनके स्वास्थ्य में करेंगे सुधार

मीरजापुर। मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने सैम बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के दृष्टिगत जनपद में मिशन उन्नयन के तहत 31 जनपद स्तरीय अधिकारियों को सैम बच्चों को गोद लेकर उनके स्वास्थ्य में सुधार कर उन्हें सामान्य श्रेणी में लाये जाने हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नामित अधिकारी द्वारा सैम बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्रों पर जाकर पात्रता के आधार पर विभागीय योजनाओं जैसे स्वास्थ्य विभाग, से दी जाने वाली सेवाएं, दिव्यांगता पत्र, उपकरण, राशन कार्ड, शौचालय, विधवा पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, स्पान्सरसिप योजना, पारिवारिक लाभ योजना, पोषण पोटली, तिथि भोजन, योजनान्तर्ग ऐसे बच्चों एवं उनके परिवारों को लाभान्वित करवाने एवं नोडल अधिकारी एक दिन उनके साथ भोजन करेंगे, तथा 3 महीने मे सभी सैम बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने हेतु समय दिया गया है। इसकी प्रत्येक 10 दिन पर समीक्षा की जायेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में कुल 1391 सैम बच्चे हैं जिसमें विकास खंड छानबे में 191, सिटी ग्रामीण 139, हालिया 74, जमालपुर 197, कोन 85, लालगंज 82, मड़िहान 64, मझवां 98, मीरजापुर सिटी-1 117, मीरजापुर सिटी-2 19, नारायनपुर 144, पहाड़ी 52, राजगढ़ 110, सीखड़ 9 है।

युवाओं में समर्पण का विकास करता है एनसीसी

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का 78वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। 98 यूपी बटालियन एनसीसी की विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा रक्तदान शिविर, बाइक रैली और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि एनसीसी से युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित होती है। उन्होंने रक्तदान करने वाले कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार करता है।सूबेदार मेजर कृष्णपाल सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कैडेट्स को ह्वएकता और अनुशासनह्ल के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। डॉ. मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि एनसीसी युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का मजबूत आधार है, जो उनमें नेतृत्व, राष्ट्रभक्ति और सेवा की भावना को विकसित करता है। शिविर में 25 कैडेट्स ने रक्तदान किया। शिक्षकों में डॉ. अमित मिश्रा और डॉ. आलोक गुप्ता ने भी रक्तदान में भाग लेकर समाज सेवा की मिसाल पेश की। इसके बाद कैडेट्स की संदेश यात्रा (बाइक रैली) को सूबेदार मेजर कृष्णपाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का उद्देश्य रक्तदान और सामाजिक जागरूकता का संदेश लोगों तक पहुँचाना था। कबड्डी प्रतियोगिता में गर्ल्स कैडेट्स में गोल्डी यादव तथा बॉयज कैडेट्स में अनुराग सिंह की टीम विजेता रही। निर्णायक की भूमिका रवि तिवारी और आशुतोष तिवारी ने निभाई। रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय की टीम में डॉ. अर्पित प्रताप सिंह, अरुण कुमार सिंह, अंकित राय, शालिनी मौर्या, अजय कुमार, विवेक रंजन, अरविन्द यादव शामिल रहे.।

पॉक्सो एक्ट के प्रकरण में वांछित गिरफ्तार

दुद्धी, सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज शनिवार को दुद्धी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना दुद्धी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 240/2025 धारा 137(2), 87, 64(2) बीएनएस तथा धारा 3/4 ।बज से संबंधित वांछित अभियुक्त अमर सिंह पुत्र देवरूप, निवासी ग्राम रन्नू, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस में स्वतंत्र कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक, थाना दुद्धी,हेड कॉन्स्टेबल भागीचन्द, अमरजीत कुमार, थाना दुद्धी शामिल रहे।

बिजली बिल राहत योजना के तहत एसडीओ ने प्रधानों संग की बैठक

सीतापुर। जनपद के मिश्रिख उपकेंद्र में शनिवार को एसडीओ अंकुर वर्मा की अध्यक्षता में क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 1 दिसंबर से शुरू होने वाले वन टाइम सेटलमेंट कार्यक्रम और बिजली बिल राहत योजना 2025 को सफल बनाना था। एसडीओ अंकुर वर्मा ने सभी ग्राम प्रधानों से अपील की कि वे अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में जाकर उपभोक्ताओं को इन योजनाओं के बारे में व्यापक रूप से जागरूक करें। उन्होंने कहा कि समय पर जानकारी मिलने से ग्रामीण अपने बकाया बिलों का निस्तारण कर छूट का लाभ उठा सकेंगे। बिजली बिल राहत योजना 2025 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी। यह योजना तीन चरणों में संचालित की जाएगी। पहला चरण 1 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक, दूसरा चरण 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक और तीसरा चरण 1 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। योजना के तहत, लेट पेमेंट सरचार्ज पर तीनों चरणों में 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

आधार कार्ड को जन्म तिथि का वैध प्रमाण नहीं माने जाने पर छिड़ी बहस

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश में एक ओर जहाँ आधार सत्यापन और दस्तावेजों की सख्ती को लेकर लोग पहले से ही परेशान हैं, वहीं अब सरकार द्वारा आधार कार्ड को जन्म प्रमाण पत्र नहीं मानने का फैसला नई बहस और असंतोष को जन्म दे रहा है। सरकार के निर्देशन पर नियोजन विभाग ने इस संबंध में सभी विभागों को पत्र भेजकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आधार कार्ड को जन्म तिथि का वैध प्रमाण न माना जाए। हालांकि ये निर्णय महज उत्तर प्रदेश सरकार ने ही नहीं लिया है बल्कि कई अन्य राज्यों ने भी लिया है। इस बदलाव से बड़ी बहस छिड़ी हुई हैं। बताते चलें कि जब 2009 में आधार बनाने का कॉन्सेप्ट यूपीए सरकार ने शुरू किया तो उसका मकसद था कि जिस तरह विदेशों में कई सशक्त देशों के नागरिकों के पास यूनिक आईडी कार्ड होता है उसी तरह से भारतवासियों का अपना यूनिक आईडी कार्ड होगा जिसमें व्यक्ति की हर एक जानकारी उसकी बायोमैट्रिक्स के साथ जोड़ा जाएगा। तब से डिजिटल इंडिया के रूप में आधार कार्ड एक मजबूत साधन बनकर लोगों के लिए बनकर उभरा था। लेकिन बीते कई सालों से आधार को निराधार बनाने के साथ ही निष्प्रयोज्य दस्तावेज के लिए लगातार घोषणाएं होती रही हैं। सबसे पहले आधार को नागरिकता का प्रमाण नहीं बताया गया उसके बाद एनआरसी की घोषणा के समय भी दिक्कत की गई थी और हाल ही में बिहार विधानसभा चुनाव के पहले वहां हुए एसआईआर में निर्वाचन आयोग ने निवास या जन्मतिथि का प्रमाण मानने से इंकार कर दिया था जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट के दखल से आधार कार्ड को वैकल्पिक रूप से शामिल किया गया था। और अब आधार कार्ड में दर्ज उम्र को जन्म का प्रमाण पत्र मानने से इंकार किया गया है जिससे जनता में आक्रोश साफ नजर आ रहा है। इस निर्णय के बाद आम जनता, युवा, अभिभावक, अधिवक्ता, पत्रकार और स्थानीय नेताओं में नाराजगी और बेचैनी बढ़ गई है। इस विषय पर बात करने में लोगों ने खुलकर अपनी पीड़ा, अविश्वास और गुस्से को सामने रखा। जनता से संवाद के दौरान बड़ी संख्या में लोग बोले कि आधार कार्ड को वर्षों से पहचान का सबसे बड़ा दस्तावेज बताया जाता रहा है– बैंक, स्कूल, राशन, पेंशन, गैस, इलाज, वोटर आईडी लिंकिंग सहित हर जगह इसकी जरूरत पड़ती है। इस पर एक युवक ने गुस्से में कहा कि स्कूल में एडमिशन के समय आधार देना पड़ता है, नौकरी में आधार देना पड़ता है और अब अचानक कहा जा रहा है कि आधार जन्म प्रमाण नहीं है ! सरकार खुद ही नियम बदलने में लगी है। साथ ही एक महिला अभिभावक बोली कि हम बच्चों का आधार बनवाने के लिए लाइनों में खड़े रहे। अब स्कूल कह रहे हैं कि जन्म प्रमाण अलग से लाओ। जनता को ही गलत साबित किया जा रहा है। वहीं एक बुजुर्ग ने कहा कि आधार न मानना तो ठीक लेकिन सरकार बताए कि इतने सालों में जो डेटा जुटाया गया है, उसकी विश्वसनीयता क्या है सरकार द्वारा आधार को जन्म प्रमाण पत्र न मानने की घोषणा ने जनता के अविश्वास को और गहरा कर दिया है ।जनसंवाद में साफ दिखा कि नागरिकों को लगता है कि सरकार उन्हें लगातार दस्तावेजों, प्रक्रियाओं और सत्यापन के चक्कर में उलझाकर असली मुद्दों से भटका रही है। लोगों ने सवाल उठाया अगर आधार ही मान्य नहीं, तो सरकार ने पिछले 10 साल जनता को किस आधार पर चलाया गया।

लोकोपायलट पद पर चयनित होकर योगेश सिंह ने बढ़ाया मान

सोहावल-अयोध्या। रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया में कपासी, सोहावल निवासी योगेश सिंह का लोकोपायलट (ट्रेन चालक) पद पर चयन होने पर दि आयुष्मान फाउंडेशन द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। यह सम्मान सोहावल के परम रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक सदस्य पुष्पेंद्र पांडेय ने योगेश सिंह को स्मृति चिन्ह और पटका पहनाकर सम्मानित किया। वहीं पंकज पांडेय ने प्रशस्ति पत्र देकर शुभकामनाएं दीं। अरविंद रावत ने मिष्ठान खिलाकर अपनी खुशी व्यक्त की। योगेश के चाचा मुकेश सिंह ने कहा कि ह्लयह दिन परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। इस अवसर पर साजन अंसारी, चंदन सिंह, इसरार अंसारी, चेतन चैधरी, हर्ष पांडेय, वैभव सिंह, अख्तर अली तथा संस्था के संस्थापक पवन पटेल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

डीएम ने की राजस्व समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यक्रमों व कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक की, बैठक में जिलाधिकारी ने माानक के मुताबिक वसूली के लक्ष्य को पूरा करने, तहसील स्तरों पर बकायेदारों पर वसूली की कार्यवाही करने, आर0सी0 का नियमित मिलान करने के साथ ही सरकारी जमीनों को सुरक्षित करते हुए जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये गये।

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित महीने के अनुरूप लक्ष्य वसूली के कार्य में तेजी लाया जाये, जिससे राजस्व वसूली के प्रगति में तेजी लाया जा सकें। कार्य में शिथिलता न बरती जायें, लक्ष्य पूरा न करने वालों की जिम्मेदारी तय की जाये। उन्होंने कहा कि तहसीलों का काम समयबद्ध और बेहतर तरीके से करने के लिए कड़ाई के साथ उप जिलाधिकारी व तहसीलदार राजस्व कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि राजस्व मुकदमों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाये, जमीनी विवादों का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाये, किसी भी हाल में जनता के साथ अन्याय न होने पायें। इसका भी ध्यान दिया जाये। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि बाजार में बिकने वाले खाद्य सामग्री की जांच कराते रहें, ताकि किसी प्रकार प्रकार की मिलावटी की स्थिति न आने पायें, इसके लिए छापेमारी की कार्यवाही में तेजी लाया जायें और जो भी शासन द्वारा मानक व फामूर्ला निर्धारित किया गया है, उसका अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगें। बैठक में ए0आर0टी0ओ0 राजेश्वर यादव, जिला आबकारी अधिकारी, ई0-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यतोष मिश्रा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी रामलाल यादव सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

निराश्रित गौआश्रय व गौवंशों की शिकायतों का प्राथमिकता से हो निस्तारण

अयोध्या। प्रमुख सचिव पशुपालन, मत्स्य एवं दुग्ध विकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन, मुकेश कुमार मेश्राम का शनिवार को जनपद के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत सर्किट हाउस में आगमन हुआ, जहां उनका स्वागत मंडलायुक्त राजेश कुमार, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने किया। प्रमुख सचिव निर्धारित कार्यक्रम के तहत सर्किट हाउस के बाद कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचे, जहां उन्होंने अयोध्या मण्डल के सभी जिलों में निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु संचालित गो आश्रय स्थलों के संचालन, प्रबन्धन तथा संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण व पराली संग्रहण के पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन, जनपदों में एलएसडी बीमारी का संक्रमण/ नियंत्रण तथा दुग्ध समितियों के गठन एवं संचालन की स्थिति की समीक्षा की गई। प्रमुख सचिव ने समीक्षा करते हुये कहा कि निराश्रित गौआश्रय स्थल व निराश्रित गौवंशों के सम्बंध में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण व समयबद्व निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाय।

आदिवासी सम्मेलन का आयोजन नशा मुक्ति व शिक्षा पर दिया बल

दुद्धी, सोनभद्र। स्थानीय कस्बे के श्री रामलीला मैदान पर शनिवार को आदिवासी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से क्षेत्र के आदिवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राकृतिकशील आदिवासी बड़ा देव का सुमिरन कर बावन गण सतावन परगना के देवी देवताओं का आवाहन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह गौड के द्वारा किया गया। आदिवासी सम्मेलन के मुख्य अतिथि राज किशोर सिंह खरवार अध्यक्ष आदिवासी महासभा झारखंड उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी परंपरा गोंडी रीति रिवाज के तहत कई कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि अपने समाज को एकजुट होकर शिक्षा पर विशेष बल दे और नशा मुक्त समाज बनाने मे अपना अपना योगदान दे, जिससे एक आदिवासी स्वच्छ समाज व्यक्ति के रूप में आपकी पहचान हो सके और वह समाज के हर अच्छे कार्य में अपनी सहभागिता दे सके। विशिष्ट अतिथि कमलेश गौड राष्ट्रीय सचिव गोंडवाना गौड महासभा ने अपने संबोधन में कहा कि जल जंगल जमीन पर अपना अधिकार न छोड़ें आदिवासियों की यह पुश्तैनी अधिकार है। डॉ लवकुश प्रजापति ने अपनेसम्बोधन में कहा कि क्षेत्र के आदिवासियों के विकास के लिए मै हमेशा चिंतित रहता हूं, आदिवासीयों पर एक किताब लिखी है,जो फूलमती के नाम से प्रचलित है,जिसमें आदिवासियों के बारे में पूरा विवरण विस्तार से दिया गया है हमारे अशर्फी सिंह परस्ते धर्म गोंडी धर्म परिषद के अध्यक्ष ने अपने आदिवासी संस्कृति को बचाए रखना वह अपने आदिवासी परंपराओं पर ही चलने का आवाहन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य धमार्चार्य रामनाथ श्याम अनिल सिंह सुखई सिंह आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन फौजदार परस्ते आदिवासी महासभा के जिलाअध्यक्ष के द्वारा किया गया। इस मौके पर मीरा सिंह गौड़, प्रभावती देवी, मनबस देवी, बाबूराम खरवार, शिव कुमार आयाम, कृपा सिंह, राम अवतार सुषमा, रविंद्र चेरो, प्रमिला कोरचो, बाबूलाल, सहित अन्य आदिवासी समाज के लोग मौजूद रहे।

हिंद की चादर श्रीगुरु तेग बहादुर ने धर्म के लिए शीश कटवाया किंतु शीश नहीं झुकाया

जिला संवाददाता

अयोध्या। श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज के 350वें शहीदी शताब्दी के अवसर पर साकेतनिलयम, संघ कार्यालय, में श्रीगुरु तेगबहादुर साहिब सेवा समिति, अयोध्या द्वारा श्रीगुरुग्रन्थ साहिब की स्थापना व शबद कीर्तन का आयोजन सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल जी ने गुरु ग्रन्थ साहिब को अपने शीश पर उठाकर गुरु स्थान तक ले गए। इस अवसर पर महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने पुष्प वर्षा किया। कार्यक्रम के आयोजक श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब सेवा समिति द्वारा श्रीगुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर आधारित संक्षिप्त इतिहास परिचय पत्रक वितरण एवं विशाल लंगर का आयोजन किया गया। बड़ी श्रध्द्धा एवं सत्कार के साथ समारोह में कई जिलों से साधु, संत व हर वर्ग, समुदाय और धर्म के लोग इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए ।बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित सत्संग शब्द कीर्तन कार्यक्रम में आलमबाग लखनऊ गुरुद्वारा के अध्यक्ष निर्मल सिंह ने सभी को उद्बोधन दिया। इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महामंत्री चम्पत राय ने कहा कि श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज एकमात्र ऐसे संत-योद्धा हैं जिन्होंने अपने ही नहीं अपितु दूसरों के धर्म की रक्षा हेतु अपना शीश दे दिया। सन्-1675 का वह समय था जब मुगल बादशाह औरंगजेब ने पूरे हिन्दुस्तान में जबरन इस्लाम कबूल कराने का भयानक अभियान चला रखा था। कश्मीरी पण्डित सबसे ज्यादा संकट में थे। मंदिर तोड़े जा रहे थे, जजिया कर थोपा जा रहा था। विरोध करने वालों को मृत्युदण्ड दे दिया जाता था। अंत में कश्मीर के 500 ब्राह्मणों का एक दल अपने धर्म की रक्षा की गुहार लेकर आनंदपुर साहिब पहुंचा। उस समय गुरु जी अपने पुत्र, बाल गोबिंद राय जो बाद में गुरु गोबिंद सिंह जी कहलाए उनके साथ थे। जब गोविंद राय ने पूछा कि इनकी रक्षा कौन कर सकता है, तो गुरु जी ने शांत स्वर में कहा ह्लकेवल कोई महान संत ही ऐसा कर सकता है।ह्व

बालक ने तुरंत कहा, ह्लपिता जी, आपसे बड़ा संत और कौन है ?ह्व बस यही एक वाक्य था। गुरु तेग बहादुर जी ने तुरंत फैसला ले लिया। वे अपने पंच प्यारे सिखों द्द भाई मतिदास, भाई सतिदास, भाई दयाला, भाई गुरबख्श और भाई उद्धा के साथ दिल्ली की ओर चल पड़े। उन्हें पहले आगरा फिर दिल्ली लाया गया और चांदनी चैक की कोतवाली में कैद कर लिया गया। औरंगजेब ने तीन विकल्प दिए- इस्लाम कबूल करो चमत्कार दिखाओ या मृत्यु स्वीकार करो। गुरु जी ने मुस्कुराते हुए कहा, ह्लन मैं चमत्कार दिखाऊँगा, न धर्म बदलूंगा। मैं मृत्यु चुनता हूँ।ह्व इसके बाद जो क्रूरता हुई, वह मानवता को शर्मसार करने वाली थी। भाई मतिदास को जीते-जी आरे से चीर दिया गया, भाई दयाला को उबलते तेल के कड़ाह में डाल दिया गया, भाई सतिदास को रुई लपेट कर जिंदा जला दिया गया। इन सबको देखकर भी गुरु जी का चेहरा शांत रहा। 24 नवम्बर 1675 को चांदनी चैक में जहाँ आज गुरुद्वारा शीश गंज साहिब है वहीं गुरु तेग बहादुर जी को शहीद कर दिया गया। उनका सिर काटकर अलग कर दिया गया। किन्तु यह बलिदान व्यर्थ नहीं गया। जबरन इस्लाम कबूल कराने का भयानक अभियान चलाया जा रहा था वो अभियान रुक गया। लाखों हिन्दुओं का धर्मांन्तरण होने से बच गया। यही कारण है कि गुरु जी को ह्लहिन्द दी चादरह्व कहा जाता है। गुरु गोबिंद सिंह जी ने उनके बलिदान और बहादुरी के लिए लिखाः ह्लतिलक जंजू राखा प्रभ ताका, कीनो बड़ो कलू महि साका।ह्व आज जब देश फिर से अपनी संस्कृति और स्वाभिमान की बात कर रहा है, गुरु तेग बहादुर जी का संदेश गूंज रहा है ह्लसिर दिया, पर सिर नहीं झुकाया।ह्व कार्यक्रम में श्रीमद्जगद्गुरू अर्जुनद्वाराचार्य स्वामी कृपालु रामभूषण देवाचार्य महाराज बावन मंदिर पीठाधीश्वर महंत वैदेही बल्लभ शरण महाराज, उदासीन ऋषि आश्रम महंत डाक्टर भरत दास, श्री राम आश्रम महंत जय राम दास, सीता कांत सदन महंत रामानुजाचार्य महाराज, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सदस्य डा. अनिल मिश्रा, निर्माण प्रभारी गोपाल राव, राम कचहरी मंदिर के महंत शशि कांत दास, तुलसी दास छावनी महामण्डलेश्वर महंत जनार्दन दास, ज्योतिष आचार्य पंडित राकेश तिवारी, महंत राम मिलन शरण, महामण्डलेश्वर महंत गिरीश दास, महामण्डलेश्वर महंत गणेश दास, महंत महेश दास, महंत शत्रुघ्न दास, संघ प्रांत सम्पर्क प्रमुख गंगा सिंह, रामजानकी धोबी मंदिर के महन्त क्षत्तरदास महाराज, संघ विभाग प्रचारक कृष्ण चंद्र, संघ महानगर प्रचारक सुदीप, साकेत निलयम कार्यालय प्रमुख कृष्ण चंद्र, महानगर सह सम्पर्क प्रमुख रविदास, महन्त मनीष दास , भवदीय ग्रुप कालेज के सचिव अवधेश वर्मा, महन्त संजीव दास जी, किराड़ मन्दिर के महन्त हरिमोहन शरण जी, साकेत भवन अयोध्या के महन्त साकेत जी, बधाई भवन के महन्त राजीव लोचन शरण, नगर निगम अयोध्या महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, सुरेंद्र पाल सिंह, निशु ज्ञानी, ज्ञानी नवनीत सिंह, तेजिंदर पाल सिंह, गुरमीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, अयोध्या विधायक प्रतिनिधि अमल गुप्ता, संघ महानगर संघ चालक डा. विक्रमा प्रसाद पांडेय, महानगर कार्यवाह देवेन्द्र, सह कार्यवाह राहुल सिंह, ऋषिकेश उपाध्याय, सह विभाग प्रचारक शैलेन्द्र, कुटुंब प्रबोधन सह प्रमुख पवन पांडेय, प्रशांत भाटिया लखनऊ, भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अवध इंटरनेशनल स्कूल अध्यक्ष शान्तनु सिंह, अयोध्या के गुरुकुलो के विद्यार्थियों ने भी अपनी उपस्थिति दी। सभी को पगड़ी पहनाई गई।

- श्रीगुरु तेगबहादुर साहिब सेवा समिति द्वारा श्रीगुरुग्रन्थ साहिब की स्थापना व शबद कीर्तन का हुआ आयोजन

विवादित ईदगाह की पैमाइश पूरी

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना अंतर्गत बभनियावा चैराहे के निकट सड़क के किनारे लोक निर्माण विभाग की भूमि में स्थापित विवादित ईदगाह हटाए जाने को लेकर आंदोलन कर धरना दे रहे बिहिप और बजरंग दल के कार्यकताओं का धरना दूसरे दिन भी तहसील मुख्यालय पर जारी रहा। जिले के उच्च स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आंदोलन कारियो के बीच चली वार्ता के बावजूद कोई हल नहीं निकला और आंदोलनकारी धरना देने पर अड़े रहे। उप जिलाधिकारी के अनुसार शनिवार को तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम द्वारा विवादित स्थल की गई स्थलीय पैमाइश में 42.9 स्क्वायर फिट पर अवैध कब्जा पाया गया।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चैधरी सी ओ सदर योगेंद्र कुमार उप जिलाधिकारी सुश्री सविता देवी के साथ लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के बीच धरना दे रहे लोगों की घंटो वार्ता चली। प्रशासनिक अधिकारी विवादित निर्माण को गिराने से पहले 21 दिन की मोहलत नोटिस आदि देने के लिए मांगते रहे। जिसके लिए आंदोलनकारी तैयार नहीं हुए और धरना समाप्त नहीं हो पाया। आंदोलन कताओं के साथ प्रशासन का टकराव बढ़ता जा रहा है। अनिरुद्ध प्रताप सिंह एडीएम प्रशासन ने कहा कि लोक निर्माण विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा पाए जाने के बावजूद संवैधानिक प्रक्रिया अपनाते हुए ही कार्रवाई किया जाना संभव है।

अवध विवि के पहलवान प्रियांशु ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

अयोध्या। राजस्थान के भरतपुर में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 के अंतर्गत कुश्ती का आयोजन लोहागढ़ स्टेडियम में हुआ। अवध विश्वविद्यालय के पहलवान प्रियांशु सिंह ने ग्रीकों रोमन स्पर्धा में सेमीफाइनल में अपना स्थान बनाया। इसके साथ ही प्रियांशु सिंह ग्रीको रोमन के 77 किलोगाम भार कैटेगरी में अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या को उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। सेमीफाइनल से पूर्व प्रियांशु सिंह ने अपने सभी मुकाबले में उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज किया था।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने पदक विजेता पहलवान प्रियांशु सिंह एवं कोच डॉ.अनुराग पाण्डेय को बधाई दी है, उन्होंने कहा कि पूरे वर्ष निरन्तर अभ्यास एवं उच्च तकनीक कौशल के सम्मिश्रण का सुखद

परिणाम सामने आया है। विश्वविद्यालय पदक विजेता पहलवान खिलाड़ी को सम्मानित करेगा। खिलाड़ियों की खेल सुविधाओ में कोई कमी नही होगी। प्रियांशु सिंह के ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह एवं क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने बधाई के साथ सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। क्रीड़ा सचिव ने बताया कि अभी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स से और पदक प्राप्त होने की उम्मीद है। विश्वविद्यालय टीम के साथ कॉन्टीजेंट मैनेजर डॉ. मनीष सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। पदक विजेता पहलवान की सफलता पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ला, कुलसचिव विनय कुमार सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.नीलम पाठक, मुख्य कुलानुशासक प्रो. एस. एस. मिश्रा, साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो.अभय कुमार सिंह, प्राचार्य प्रो. दानपति त्रिपाठी, राधा गर्ल्स पी जी महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजूषा मिश्रा, विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. जन्मेजय तिवारी, महामंत्री प्रो. अमूल्य कुमार सिंह, विश्वविद्यालय आवासीय परिसर के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष प्रो. संग्राम सिंह, महामंत्री डॉ. राना रोहित सिंह, पूर्व क्रीड़ा सचिव डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ. पूनम जोशी, प्रो.संतोष गौड, डॉ. सीमा पाण्डेय, प्रो. विनय कुमार सिंह, डॉ .मनोज छापड़िया, डॉ. वेद प्रकाश वेदी, डॉ. संत लाल, डॉ. नागेन्द्र सिंह, डॉ. अनिल कुमार मिश्रा, डॉ. कपिल राणा, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. अयूब सिद्दीकी, शिव कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

खेत में बनी पानी की टंकी में रखी तैयार लहन को टीम ने किया नष्ट

बाराबंकी। खेती के नाम पर अवैध शराब का काला कारोबार करने वाले शराब तस्करो के खिलाफ आबकारी विभाग सक्रिय भूमिका मे दिखाई दे रहा है। खेत में छुपाकर कच्ची शराब का गोरखधंधा करने वाले अब विभाग के रडार पर है। खेत मे बनी पानी की टंकियो के सहारे तैयार की जाने वाली कच्ची शराब की बड़ी खेप को आबकारी विभाग ने शनिवार को जब्त किया है। आपरेशन क्लीन अभियान के अन्तर्गत अवैध शराबखोरो के खिलाफ मुहिम का नेतृत्व करने वाले जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने जानकारी देते हुये बताया कि आज शनिवार को आबकारी निरीक्षक सर्किल हैदरगढ़ राजेश कुमार तिवारी की टीम नें थाना असन्द्रा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम रसूलपुर, जरगावां व थाना कोठी अन्तर्गत ग्राम सैदनपुर सहित 10 संदिग्ध ठिकानो पर छापेमारी की गई है। छापेमारी के दौरान लगभग 25 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। इसके साथ ही खेतो मे बनी पानी की टंकियों में छुपाकर रखी गई लगभग 200 किलोग्राम तैयार लहन को टीम ने बरामद करते हुये मौके पर नष्ट करवाया। 2 अभियोग पंजीकृत करते हुये आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत आरोपियो के खिलाफ कार्यवाही की गयी। छापेमारी अभियान के बाद लाइसेन्सियो व सैल्समैनो पर नकेल कसने हेतु टीम ने देशी शराब बीबीपुर, नबाबपुर, पुलिया, कैसरगंज, सिद्धौर, कम्पोजिट दुकान सिद्धौर का औचक निरीक्षण भी किया। पत्रावलियों की जांच कर स्टाक का मिलान किया गया। छापेमारी अभियान के दौरान टीम मे प्रधान आबकारी सिपाही राजकुमार मौर्य, शशि प्रकाश वर्मा, आबकारी सिपाही अमरीश कुमार, आबकारी महिला सिपाही अनीता यादव मौजूद रहे।

- आबकारी विभाग के रडार पर अवैध शराब तस्कर, बड़ी खेप बरामद

चोरी की मोटर साइलिक बरामद, तीन अभियुक्त गिरफ्तार

बहराइच। पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच द्वारा अपराध व अपराधियों की रोक-थाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये दिशा-निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अशोक कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री नारायण दत्त मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम को मिली सफलता। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा हनुमान मंदिर निकट झिंगहा घाट पर संदिग्ध व्यक्ति/ वस्तु/ वाहन की चेकिंग की जा रही थी कि मुखबिर खास ने सूचना दी कि 02 व्यक्ति 02 मोटरसाइकिल से तिकोनी बाग की तरफ से झिंगहा घाट की तरफ आ रहे हैं कि पुलिस टीम द्वारा की जा रही सघन चेकिंग के दौरान दोनों व्यक्तियों से नाम-पता पूछते हुए वाहन के कागजात मांगे गये तो दोनों ने अपना नाम 1.सरवन कुमार मौर्या पुत्र साधू शरण मौर्या निवासी चन्दनापुर सिकड़िया, कोतवाली देहात, बहराइच, 2.जीवन लाल यादव पुत्र सहजराम यादव निवासी माधोपुर बैकुण्ठा, थाना हरदी, बहराइच बताया व दोनों मोटरसाइकिल से सम्बन्धित कोई भी कागजात नहीं दिखा सके, जिसपर कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों द्वारा बताया गया कि यह दोनों मोटरसाइकिल चोरी की हैं जिन्हें भिन्न-भिन्न स्थानों से चुराया है और चोरी की गयी मोटरसाइकिलों को अपने 01 अन्य साथी ननकऊ पुत्र होली जायसवाल निवासी कल्याणपुरवा बैकुण्ठा, थाना हरदी, बहराइच की कबाड़ की दुकान पर छिपाने जा रहे थे ।जिसपर पुलिस द्वारा दोनों से और अधिक गम्भीरता व कड़ाई से पूछताछ की गयी तो दोनों चोरों द्वारा भिन्न-भिन्न स्थानों से चोरी की गयी मोटरसाइकिलों को चोरी करने की बात स्वीकार की गयी जिन्हें ननकऊ की भगवानपुर चौराहे स्थित कबाड़ की दुकान में छिपाकर रखने की बात बतायी गयी ।इस प्रकार पुलिस टीम द्वारा दोनों अभियुक्तों के बताए स्थान पर पहुँचकर अभियुक्तों की निशानदेही पर मौके पर कबाड़ की दुकान में छिपाकर रखी गयी 05 अन्य चोरी की मोटरसाइकिलों को सकुशल बरामद किया गया तथा दुकान की सघन तलाशी लेने पर 08 अन्य मोटरसाइकिल की चेचिस मय चेसिस नम्बर व उनके भिन्न-भिन्न कलपुर्जे बरामद किये गये ।

एसआईआर को लेकर सपा कार्यालय पर पूर्व कैबिनेट मंत्री ने की समीक्षा बैठक

बाराबंकी। प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार को सुनिश्चित करने एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए हम सभी को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करने के साथ यह भी सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी मतदाता का नाम एसआईआर मे छूटने न पाये। इसके लिए हम सभी को अपने अपने बूथ पर सभी मतदाताओं के फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है इस जिम्मेदारी के निर्वहन से आने वाला समय हम सब का होगा। उक्त बात एसआईआर प्रभारी व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने पार्टी कार्यालय पर आयोजित समीक्षा बैठक मे कार्यकर्ताओ के बीच व्यक्त किये। बैठक मे जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि जिन पदाधिकारियों को पूर्व में जिम्मेदारी सौंप गई थी। वह सभी पदाधिकारी अपने-अपने कार्य क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जागरूक करने और उनके गणना पर पत्रों को संपूर्ण करने में पूरा सहयोग प्रदान करने के साथ अपने बूथ लेवल एजेंट का पूर्ण सहयोग लेकर इस प्रक्रिया में अपनी पूरी सहभागिता सुनिश्चित करे। बैठक में सदर विधायक सुरेश यादव ने भी सम्बोधित किया।

इसके उपरान्त पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री गोप ने मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया।

बैठक में जिला महासचिव हिमांशु यादव, पूर्व विधायक राममगन रावत, एमएलसी अरविंद यादव, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र वर्मा, हुमायूं नईम खान, जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू, प्रदुम्न यादव, आशीष सिंह आर्यन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- बूथ पर सभी मतदाताओं के फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें कार्यकर्ता: गोप

ए.जी.सी.एस स्कूल में खेल उत्सव दिवस का भव्य आयोजन

रुपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा में एसेम्बली ऑफ गॉड चर्च स्कूल, रुपईडीहा में 29 नवम्बर 2025 को वार्षिक खेल उत्सव दिवस अत्यंत उत्साह, उमंग और अनुशासनपूर्ण वातावरण में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। सुबह 10 बजे विद्यालय मैदान में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, विशेष अतिथि, प्रिंसिपल, प्रबंधक, शिक्षकगण, अभिभावक तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। मुख्य अतिथि श्री आर. पाठक (वाइस-प्रेसिडेंट, एड-टेक एवं प्रोफेशनल मैराथन रनर, लीड्स एडिडास रनरझ्रदिल्ली) ने गुब्बारों का गुच्छा उड़ाकर खेल दिवस का शुभारम्भ किया। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने छात्रों को नियमित खेल, स्वस्थ जीवनशैली और अनुशासन का महत्व समझाया। विशिष्ट अतिथि श्री वी. विक्रमन (डीआईजी, एसएसबी) परिवार सहित उपस्थित रहे। विशेष अतिथि श्री एवं श्रीमती टी. जॉनसन (यूएसए) ने विद्यालय के वातावरण और बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की तथा प्रबंधन को सफल आयोजन के लिए बधाई दी अतिथियों का स्वागत विद्यालय प्रबन्धक आर. रेंबल, प्रिंसिपल जे. रेंबल, अमित श्रीवास्तव सहित शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा माला और बुके भेंटकर सम्मानपूर्वक किया गया। विद्यालय के छात्रों को चार हाउस (ग्रुप्स) रेंबल हाउस, मकेव हाउस, विलियम्स हाउस और सैमुअल हाउस में विभाजित कर विविध खेल स्पधाएँ आयोजित की गईं।पूरा दिन विद्यालय मैदान उत्साह से भरा रहा। मैराथन दौड़, लम्बी दौड़, रिले रेस, जिमनास्टिक, पेरेंट रेस, टीचर रेस, मटकी दौड़, प्लेट बॉल बैलेंस, धीमी साइकिल रेस, फीता दौड़ सहित अनेक आकर्षक प्रतियोगिताओं में बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिस्पर्धा के खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला।

गणना प्रपत्र संग्रह और डिजिटाइजेशन को मतदेय स्थलों पर विशेष कैम्प आयोजितः डीएम

बाराबंकी। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जानकारी देते हुये बताया कि जनपद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 का कार्य गतिमान है। जिसको लेकर 30 नवम्बर को विशेष कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर गणना प्रपत्र प्राप्त कर डिजिटाइजेशन एवं मैपिंग का कार्य करेंगें। तथा संबंधित विभागीय अधिकारी कार्यों का पर्यवेक्षण कर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने आगे बताया कि जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर 30 नवम्बर को विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिन मतदाताओं द्वारा अभी तक गणना प्रपत्र जमा नहीं किये गये है। वे मतदाता अपना गणना प्रपत्र बूथ लेबिल आफिसर के पास जमा कर सकते है।

टीईटी निर्णय पर पुनः विचार को लेकर शिक्षकों ने कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया को सौंपा ज्ञापन

बाराबंकी। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सेवारत शिक्षकों के संदर्भ में 1 सितम्बर 2025 के टीईटी निर्णय पर पुनः विचार एवं विधायी हस्तक्षेप को लेकर राष्ट्रीय शिक्षक महासंघ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में शिक्षकों ने ओबरी आवास पहुंच कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया को ज्ञापन सौपा। इस मौके पर सांसद श्री पुनिया ने कहा कि 1 दिसम्बर से आरम्भ सदन मे आवश्यक विधि और नीतिगत उपाय अपनाये जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनः विचार याचिका प्रस्तुत करना तथा आवश्यकता पड़ने पर सदन में संसोधन विधायक लाकर शिक्षकों का अधिकार अधिनियम 2009 के संबन्धित प्रावधानों में सुधार करना सम्मिलित होने को लेकर केन्द्र सरकार से मांग करेंगे।

पीएम सूर्यघर मुक्त बिजली योजना के तहत स्थापित हेल्प डेस्क में कार्मिकों की लगाई गई ड्यूटी

बाराबंकी। पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर आवेदको उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु विद्युत वितरण खंड बाराबंकी के लिए कार्मिक कार्यकारी सहायक हर्षवर्धन गुप्ता, कंप्यूटर ऑपरेटर मोहम्मद शाहबाज, विद्युत वितरण खंड हैदरगढ़ में शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु बनाए गए हेल्पडेस्क में कार्मिक शिविर सहायक पुष्पेंद्र कुमार, सुजीत कुमार, विद्युत वितरण खंड रामसनेहीघाट में पीएम सूर्य घर योजना पटल का कार्य नियमित अनुसरण व संपादन हेतु कार्यकारी सहायक विष्णु यादव, विद्युत वितरण खंड रामनगर में हेल्प डेस्क के लिए कार्यकारी सहायक राजमणि सिंह, विद्युत वितरण खंड फतेहपुर में कार्यकारी सहायक सुरेश कुमार यादव, आलोक वर्मा की विद्युत वितरण खंड वार कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है।

गायत्री महायज्ञ का देवशक्तियों की विदाई जयघोष के साथ समापन

बाराबंकी। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में पल्हरी चैराहा स्थित जेब्रा पार्क में चल रहे चार दिवसीय 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं शक्ति संवर्धन कार्यक्रम देव शक्तियों की विदाई, महापूर्णाहुति, शंखध्वनि, शांति पाठ, जय घोष के साथ संपन्न हुआ। कई पालियों में केंद्रीय टोली द्वारा हवन कराया गया। समापन की पूर्व संध्या पर मुख्य पंडाल मंच पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के प्रति कुलपति डॉ0 चिन्मय पंड्या ने कहा कि वयम्‌ राष्ट्रे जागृयाम पुरोहितः, हम पुरोहित राष्ट्र को जीवन्त और जागृत बनाए रखेंगे। हम सभी लोग मात्र दीपक को जलाने के लिए एकत्रित नहीं हुए हैं। बल्कि स्वयं दीपक बनकर समाज को समर्पित हो जाए। 5100 दीपको की छटा ने आयोजन स्थल को रमणीय बना दिया। यज्ञशाला मंडप में सांसद तनुज पुनिया ने देव मंच पर पूजन अर्चन करके 33 कोटि देव शक्तियों की विदाई दिया। महापूणार्हुति के बाद भोजन प्रसाद के लिए लंबी कतारे लगी।

मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

बहराइच। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत मिशन शक्ति टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जाजनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर, विद्यालयों में जाकर व चौपाल लगाकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया साथ ही मानव तस्करी / बच्चों की तस्करी के संबंध में भी पुलिस टीम द्वारा विस्तार से जानकारी दी गयी तथा संबंधित को बताया गया कि इस तरह की अवैध गतिविधियों से कैसे सुरक्षित रहा जा सकता है । अंत में महिलाओं को आत्म-रक्षा के सरल तरीके तथा खतरनाक परिस्थितियों से बचने के उपाय भी साझा किए गए ।

जनवादी लेखक संघ की हुई बैठक

अयोध्या। जनवादी लेखक संघ अयोध्या इकाई की बैठक आज प्रेसक्लब में संघ के अध्यक्ष मोहम्मद जफर की अध्यक्षता और कोषाध्यक्ष मुजम्मिल फिदा के संचालन में सम्पन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव डॉ विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि लेखक संघ की राज्यकमेटी की बैठक कल सुबह दस बजे से प्रेसक्लब में होगी, इस बैठक में करीब तीस जिलों के राज्य कमेटी सदस्य बैठक में शामिल हो रहे है। इस बैठक में पूरे साल भर की सांगठनिक कार्यक्रम तय किए जाएंगे। और कार्यक्रम की सारी तैयारी हो चुकी है। संघ की संयुक्त सचिव पूजा श्रीवास्तव व विनीता कुशवाहा ने कहा कि बैठक के बाद दो अंजी से लेखक संघ गोरखपुर के आठ कवियों का जनपद कविता कार्यक्रम के तहत कविता पाठ होगा जो पांच बजे तक चलेगा। बैठक में डॉ विशाल श्रीवास्तव, मुजम्मिल फिदा, वाहिद अली, डॉ नीरज सिंहा, कुमकुम भाग्या, डॉ राजीव श्रीवास्तव, बृजेश श्रीवास्तव, ओमप्रकाश रोशन, कबीर पूजा श्रीवास्तव, डॉ विनीता कुशवाहा, अखिलेश सिंह और महावीर पाल मौजूद रहे।

संक्षेप

कार और ई-रिक्शा में टक्कर तीन घायल

अमेठी।जिले के कमरौली थाना क्षेत्र में तेज रफ़्तार ने एक बार फिर हादसे का रूप ले लिया। औद्योगिक क्षेत्र रोड नंबर 2 के पास एक तेज रफ़्तार कार और ई-रिक्शा की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में ई-रिक्शा सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर जुटे और घायलों को बाहर निकालकर राहत कार्य में मदद की। तीनों घायलों को सामुदायिक वाहन की सहायता से इलाज के लिए ट्रामा सेंटर जगदीशपुर भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ़्तार काफी तेज थी, जिस कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और यह टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी पुलिस को भी दे दी गई है। स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुटी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगा रही है।

दस हजार का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

बाजारशुकुल, अमेठी।एसपी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में शुक्रवार को थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 227/23 धारा 376,506 भादवि व 3(2)(5) व 3(2)(श) एससी एसटी एक्ट थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी में वांछित इनामिया अभियुक्त सोनू उर्फ इसराक पुत्र इसरार खान निवासी बदलगढ़ थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त थाना बाजारशुक्ल पर पंजीकृत अभियोग में लगभग 2 वर्षों से फरार चल रहा था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तारी के संबंध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पुरस्कार पाकर खुश हुए नौनिहाल

भेटुआ ,अमेठी। छात्रों को स्वस्थ रखने और उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से पी डी एन जी इंटर कालेज मे प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय खेल कूद का आयोजन किया गया जिसका शनिवार को समापन हो गया। विकास खंड भेटुआ के म ई गाँव मे स्थित पी डी एन जी स्कूल मे आयोजित खेल कूद मे कबड्डी,खो खो,क्रिकेट, ऊँची कूद लम्बी कूद, भाला फेक दौड़ आदि खेल सम्पन्न हुए ।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि रहे भेटुआ ब्लॉक प्रमुख आकर्ष शुक्ल ने कहा कि विद्यालय मे ऐसे आयोजनों से छात्र छात्रों की छिपी प्रतिभा मे निखार आता है और उनका शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कार्यकम मे सम्मिलत पीपरपुर थानाध्यक्ष श्री राम पाण्डेय ने छात्रों का खेल के प्रति उत्साह वर्धन किया और उन्हे पुरस्कृत किया। खो खो मे नंदनी,क्रिकेट मे कुंवर विक्रम,कबड्डी उची कूद ,लम्बी कूद मे अनुष्का,भाला फेक मे शिवांश तिवारी को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक मल्लूराम, प्रबंधक अरविन्द गुप्ता, प्रधानाचार्य रती श्रीवास्तव, अंकिता श्रीवास्तव,दिनेश कुमा के सैकड़ो की संख्या मे अभिभावक मौजूद रहे।

मारपीट में युवक की मौत

परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

बछरावां, रायबरेली। उन्नावं जनपद के मौरावां थाना क्षेत्र के रहने वाले दीरपालगंज निवासी शैलेंद्र कुमार 29 वर्ष पुत्र सूरजू प्रसाद शनिवार शाम अपनी बहन के नंद के घर पूरा थाना गुरबक्श गंज शादी समारोह में जा रहे थे। तभी जैसे ही शैलेंद्र कुमार इचैली गांव के चौराहे पर पहुंचे तो किसी युवक के द्वारा बाइक में टक्कर मार दी। जिसके बाद विवाद में उन्नाव जनपद के ही रहने वाले सिंहन खेड़ा निवासी राजकुमार से मारपीट हो गई। कुछ देर बाद राहगीरों ने जब देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से युवक को सीएचसी पहुंचाया जहां मौजूद चिकित्सकों ने युवक को प्राथमिक उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया।

युवक का विवाह 4 वर्ष पूर्व भरहन का पूरवा गांव निवासी श्री चंद्र की बेटी मंजू लता से हुआ था। मृतक युवक के पिता सुरजू प्रसाद ने बताया की उनके बेटे सिंगल खेड़ा गांव निवासी राजकुमार द्वारा मारपीट कर हत्या कर दी गई है। कोतवाल राजीव सिंह ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम भेजा गया है रिपोर्ट आने पर मौत का असली कारण पता चल पाएगा। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

रायबरेली। थाना सलोन पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी थाना सलोन क्षेत्र में पहले से चोरी के कई मामलों में वांछित चल रहे थे। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मुकदमा अपराध संख्या 499/2025 धारा 303(2)/317(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत वांछित चल रहे अभियुक्त चोरी की मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना सलोन की पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्ति-वाहन चेकिंग के दौरान दोनों अभियुक्तों को रंगे हाथों धर दबोचा। गिरफ्तार किये गये घनश्याम साहू पुत्र बिंदेश्वरी साहू, निवासी नयी बाजार, थाना सलोन, अनिल साहू उर्फ सिटू पुत्र सत्यनारायण, निवासी पैगम्बरपुर पूर्वी, थाना सलोन के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस बरामद किया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी की गई तथा उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

एसपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज

महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के कपूरपुर मजरे हलोर गांव निवासिनी काजल पत्नी सिद्धार्थ ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर पति के खिलाफ प्रताड़ना का आरोप लगाया है। शिकायत में काजल ने बताया कि उसकी शादी 15 जून 2021 को सिद्धार्थ पुत्र राजेश कुमार जो कि महराजगंज ब्लाक में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत है उनके साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। दहेज में प्रार्थिनी के पिता ने उचित दान दहेज व स्विफ्ट डिजायर कर दिया था। प्रार्थनी के अनुसार उसके पति शराब पीकर मारते पीटते हुए पांच लाख रुपए की मांग करते हैं उसे ताना मारते हुए कहते हैं कि तुम्हारे पापा दहेज में दिया ही क्या है। स्कॉर्पियो गाड़ी दहेज में देना चाहिए था। प्रार्थनी ने बताया कि पति ने उसे दो बार बेल्टों से मारा पीटा तो उसने 112 पुलिस कि मदद से उसकी जान बची। प्रार्थनी ने बताया कि उसकी पुत्री नैन्शी को उसके पति कहते हैं कि उसे हम घर लाकर उसकी शादी कर लेंगे और तुम्हें मार डालेंगे। आयेदिन उसे दारु, शराब पीकर मारते-पीटते हैं। मामले में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

अभद्र टिप्पणी को लेकर ब्राह्मण महासभा ट्रस्ट ने सौंपा ज्ञापन

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। ब्राह्मण समाज की बेटियों पर अभद्र टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के आईआईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के ऊपर लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शनिवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ट्रस्ट की तरफ से प्रधानमंत्री को संबोधित पांच सूत्री ज्ञापन एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी को सौंपा गया। दिए गए ज्ञापन में आईएएस संतोष वर्मा के ब्राह्मण समाज की बेटियों पर की गई अभद्र टिप्पणी गंभीर अपराध है। उनके विरुद्ध मानहानि का मुकदमा दर्ज कर विभागीय कार्यवाही किए जाने तथा अभद्र टिप्पणी लोक सेवा नियमावली का उल्लघन एवं दंडक्तमक अपराध है। उनके विरुद्ध दंडात्मक वैधानिक विभागीय कार्यवाही किए जाने एवं जेल भेजे जाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में ट्रस्ट के राष्ट्रीय संयोजक विश्वनाथ मिश्र, राष्ट्रीय महासचिव रमेश कुमार त्रिपाठी, प्रदेश प्रवक्ता मनोज कुमार पांडेय, जिला अध्यक्ष राम नायक तिवारी, हृदय नारायण शुक्ल, सीताराम मिश्र आदि मौजूद रहे।

अमेठी में जल्द दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक डबल डेकर बसें

• बस अड्डा निर्माण और चार्जिंग पॉइंट की तैयारी तेज, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की घोषणा

अमेठी। जिले में आधुनिक परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए बड़ी पहल की जा रही है। शुक्रवार देर शाम 8 बजे परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने घोषणा की है कि अमेठी में जल्द ही इलेक्ट्रिक डबल डेकर बसों का संचालन शुरू होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि के यहां आयोजित बहुभोज में पहुंचे मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इन बसों का ट्रायल वर्तमान में जारी है और शुरुआती परिणाम बेहद सकारात्मक रहे हैं। मंत्री ने कहा कि ट्रायल सफल होते ही इन बसों को नियमित सेवा में शामिल कर दिया जाएगा, जिससे यात्रियों को आरामदायक, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक बस संचालन के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और इनके तैयार होते ही बस सेवा औपचारिक रूप से शुरू कर दी जाएगी इसी के साथ, जिला मुख्यालय पर लंबे समय से लंबित बस अड्डा निर्माण भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। नया बस अड्डा आधुनिक सुविधाओं—प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, पार्किंग और स्वच्छ शौचालय—से सुसज्जित होगा। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य अमेठी को आधुनिक परिवहन सुविधाओं से जोड़ना है। उन्होंने यह भी बताया कि अयोध्याप्रयागराज मार्ग पर इलेक्ट्रिक बसें पहले से चल रही हैं और जल्द ही अमेठी भी इस नेटवर्क से जुड़ जाएगा।

स्कूटी सवार को बचाने में ब्रिज से लटका ट्राला

लालगंज, रायबरेली। स्कूटी सवार को बचाने में रेलकोच सामान लेकर जा रहा ट्राला दुर्घटनाग्रस्त होकर ओवरब्रिज से लटक गया। जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिये ओवरब्रिज में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई।

जानकारी के अनुसार रेलकोच का सामान लेकर जा रहे ट्राले के चालक अरविंद यादव निवासी आजमगढ़ ने बताया कि डलमऊ ओवरब्रिज के ऊपर वह जा रहा था तभी एक अनियंत्रित स्कूटी सवार उसके सामने आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में ट्राला रेलिंग से टकराकर हवा में लटक गया। ओवरब्रिज से ट्राला लटका देखकर लोगो की सांसे अटग गई। जिसे काफी मषक्कत के बाद क्रेन की मदद से सीधा किया गया और उसमें बैठे अनुज व सौरभ समेत ड्राईवर अरविंद ने राहत की सांस ली। पुलिस ने बताया कि कुछ समय के लिये जाम लगा था क्रेन की सहायता से ट्राला को उतारकर यातायात चालू कर दिया गया है।

ओवरलोड ट्रकों से अवैध वसूली मामले में यात्रीकर अधिकारी व चालक निलंबित

रायबरेली। जिले में ओवरलोड ट्रकों को पास कराने के नाम पर लंबे समय से चल रही अवैध वसूली की शिकायतों पर शासन ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में जिले की यात्रीकर अधिकारी रेहाना बानो को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उनके निजी चालक को भी निलंबित किया गया है।

यह पूरा मामला उस बड़े खुलासे से जुड़ा है जिसमें बीते दिनों उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने छापेमारी की थी। एसटीएफ की जांच में पता चला था कि ओवरलोड वाहनों को बिना चेकिंग के पास कराने के एवज में अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा प्रति वाहन 5 हजार रुपये की अवैध वसूली की जा रही थी। जांच के दौरान लोकेटरों (स्थानीय मुखबिर) के मोबाइल फोन से 114 ओवरलोड वाहनों की पूरी लिस्ट बरामद हुई थी। इन वाहनों को नियमों को ताक पर रखकर पास कराया गया था। प्रत्येक वाहन से 5,000 रुपये की रिश्वत ली जा रही थी। कुल वसूली की राशि लाखों रुपये में बताई जा रही है।

एसटीएफ की टीम ने सबूतों के आधार पर तत्कालीन एआरटीओ अंबुज, पीटीओ रेहाना समेत कुल 11 लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक षड्यंत्र के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। यह लालगंज कोतवाली में एसटीएफ इंस्पेक्टर द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई थी। सूबे की योगी सरकार ने एसटीएफ की रिपोर्ट मिलते ही बिना देरी किए यात्रीकर अधिकारी रेहाना बानो और उनके चालक को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए। विभागीय स्तर पर आगे की जांच भी जारी है और अन्य कर्मियों-अधिकारियों पर भी गाज गिर सकती है। परिवहन विभाग में लंबे समय से ओवरलोड वाहनों की अवैध वसूली की शिकायतें आ रही थीं। इस कार्रवाई से आम जनता में राहत की लहर है वहीं विभाग के अंदर हड़कंप मचा हुआ है।

यातायात माह में पुलिस के सघन चेकिंग अभियान में 485 वाहनों का चालान

• बिना हेलमेट के पकड़े गए 386 चालक

रायबरेली। यातायात माह के तहत शुक्रवार को रायबरेली पुलिस ने जिले भर में यातायात नियमों की सख्ती से पालना कराने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में यह अभियान पूरे दिन चला।

यातायात पुलिस की टीमें जनपद के प्रमुख चैराहों व तिराहों पर तैनात रही। इनमें डिग्री कॉलेज चैराहा, सिविल लाइन, रतापुर चैराहा, लालगंज तिराहा, पुलिस लाइन चैराहा, बरगद चैराहा सहित अन्य व्यस्त स्थानों पर विशेष नाके लगाए गए। अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करना तथा आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा। पुलिस ने बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, काली फिल्म, फैंसी/गलत नंबर प्लेट, नो पार्किंग जोन में पार्किंग तथा गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्ती दिखाई। साथ ही मौके पर ही लोगों को समझाइश दी गई कि वे स्वयं तो यातायात नियमों का पालन करें ही, अपने परिवार, गांव-मोहल्ले, रिश्तेदारों व मित्रों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

अभियान में फॉल्टी/फैंसी नंबर प्लेट के 17 चालान, बिना सीट बेल्ट के 10 चालान, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी के 48 चालान, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने के 12 चालान, बिना हेलमेट के 386 चालान, गलत दिशा में वाहन चलाने के 12 चालान समेत अन्य यातायात उल्लंघनों सहित 485 चालान किये हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि यातायात माह के दौरान इस तरह के सघन अभियान पूरे माह चलते रहेंगे ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और लोगों की जान-माल की रक्षा हो सके। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि यातायात नियमों का स्वेच्छा से पालन करें, क्योंकि यह नियम हमारी और दूसरों की सुरक्षा के लिए ही बनाए गए हैं।

सड़क हादसे में युवक की मौके पर हुई मौत, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल

अमेठी।जिले में जामो थाना क्षेत्र के हेरुवा गांव के पास शनिवार को तेज रफ़्तार का कहर देखने को मिला। मोड़ पर अनियंत्रित हुई बाइक एक मकान की दीवार से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार युवक सोनू (18), निवासी जायस, की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक फुरकान (20), निवासी कुड़वार, जनपद सुलतानपुर, गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल फुरकान को तत्काल सीएचसी जामो भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार मृतक सोनू किसी कार्यवश सुल्तानपुर जिले के कुड़वार स्थित फुरकान के घर गया हुआ था। वहां से लौटते समय फुरकान उसे बाइक से छोड़ने जायस जा रहा था। तभी हेरुवा गांव के पास मोड़ पर तेज रफ़्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय लोग हादसे को तेज रफ़्तार और मोड़ पर लापरवाही का नतीजा बता रहे हैं। गांव में घटना के बाद शोक की लहर है। घटना की जानकारी मिलते ही जामो कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दे दी गई है। पंचायतनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

वास्तविक भावनात्मक सुरक्षा की कमी आत्महत्या की प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रही है : शांतिलता कुमारी

सुलतानपुर (वीओएल)। राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, सुलतानपुर के बी.एड. विभाग में विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों, अध्यापकों और प्रशिक्षणार्थियों ने विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर चर्चा की। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर शांतिलता कुमारी ने कहा कि मानसिक दबाव, सामाजिक अपेक्षाएँ, तुलना की प्रवृत्ति और भावनात्मक सुरक्षा की कमी युवा विद्यार्थियों को सबसे अधिक प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अत्यधिक निर्भरता भी एकांतिकता को बढ़ा रही है, जिससे विद्यार्थी वास्तविक जीवन में सामंजस्य स्थापित नहीं कर पा रहे हैं। यह स्थिति आत्महत्या की प्रवृत्ति को और गहरा बना रही है। डॉ. संतोष अंश ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी अद्वितीय होता है, इसलिए उन्हें समझने और सहयोग देने की आवश्यकता है, न कि तुलना और आलोचना करने की। आत्महत्या समस्याओं से भागने का प्रयास है, समाधान नहीं। हर जीवन अधिक मूल्यवान है, और कठिनाइयों से लड़ने की हिम्मत विकसित की जानी चाहिए। डॉ. सीमा सिंह ने कहा कि परिवार और विद्यालय दोनों को मिलकर विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। भावनात्मक स्थिरता और काउंसलिंग उनकी मूलभूत आवश्यकता बन चुकी है। प्रशिक्षणार्थियों कृअभिषेक, अंशिका पाण्डेय, लक्ष्मीकांत, खुशी सिंह, अनुपम वर्मा, शिखा मौर्या, श्वेता मौर्या और आदर्श दीक्षितकृने भी आत्महत्या रोकथाम के उपायों पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन वर्षा यादव ने किया। विभागाध्यक्ष डॉ. भारती सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मानसिक सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

चोरी के बाद हुई आगजनी का खुलासा करने में पुलिस नाकाम

जगदीशपुर अमेठी। योगीराज मे चोर गुंडा बदमाश अपराधी माफिया जहाँ इलाका छोडकर अपने जान की खैर मना रहे हैं तो वहीं पुलिस की लचर कार्यशैली के चलते क्षेत्र मे ऐसे लोगों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं बेखौफ चोरो ने ताला तोडकर घर मे रखा लाखों का सामान समेटने के बाद आशियाना आग के हवाले करके फरार हो गए जिसका हफ्तों बाद भी सुराग लगाने मे पुलिस नाकाम है जिससे क्षेत्रवासियो मे भय व्याप्त है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पूरे मुराइन मजरे बाबूपुर सरैया निवासी राम सजीवन मौर्य जो दिल्ली से आने के बाद मकान मे ताला लगाकर निमंत्रण मे चले गए थे उसी रात मौका पाकर अज्ञात चोरो ने घर मे रखा सोने चांदी के जेवरात कपडा एलसीडी अनाज व दस हजार नगदी समेत लाखों का माल समेटने के बाद भी संतोष नहीं हुआ तो घर मे आग लगाकर रफू चक्कर हो गए देर रात जब उनकी निमंत्रण से वापसी हुई तो घर का ताला टूटा पडा देखकर दंग रह गए जब मकान के अंदर जाकर देखा तो आग की लपटों मे आशियाना धू धू करके जल रहा था हल्ला गुहार पर ग्रामीणों ने दौडकर आग बुझाई सुबह भुक्तभोगी द्वारा थाने मे तहरीर देकर कार्यवाई की मांग किया तब हरकत मे आई पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर मुकदमा पंजीकृत कर लिया तथा भुक्तभोगी को आश्वासन दिया कि जल्द ही मामले का खुलासा कर चोरो को जेल भेजा जाएगा परंतु हफ्तों का समय बीत जाने के बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर ना पहुंच कर हवा मे तीर चला रही है वहीं हैरत की बात तो यह है कि भुक्तभोगी ने बताया कि मेरे पास एक फोन आया था कि मैं थाने से बोल रहा हूँ पांच हजार दे जाओ तुम्हारा सामान मिल जाएगा भुक्तभोगी ने मामले की जांच कराकर खुलासे की मांग किया है।इस संबंध मे कोतवाल धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच के लिए पुलिस टीम निरंतर प्रयासरत है जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

हैंडबाल प्रशिक्षक प्रवीण मिश्रा ने नारायणपुर में दिये जीत के टिप्स

सुलतानपुर (वीओएल)। जिले के भदैया ब्लॉक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर में आज हैंडबॉल का प्रशिक्षण दिया गया, खेल निदेशालय के तत्वावधान में क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर द्वारा सभी प्रशिक्षकों को यह निर्देश दिया गया कि खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करें एवं ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाओं का निखार करने के लिए उनके द्वारा जिले के विद्यालयों में जाकर प्रशिक्षण देने का कार्य किया जाय इस मुहिम को मद्देनजर रखते हुए स्टेडियम कोच प्रवीण मिश्रा के द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर में बालक बालिकाओं को हैंडबाल में प्रशिक्षित किया गया। साथ ही उन्हें हैंडबॉल से संबंधित सभी जानकारियां दी, क्रीड़ा अधिकारी ने बताया की पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में नामित सभी खेल प्रशिक्षक बेसिक के विद्यालयों इंटर कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज में जाकर सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर की टीम तैयार करने के लिए चिन्हित करने का कार्य करें जिससे उनकी खेल प्रतिभाओं को निखारा जाए इस मुहिम में स्टेडियम कोच रामनरेश चंचल भट्टाचार्य प्रदीप यादव आशुतोष गुप्ता प्रवीण मिश्रा प्रदीप यादव श्यामधर ओझा आनंद श्रीवास्तव आशा रानी के द्वारा जिले में खेल प्रतिभाओं को निखारने का कार्य किया जाएगा साथ ही उन्होंने बताया की इस समय विधायक खेल प्रतियोगिता गतिमान है, जिसमें विजेता खिलाडियों को जीत के लिए उत्साहित किया जाए, जिसके लिए डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ. रविंद्र शुक्ला, क्रीड़ा प्रभारी बृजेश सिंह, माध्यमिक क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

एसआईआर में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने वाले बीएलओ को किया गया सम्मानित

• एक पैर टूटने के बावजूद ऊषा सिंह देवी ने पूरा किया पूरा काम, बनीं मिसाल

सुलतानपुर (वीओएल)। जिला निर्वाचन अधिकारी के कुशल निर्देशन में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2026 के तहत मतदाताओं को गणना प्रपत्र (एसआईआर) के वितरण और फीडिंग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया गया। अभियान का उद्देश्य निर्वाचन नामावली को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है, जिसमें बीएलओ की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। विधानसभा-187 इसौली के बूथ संख्या 51 के बीएलओ विजय कुमार को गणना प्रपत्र फीडिंग में शत-प्रतिशत उपलब्धि पर ईआरओ/उप जिलाधिकारी बल्दीराय प्रवीण कुमार एवं एईआरओ अरविंद तिवारी द्वारा प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कादीपुर तहसील में भी अनेक बीएलओ ने अपनी जिम्मेदारी का सराहनीय निर्वहन किया। बूथ संख्या 56 धतुरहा की बीएलओ विजय लक्ष्मी सिंह, बूथ 80 कोटिया की बीएलओ सावित्री यादव, बूथ 132 नरोत्तमपुर के हरिशंकर, बूथ 241 मिसिरपुर जलालपुर के कमिश्रर कुमार सिंह और बूथ 270 हरथुआवभनपुर की सुनीता देवी को भी उत्कृष्ट कार्य पर सम्मानित किया गया। सबसे प्रेरक उदाहरण बूथ संख्या 261 पहाड़पुर वैश्य की बीएलओ ऊषा सिंह देवी का रहा, जिन्होंने एक पैर टूटने के बावजूद समय से पूर्व सभी मतदाताओं को प्रपत्र वितरित कर फीडिंग का कार्य शत-प्रतिशत पूरा किया। उनके समर्पण की सभी अधिकारियों ने सराहना की। अखंडनगर बूथ 374 की बीएलओ (शिक्षामित्र) को भी एसडीएम कादीपुर उत्तम कुमार ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। अधिकारियों ने कहा कि बीएलओ का यह समर्पण जिले में निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाता है।

फ्रेशर पार्टी में नये विद्यार्थियों का स्वागत

जसवंतनगर, इटावा। चौ. सुघर सिंह फामेर्सी कॉलेज, जसवंतनगर में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत एवं सम्मान के लिए रूबरू फ्रेशर पार्टी 2025 का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव तथा स्वधा अस्पताल की निदेशक डॉ. अंजलि यादव द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ विद्यार्थियों ने समूह नृत्य, एकल गायन, कविता पाठ, नाट्य प्रस्तुति एवं मॉडलिंग जैसी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने भी उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की। पूरे सभागार में तालियों और उत्साह का वातावरण बना रहा। फ्रेशर पार्टी का मुख्य आकर्षण मिस्टर फ्रेशर एवं मिस फ्रेशर प्रतियोगिता रही। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के व्यक्तित्व, व्यवहार, मंच प्रस्तुति और आत्मविश्वास के आधार पर विजेताओं का चयन किया। प्रथम वर्ष की छात्रा सौम्या को मिस फ्रेशर 2025 तथा प्रथम वर्ष के छात्र राघव को मिस्टर फ्रेशर 2025 के खिताब से सम्मानित किया

गया। मिस फ्रेशर द सौम्या (बी.फार्मा प्रथम वर्ष) तथा मिस्टर फ्रेशर राघव बी.फार्मा प्रथम वर्ष का नाम पूरे कार्यक्रम में विशेष चर्चा का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर संस्था के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने कहा कि चौ. सुघर सिंह फामेर्सी कॉलेज का उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, नवाचार और नेतृत्व क्षमता का समग्र विकास करना है। उन्होंने कहा कि फामेर्सी आज के समय का अत्यंत संभावनाशील क्षेत्र है, जिसमें देश एवं विदेश दोनों में रोजगार के उत्कृष्ट अवसर उपलब्ध हैं और विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कॉलेज के निदेशक डॉक्टर प्रदीप यादव ने कहा कि किसी भी संस्थान की पहचान उसके विद्यार्थियों से होती है और जब छात्र ज्ञान, चरित्र, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़ते हैं तभी संस्थान की सफलता सिद्ध होती है।

कम प्रगति वाले सेंटर का एसडीएम ने किया निरीक्षण

अमेठी/भादर। शनिवार को एस डी एम आशीष सिंह ने एस आई आर की प्रगति बढ़ाने के लिए भादर विकास खंड के कम प्रगति वाले मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम प्रधानों और कोटेदारों के साथ ग्राम्य विकास विभाग और पंचायती राज विभाग के सभी कार्मिकों को बूथ लेवल अधिकारियों का सहयोग करते हुए एस आई आर के काम को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।एस डी एम आशीष सिंह ने सबसे पहले खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव के साथ बैठक कर बूथवार एस आई आर की प्रगति की समीक्षा की।घोरहा के बी एल ओ रामदेव, शिवकरन गुप्ता और आशा देवी से गणना प्रपत्रों की फीडिंग और संकलन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।बी एल ओ आशा देवी ने बताया कि सुपरवाइजर दो दिन पहले जो फार्म लेकर गये हैं, उनकी भी फीडिंग अभी तक नहीं हो पाई है, इसलिए रिपोर्ट कम शो कर रही है।एस डी एम ने खंड विकास अधिकारी और सप्लाई इंस्पेक्टर को फोन करके ग्राम विकास विभाग के सभी कार्मिकों और कोटेदारों को अपने पास बुलाया और सभी से बूथ लेवल अधिकारियों का सहयोग करने के निर्देश दिए। संकुल शिक्षक देवांशु सिंह,कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम के इं प्र अ संजीव कुमार, ग्राम प्रधान इन्द्र बहादुर सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी सुनील सिंह, कोटेदार सुग्रीव सिंह, ब्लाक संसाधन केंद्र के अनिल यादव, सलिल मिश्र, दिनेश कुमार, शिक्षक अवनीश कुमार वर्मा, सन्ध्या गुप्ता, लालती देवी, कौशलेंद्र सिंह, स्नेहा शुक्ल, सफाई कर्मी शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

6 दिसंबर तक मंदिरो में होगा दीपदान

मथुरा। आज महावन में 84 खंबा मंदिर पर श्री कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष व्यास के सभी पदाधिकारी इकट्ठे हुए और उन्होंने वहां पर दीपदान करके भगवान के चरणों में प्रार्थना की कि हमारा श्री राम जन्मभूमि का मंदिर आजाद हो चुका है, उसी प्रकार हमारा श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर भी जल्द से जल्द आजाद हो जाए, इस मौके पर सैकड़ों पदाधिकारी उनके साथ मौजूद रहे। श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर मस्जिद केस के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने कहा कि मुगल शासको ने तलवार के दम पर हमारे श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर पर अवैध कब्जा कर लिया था, वह हम न्यायालय के सहयोग से, कलाम की ताकत से यह कब्जा जल्दी हटेगा। प्रदेश अध्यक्ष और हिंदूवादी नेता गुंजन शर्मा ने कहा कि 6 दिसंबर हमारे लिए शौर्य दिवस है, मुगल आक्रांताओं द्वारा हमारे मठ मंदिरों पर अवैध कब्जा किया गया था, वह कब्जा जल्द से जल्द हटना चाहिए, इसी परिपेक्ष में हमने ठाकुर जी के मंदिर में दीपदान किया है। विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता जयराम शर्मा ने कहा कि सभी सनातनी चाहते हैं कि मथुरा में मंदिर जल्द से जल्द आजाद हो जाए, आचार्य मृदुल कांत शास्त्री ने कहा कि दिनेश फलाहारी जी बहुत बड़ी तपस्या कर रहे हैं, सभी बृजवासी इनके साथ हैं, इस मौके पर प्रदेश मंत्री डॉ मनोज सिंह, जिला उपाध्यक्ष आशु दीक्षित, जिला अध्यक्ष नरेश ठाकुर, प्रदेश मंत्री पवन पांडे ,हरिदास बाबा ,जयराम शास्त्री ,मधुबन शास्त्री ,आनंद बल्लभ शास्त्री ,राहुल गौतम ,अनु पाठक आदि उपस्थित रहे।

तमंचा सहित गिरफ्तार

टूंडला। थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अवैध शस्त्रों की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सुचना पर पैठ तिराहा श्रीनगर के पास से एक अभियुक्त बबलू पुत्र बैजनाथ निवासी शिवसिंहपुर थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद को एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पचोखरा पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है।

वैदिक विधिविधान से आज मनायी जायेगी गीता जयंती

मथुरा। संस्कृत भारती मथुरा द्वारा मार्गशीर्ष शुक्ल मोक्षदा एकादशी गीता जयंती की पूर्व संध्या पर दिनांक 30 नवंबर रविवार को प्रातः 11 बजे से केशव दुर्ग (कंसकिले) पर संस्कृत भारती द्वारा वैदिक विधिविधान के साथ हवन पूजन, विद्वत गोष्ठी एवं विद्वत सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए संस्कृत भारती मथुरा के अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर गीता जयंती पर 108 श्रीमद्भगवद्गीता का वितरण किया जाएगा और विद्वानों द्वारा सस्वर पाठ कराया जाएगा। संस्कृत भारती मथुरा जनपद के अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर, न्यास सचिव गंगाधर अरोड़ा, हरस्वरुप यादव, श्यामसुंदर शर्मा, आचार्य मुरलीधर चतुर्वेदी, कार्यक्रम संयोजक योगेश उपाध्याय आवा, रामदास चतुर्वेदी शास्त्री, डॉ संजय शर्मा अखिलेश गौतम,संदीप चैधरी, आदि ने सभी से आग्रह किया है कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य कार्य में सहभागी बनें।

वेद सिर्फ धर्म नहीं खुद को समझने का तरीका

- संस्कृति विवि में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित
- वैदिक साहित्य के उपयोग पर ज्ञानवर्धक वक्तव्य दिये

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। संस्कृति यूनिवर्सिटी के संतोष मैमोरियल आडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में दूसरे दिन की शुरूआत जाने-माने विद्वानों के प्रेरणादायक सत्रों से हुई। विद्वान वक्ताओं ने वैदिक ज्ञान, फिलॉसफी, चेतना और आज की जिंदगी में वैदिक साहित्य के उपयोग पर ज्ञानवर्धक वक्तव्य दिए।

वैदिक ज्ञाता एवं कवि आदित्य रंगन ने पारंपरिक मंत्रों का जाप करके और हर सीखने की प्रक्रिया को एक पवित्र सोच के साथ शुरू करने के महत्व को बताकर सत्र की शुरूआत की। भारत दर्शन के संपादक प्रो. टी.एन. प्रभाकर ने कनन्ड़ प्राणायाम और इसकी पुरानी जड़ों पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय चिकित्सक आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. डॉ. साई रघुराम भट्ट को ने वैदिक साहित्य के महत्व पर जोर दिया और पब्लिकेशन और नई सीख के जरिए इज़जीवित वेदद्ध पर जोर दिया। महर्षि संदीपनी राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान उज्जेन के वाइस चेयरमैन प्रो. प्रफुल्ल कुमार मिश्रा ने भारतीय ज्ञान परंपराओं पर सोचने पर मजबूर करने वाले विचार साझा किए। उन्होंने वर्ल्ड फेयर के लिए श्री अरविंद के काम का जिक्र किया, वेदों की पढ़ाई के लिए सही समय पर चर्चा की, और सीखने के सफर में माता-पिता और गुरुओं के आशीर्वाद के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, वेद सिर्फ.धर्मग्रंथ नहीं हैं बल्कि खुद को समझने का एक तरीका हैं।

नासा, अमेरिका के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. आर. नारायण स्वामी ने ऋग्वेद के भजन , एक विद्वत संबोधन किया और इसकी दार्शनिक गहराई और हृफ्क जिसके कई नाम हैंद्ध के विचार को समझाया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैदिक पढ़ाई का मकसद सिर्फ.पुराने टेक्स्ट बताना नहीं है, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी स्पिरिचुअल विरासत से परिचित कराना है।

अगले सत्र में ऋग्वेद के 10552 मंत्रों, उसके 10 मंडलों और 1050 सूक्तों के बारे में बताया गया। इस सत्र का मुख्य संदेश था कि वेद सर्वोच्च आत्मा की बात करते हैं और सच्चाई और नेकी के मूल्य सिखाते हैं। उन्होंने स्टूडेंट्स को प्रेरित करते हुए कहा, जब रोशनी आती है, अंधेरा मिटता है। बाल रोग विशेषज्ञ विद्वान वक्ता डॉ. योगेश वाइकर ने पुरुष, विशेष पुरुष और खुद की बनावट, मन, प्रमाण और आत्मा के कॉन्सेप्ट पर बात की। उन्होंने सेल्फ-अवेयरनेस और अपनी पहचान, पैशन और उद्देश्य को समझने पर जोर दिया। उन्होंने नासदीय सूक्त और हिरण्यगर्भ सूक्त के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा वेद किताबों में नहीं आप के अंदर हैं। वैदिक स्कालर और कवि आदित्य रंगन ने अपने संस्कृत में दिए वक्तव्य में कहा कि जिंदगी को सफल क्या बनाता है? उन्होंने शांति, खुशी और खुशहाली के महत्व पर जोर दिया, और इस पर चर्चा की कि वैदिक मंत्र शारीरिक, मानसिक और आर्थिक सेहत में कैसे मदद करते हैं। स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान एवं संस्थान के कुलपति राम चंद्र भट्ट ने हृउव्वद्ध के साइंटिफिक अभ्यास पर एक सेशन किया और जाप के जरिए वेदों को समझने के पाँच खास बिंदु अरंवाणी, अंतरात्मा, अंतरयज्ञ, अंतर्दृष्टि और अंतरात्म के बारे में बताया। अगले सत्र में ओरियंटल स्टडी के विद्वान डॉ. आर.वी. जहागीरदार ने स्टूडेंट्स से बातचीत की और पूछा कि कितने वैदिक ज्ञान से परिचित हैं या वैदिक पढ़ाई में दिलचस्पी रखते हैं। उन्होंने चारों वेदों की बेसिक बातें, लगभग 20,00,000 कुल वैदिक लाइनें और अलग-अलग तरह के मंत्रों के बारे में बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वेद जीवन का जश्न मनाते हैं और हमें खुशी से जीना सिखाते हैं।

जन्मभूमि पर जगदगुरु भारतीजी का आगमन कल

मथुरा। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा ने बताया कि श्रृंगेरी पीठ के परम पूज्य जगद्गुरू उत्तराधिकारी शंकराचार्य का आगमन श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर सोमवार दिनांक 01 दिसम्बर 2025 को समय लगभग रात्रि 8:00 बजे होगा। आगमन के उपरान्त हजारों वर्ष पुरानी पीठ की परंपराओं एवं नियमों के अनुरूप भगवान श्री चन्द्रमोलीश्वर का दिव्य पूजन, आदि शंकराचार्य जी द्वारा निर्धारित विधि-विधान से होगा। भगवान चन्द्रमौलीश्वर के ऐसे अद्भुद पूजन-अभिषेक के दर्शन दैविक, दैहिक एवं भौतक तीनों प्रकार के तापों का शमन कर औघड़दानी भगवान शिवजी की परम कृपा की प्राप्ति कराते हैं। आगमन के अगले 02 नवम्बर को प्रातः श्रीकृष्ण-जन्मभूमि पर विराजमान श्रीठाकुरजी के दर्शन, अर्चन, पूजन करेंगे। तदोपरान्त श्रीकृष्ण जन्मभूमि की अति विशिष्ट गौवंश के दर्शन, पूजन एवं आरती में सम्मिलित होंगे। सर्वप्रथम जगद्गुरू भगवान श्रीकेशवदेव जी का माल्यार्पण कर पूजन करेंगे, तदोपरान्त अष्टभुजा माँ श्रीयोगमायाजी का पूजन, रक्तपुष्प एवं परम गोपनीय मंत्रों से करेंगे। इसके पश्चात अनन्तलीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण की प्राक्ट्य भूमि श्रीकृष्ण-जन्मभूमि-गर्भ गृह में भगवान को वेदमंत्रों से पुष्पॉजलि अर्पित करेंगे।

यातायात जागरूकता रैली निकाल किया जागरूक

टूंडला। कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। वरिष्ठ शिक्षक गोकुल चंद्र गौतम ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। थानाध्यक्ष पचोखरा अमित तोमर एवं सब इंस्पेक्टर प्रेमपाल सिंह सहित पचोखरा थाना स्टाफ ने छात्र छात्राओं के साथ रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। जिसमें दो पहिया वाहन लोगों को हेलमेट पहनने व निर्धारित गति में चलने और शराब पीकर वाहन न चलाने वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने तथा चार पहिया वाहन को चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करने की अपील की तत्पश्चात पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्पित पाठक ने प्राप्त किया। तथा पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ज्योति द्वितीय स्थान आयुष ने प्राप्त किया। एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार जैन ने सड़क सुरक्षा पर अपने विचार व्यक्त किए। तथा यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाले खतरों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर अमित उपाध्याय सुरेश पचौरी कौशल शर्मा शीरध्वज शर्मा अजय कुमार,नरेंद्र कुमार हरिओम शर्मा पंकज शर्मा आलोक उपाध्याय मुनेश बघेल रिचा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

घर में घुसकर युवक की पिटाई, बचाने आयी भाभी को भी किया लहूलुहान

आगरा। ट्रांस यमुना क्षेत्र के श्याम विहार कॉलोनी में दबंगों ने युवक की घर में घुसकर पिटाई की। इस दौरान बचाने आई भाभी को भी लहूलुहान कर दिया। थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के श्याम विहार कॉलोनी में सोमवार को दबंगों ने घर में घुसकर युवक से मारपीट कर दी। बीच-बचाव में आई भाभी को ईंट मारकर लहूलुहान कर दिया। श्याम विहार निवासी अमन प्रताप ने बताया कि 24 नवंबर की रात करीब 8 बजे जब वह फैक्टरी से काम कर घर लौट रहे थे, तभी पड़ोस में रहने वाले रवि, संगीत उर्फ बावा, रोहित और विकास ने घेरकर पिटाई कर दी। बचाव में वह घर के अंदर भागे, लेकिन आरोपियों ने घर में घुसकर उन्हें बाहर खींच लिया और लाठी-डंडों से मारपीट की। बिीच-बचाव करने पहुंची उनकी भाभी लक्ष्मी देवी पर आरोपियों में से एक ने ईंट से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने मामले मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आगरा में बिरयानी में यूरिन मिलाने का आरोप

आगरा। थाना सदर क्षेत्र में लोगों की भावनाओं को आहत करने का मामला सामने आया। यहां के सुदामा नगर के रहने वाले लोगों ने एक व्यक्ति पर बिरयानी में यूरिन छिड़कने का आरोप लगाया है। आरोपी के बिरयानी दुकानदार के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर क्षेत्र के सुदामा पुरम निवासी भूरी सिंह, शिव सिंह, बृजकिशोर और गंगा देवी व अन्य लोग रहते हैं। उनका आरोप है कि उनकी गली में निजाम खां रहते हैं। वो देवरी रोड पर बिरयानी की ठेल लगाते हैं। बिरयानी बनाने के लिए गली में ही मुर्गे काटता है। मुर्गों को गली में धोता है। सारा खून व मांस के चिथडे.गली में डाल देता है। इससे दिन भर कुत्ते जमा रहते हैं। गली में बदबू रहती। मोहल्ले के लोगों ने उन्हें कई बार समझाया। उनसे कहा कि वो गली में ये काम न करें। इसके अलावा लोगों का आरोप है कि वो बिरयानी में अपना यूरिन डालता है। मोहल्ले के लोगों ने कई बार उसे ऐसा करते देखा है। जब विरोध करते हैं तो उसकी पत्नी कपडे.फाड़कर झूठे केस में फंसाने की धमकी देती है। दोनों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। पुलिस ने निजाम खां और अरमान मलिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। एसीपी सदर इमरान अहमद ने बताया कि लोगों ने गली में साफ सफाई न रखने को लेकर आरोप लगाए हैं। बिरयानी में पेशाब मिलाने वाला कोई मामला नहीं है। इसके कोई साक्ष्य भी नहीं दिए गए हैं।

निर्वाचन अधिकारी ने की विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को लेकर समीक्षा

मथुरा। डीएम /जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के संबंध में एडीएम वित्त एवं राजस्व / उप जिला निर्वाचन अधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा, एसडीएम सदर / ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, डिप्टी कलेक्टर सुशील कुमार, संजय सिंह, ऊषा सिंह, नरेंद्र यादव, दीपिका मेहर, आदेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति सहित तहसील सदर क्षेत्र समस्त सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक ली। तहसील सदर क्षेत्र में प्रति 50 बूथों पर एक डिप्टी कलेक्टर की ड्यूटी लगाई गई है, जो विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यों का निरंतर निगरानी करते हुए ससमय फॉर्म कलेक्शन एवं डिजिटाइजेशन के कार्य को पूर्ण कराएंगे। जिलाधिकारी ने सभी डिप्टी कलेक्टरों से बारी-बारी से उनकी प्रगति पूछी तथा निर्देशित किया कि आगामी 2 दिनों मेंसमस्त कलेक्शन एवं फीडिंग के कार्य को सुनिश्चित करे। डीएम ने सदर क्षेत्र के समस्त 49 सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि अपने अपने बीएलओ से निरंतर संपर्क करते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य को पूर्ण कराए। आप सभी सुपरवाइजर अपने-अपने बीएलओ को प्रोत्साहित करे। जिलाधिकारी ने सुपरवाइजरों को कहा आप लोगों के सहयोग से बीएलओ को बल मिलता है। आपके सहयोग से सुगमता के साथ उक्त कार्य ससमय पूर्ण होगा। घर-घर जाकर तत्परता के साथ फॉर्म कलेक्ट / एकत्रित करे और फॉर्म की फीडिंग / डिजिटाइजेशन तेजी से कराए।

सिंगल-यूज प्लास्टिक व प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान जारी

मथुरा। प्रदेश में सिंगल-यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान ह्लअभियान 7.0ह्व के तहत नगर निगम द्वारा सख्त कार्रवाई जारी है। शासन के निदेर्शानुसार यह अभियान 24 नवंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और नगर की स्वच्छता को मजबूत बनाना है। साथ ही लोगों में प्लास्टिक-मुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग, भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाने और दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों के उपयोग को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। अभियान को गति देने के लिए सहायक नगर आयुक्त श्रीमती कल्पना सिंह चैहान के नेतृत्व में सभी जोनों में सफाई निरीक्षकों एवं ईटीएफ टीमों द्वारा सघन निरीक्षण किए गए। टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग एवं भंडारण पाए जाने पर कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग, भंडारण एवं विक्रय करने वालों पर 15,000 रुपए का जुमार्ना वसूला गया। करीब 5 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त की गई। व्यापारियों एवं नागरिकों को पर्यावरण-अनुकूल बैग अपनाने और प्लास्टिक-मुक्त बाजार विकसित करने के लिए जागरूक किया गया।

जशोदा बेन ने किये कृष्ण जन्मभूमि के दर्शन

मथुरा। सादगी की प्रतीक जशोदा बेन ने आज सांय अपने परिजन सहित श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचकर सभी मन्दिरों के दर्शन किए । पूजाचार्यों द्वारा मंगलाचरण कर पुष्पांजलि अर्पित कराने के उपरान्त उन्हें प्रसादी चुनरी व प्रसाद देकर अखण्ड सौभाग्यवती रहने का आशीष प्रदान करने की प्रार्थना की। दर्शन उपरान्त वे प्रसन्न मुद्रा में दिखों व मन्दिर प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए व पुनः आगमन के लिए कहते प्रस्थान किया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, प्रबंधक राजेश पांडेय व प्रभारी जनसंपर्क विजय बहादुर सिंह की उपस्थिति रही।

आगरा में पुलिस ने धक्का दिया या हादसा?

- दबिश के दौरान 8वीं मंजिल से कैसे गिरे अधिवक्ता, सीसीटीवी से खुलेगा मौत का राज

आगरा। पुलिस की दबिश के दौरान आखिर आठवीं मंजिल से वे कैसे गिरे, अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। वकील की मौत का राज जानने के लिए अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी फुटेज और 2 पुलिसकर्मियों के मोबाइलों को जांच के लिए लखनऊ की विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा है। थाना सिकंदरा के मंगलम आधार अपार्टमेंट की आठवीं मंजिल से गिरकर अधिवक्ता सुनील शर्मा की मौत हुई थी। इसका राज क्राइम सीने दोहराए जाने के बाद भी नहीं खुल सका है। विधि विज्ञान प्रयोगशाला आगरा की रिपोर्ट में अधिवक्ता को धक्का देने की पुष्टि नहीं हो सकी है। साक्ष्य नहीं मिलने की वजह से 21 महीने बाद भी विवेचना अटकी है। अब विवेचक ने अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी फुटेज व 2 पुलिसकर्मियों के मोबाइलों को जांच के लिए लखनऊ की विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा है। घटना 1 मार्च 2024 की है। आगरा एडवोकेट्स एसो. के पूर्व अध्यक्ष सुनील शर्मा मंगलम आधार अपार्टमेंट की आठवीं मंजिल पर फ्लैट में रह रहे थे। उनके खिलाफ थाना न्यू आगरा में अपहरण सहित अन्य धारा में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। इस मामले में पुलिस उनके फ्लैट पर पहुंची थी। अधिवक्ता आठवीं मंजिल से गिर गए थे। उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद अधिवक्ताओं ने आंदोलन किया था। पत्नी सुनीता शर्मा ने पुलिसकर्मियों पर आरोप लगाया था। इस मामले में पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने कई दिन जांच की थी। जून 2024 में विवेचना सीबीसीआईडी को ट्रांसफर कर दी गई थी। अभी विवेचना जारी है। सीबीसीआईडी से मिली जानकारी के मुताबिक, घटना के कुछ दिन बाद क्राइम सीन दोहराया गया था। विधि विज्ञान प्रयोगशाला टीम ने आठवीं मंजिल से पुतला गिराकर देखा था। यह पता किया गया था कि धक्का देने पर कोई व्यक्ति भूतल पर गिरता है तो कहां गिरेगा और खुद पैर फिसलने पर गिरेगा तो भूतल पर किस स्थान पर गिरेगा। सुनील शर्मा जिस स्थान पर गिरे थे। उससे हादसे की संभावना ज्यादा जताई गई है। धक्का देने की तरफ संभावना कम ही बन रही है। एफएसएल आगरा ने इस संबंध में अपनी रिपोर्ट दे दी थी। विवेचक ने रिपोर्ट का अध्ययन किया है। मगर इस रिपोर्ट के साथ ही अन्य रिपोर्ट का भी मिलान किया जा रहा है। सीबीसीआईडी के विवेचक कई बिंदुओं पर जांच कर रहे हैं। घटना पुलिस दबिश के दौरान ही हुई थी। पत्नी ने कहा था कि उनके सामने घटना हुई थी। पुलिसकर्मियों ने दबिश दी थी। घटना के समय दो पुलिसकर्मियों ने फ्लैट पर पहुंचने के दौरान पत्नी से बातचीत के वीडियो बनाए थे। अपार्टमेंट परिसर में 12 कैमरे लगे हैं। एक कैमरे में सुनील शर्मा गिरते दिखे थे। उनकी पत्नी भी सीढ़ियों से नीचे जाते हुए और ऊपर आते हुए दिखी थीं। पुलिसकर्मियों के मोबाइल के वीडियो और सीसीटीवी फुटेज में सुनील के गिरने के समय में ज्यादा अंतर नहीं है।

गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की 41 लाख से अधिक की संपति जब्त

फिरोजाबाद/शिकोहाबाद। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत शनिवार को अभियुक्त के लाखों की संपत्ति को जब्त कर लिया। पुलिस ने जब्त चल अचल संपति पर नोटिस बोर्ड लगा कर खरीद फरोख्त अवैध घोषित किया है। शनिवार को एसडीएम डॉ गजेन्द्र सिंह, सीओ अरुण कुमार चौरसिया प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने संगठित गिरोह बनाकर गम्भीर अपराध करने वाले पर गैंगस्टर अभियुक्त के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने थाना मक्खनपुर से सम्बन्धित शातिर अभियुक्त मंशाराम पुत्र नारायन निवासी जहांगीरपुर गैलरई, थाना मक्खनपुर की गिरोहबंद एंव असामाजिक क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत 41 लाख 7 हजार छः सौ पन्द्रह रुपए की चल अचल सम्पत्ती को जब्ती कर लिया। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त मंशाराम ने अपने लडके रोहित उर्फ आशु को अपने संगठित गैंग का लीडर बनाया जो कि बल्वा, मारपीट, जान से मारने का प्रयास, अपहरण, छल कपट, षड़यंत्र आदि जैसे गम्भीर अपराध करके अवैध धन अर्जित किया है। पुलिस ने जबगीकरण की गई संपति पर नोटिस बोर्ड चस्पा किया है। जिसमें उक्त संपति को खरीद फरोख्त अवैध होगा।

किसान नेता ने नपा पर लगाये भ्रष्टाचार के आरोप

शिकोहाबाद। अखिल भारतीय किसान यूनियन प्रदेश महासचिव विशेष यादव ने नगर पालिका प्रशासन पर नाले निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। किसान नेता ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपए की लागत से नगरपालिका ने 15 दिन पूर्व ही एक नाले का निर्माण किया है, जो प्रतापपुर चौराहा, यादव कॉलोनी, हाईवे की तरफ बना हुआ है। लेकिन नाला बनने के बाद भी पानी की निकासी नहीं हो रही है। नालों के पानी को इंजनो से निकाला जा रहा है। किसान नेता ने कहा कि एक नाले का यदुवंश नगर में निर्माण हुआ है। उसमें भी भ्रष्टाचार हुआ है। प्रशासन को मामले की जांच करनी चाहिए। यादव कालोनी की तरफ हाईवे के किनारे नाले का निर्माण घटिया सामग्री से हुआ है। किसान नेता ने आरोप लगाया नगर पालिका प्रशासन ने करोड़ों रुपए की लागत से सोलर लाइट खरीदी है। वह लाइट अच्छी नहीं है। बिल्कुल भी प्रकाश नहीं है। जिससे प्रतीत होता है कि सोलर लाइट घटिया क्वालिटी की खरीदी गई हैं। मलिखानपुर रोड़ आर्दशनगर, नटराजपुरम कॉलोनी के रोड़ पर नाले का पानी रोड पर बह रहा है। जिससे लोगों को दिक्कत हो रही है।

कैश लूट में पीसीआर में लिये गये दो अभियुक्तों से 16 लाख बरामद

फिरोजाबाद। थाना मक्खनपुर क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 30-9-2025 को जीके कंपनी की गाड़ी से कैश लूट की घटना को अंजाम देने वाले जिला कारागर में निरु द्ध दो लुटेरे अभियुक्तों को न्यायालय के आदेश के क्रम में पीसीआर पर लिया गया जिनकी निशांदेही पर शनिवार को दोनों अभियुक्तों से लूट के 16 लाख रुपए अलग-अलग स्थानों से बरामद किए गए। जिसमे अभियुक्त तुषार की निशांदेही पर 10 लाख एवं दूसरे अभियुक्त दुष्यंत की निशांदेही पर 6 लाख कुल 16 लाख लूट के बरामद किए गए हैं। इस लूट में पुलिस ने शामिल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था जिससे करीब 1 करोड़ 62 लाख रुपए कैश, लूट के रूपयों से खरीदा गया मोबाइल बाइककी पर्ची ब्रासलैट भारी मात्रा में असलहा एवं घटना में प्रयुक्त क्रेटा व फॉर्च्यूनर गाड़ी चार पहिया बरामद की गयी थी।

संत प्रेमानंद ने लिया श्रीराधारानी का आशीर्वाद

मधुसूदन शर्मा

मथुरा। संत प्रेमानंद महाराज ने शनिवार को बरसाना स्थित श्रीजी मंदिर (राधारानी मंदिर) के दर्शन किए। उन्होंने यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और अपनी आराध्य देवी राधारानी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने देश और समाज की सुख-समृद्धि के लिए भी प्रार्थना की।

वृंदावन से बरसाना पहुंचने के बाद संत प्रेमानंद महाराज ने सुदामा चैक स्थित मंदिर की सीढ़ियों से पैदल चलकर श्रीजी मंदिर में विराजमान राधारानी के दर्शन किए। राधारानी के चरणों में नमन कर उन्होंने स्वयं को धन्य महसूस किया। प्रेमानंद महाराज के बरसाना आगमन की सूचना मिलते ही उनके अनुयायियों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। उनके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु लालायित दिखे। इस दौरान

पूरे बरसाना में उत्सव जैसा माहौल बन गया।

बरसाना के निवासियों और श्रद्धालुओं ने प्रेमानंद महाराज का अत्यंत गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान हर तरफ राधे-राधे की ध्वनि गूंज रही थी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। स्थानीय लोगों ने महाराज श्री के प्रति अपनी श्रद्धा और प्रेम व्यक्त किया। अपनी सहजता और सरल प्रवचनों के लिए प्रसिद्ध प्रेमानंद महाराज ने इस यात्रा के माध्यम से एक बार फिर राधारानी के प्रति अपनी अनन्य भक्ति का प्रदर्शन किया। उनके दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त कर उपस्थित भक्तगण अभिभूत हुए। उनकी यह यात्रा ब्रज क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

करणपुरा शनि देव मंदिर में भक्तों की लंबी कतार

आगरा। ग्राम पंचायत करणपुरा में स्थित शनि देव मंदिर में हर शनिवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। दूर-दूर से श्रद्धालु यहां पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। शनिवार के दिन मंदिर में लंबी कतारें लगती हैं, जहां भक्त अपनी बारी का इंतजार करते हैं। वर्षों से यहां सरसों का तेल चढ़ाने और दीपक जलाकर मनोकामनाएं मांगने की परंपरा चली आ रही है। ग्राम पंचायत वासियों के अनुसार, आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग शनिवार को यहां आते हैं। इस दिन मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना करने वालों की भीड़ लगी रहती है।

एनसीसी कैडेटों ने साइकिल रैली निकाल कर यातायात के प्रति जागरूक किया

टूंडला। राम सिंह महाविद्यालय नगला सिकन्दर टूण्डला एटा रोड़ फिरोजाबाद में एनसीसी स्थापना दिवस के अवसर पर एनसीसी के समस्ट कैडिटो द्वारा साइकिल रैली निकाल कर यातायात नियमों की जानकारी दी गयी साइकिल रेली राम सिंह महाविद्यालय से रतिगढी तक चलायी गयीं। साइकिल रैली का शुभारम्भ कॉलेज प्रवन्धक डा०डी०पी० सिंह ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम के इस अवसर पर कालेज प्राचार्य डा० बी० पी० सिंह ने सभी कैडिटो को यातायात नियमों का पालन करने और एनसीसी मोटो एकता और अनुशासन का पालन करने के लिए कहा गया। कार्यक्रम के इस अवसर पर कालेज सी०टी०ओ० वी०पी-सिंह एवम्‌समस्त कालेज स्टाफ मौजूद रहा।

संक्षेप

मिल्कमेड ने खीर प्रेम का उत्सव मनाया

नयी दिल्ली। नेस्ले मिल्कमेड, जो स्वादिष्ट डेजर्ट के लिए मशहूर है, 30 नवंबर को वर्ल्ड खीर डे मनाने की घोषणा करता है झ यह दिन उस मिठाई को समर्पित है जिसके साथ लगभग हर भारतीय घर बड़ा हुआ है। खीर वह मिठाई है जो सच में पूरे भारत को जोड़ती है बनाने के तरीके और सामग्री अलग हो सकती हैं, लेकिन इसका स्वाद और इससे जुड़ी यादें सबको एक साथ लाती हैं। त्योहारों से लेकर घर वापसी और रोजमर्रा की खुशियों तक, खीर हमेशा से पूरे देश में साथपन का प्रतीक रही है। मिल्कमेड ने इस परंपरा को आसान, जल्दी और उतना ही सुकूनभरा बनाकर ज़िंदा रखने में मदद की है। वर्ल्ड खीर डे एक ऐसे डेजर्ट को सेलिब्रेट करने का हमारा तरीका है जो देश भर की पीढ़ियों को जोड़ता है। खीर हर इलाके में अलग-अलग तरह से बनाई जाती है, लेकिन इसमें हर जगह एक जैसा प्यार और पुरानी यादें होती हैं। मिल्कमेड के साथ, हमें उम्मीद है कि हमारे कस्टमर रिच और क्रीमी खीर का मजा ले पाएंगे जिसका स्वाद बहुत बढ़िया होता है।

हयात प्लेस बुटवल ने शुभारंभ का जश्न मनाया

नयी दिल्ली। हयात प्लेस बुटवल नेपाल में तीसरा होटल का आधिकारिक रूप शुभारंभ हुआ । इसके साथ ही हयात प्लेस ब्रांड का वैश्विक रूप से उन बाजारों में विस्तार हुआ है जो मेहमानों और ह्लवर्ल्ड ऑफ हयातह्न सदस्यों के लिए महत्वपूर्ण हैं। नया होटल हयात प्लेस ब्रांड के सहज डिजाइन, आरामदायक वातावरण और उपयोगी सुविधाओं से सुसज्जित है, जिनमें मुफ्त वाई-फाई और 24 घंटे भोजन उपलब्धता शामिल है। हयात प्लेस बुटवल को व्यवसायिक और हॉलिडे मनाने वाले यात्रियों की विविध आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यहयात्रियों को आरामदायक स्थान प्रदान करता है ।

स्विगी ने रिपोर्ट हाउ इंडिया ईट्स का 2025 संस्करण जारी किया

नयी दिल्ली। स्विगी ने अपनी सालाना रिपोर्ट हाउ इंडिया ईट्स का 2025 संस्करण जारी किया। यह रिपोर्ट स्विगी और कियर्नी की साझेदारी में बनाई गई है। यह फ्लैगशिप रिपोर्ट का दूसरा संस्करण है और दिखाता है कि भारतीय ग्राहकों की खाने-पीने की आदतें किस तरह बदल रही हैं। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि भारत का फूड सर्विसेज मार्केट 2030 तक 125 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर जाएगा। इसमें असंगठित क्षेत्र के मुकाबले संगठित क्षेत्र 2 गुणा तेजी से बढ़ेगा। संगठित क्षेत्र भोजन सेवाओं में कुल विकास का 60 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा हासिल करेगा और असंगठित क्षेत्र से आगे निकल जाएगा। भोजन सेवाओं में विकास की बहुत अधिक संभावना है। भारत की जीडीपी में इसका योगदान 1.9 प्रतिशत है, जबकि चीन में यह 5 प्रतिशत और ब्राजील में 6 प्रतिशत है।

पाकिस्तान ने सीमा से 72 आतंकी लॉन्चपैड हटाए

जम्मू। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकियों को भारतीय सीमा में धकेलने के लिए तैयार 72 से अधिक लॉन्चपैड को अंदरुनी इलाकों में स्थानांतरित कर दिया गया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि सरकार सीमा पार अभियान ऑपरेशन सिंदूर का दूसरा संस्करण शुरू करने का फैसला करती है, तो बल दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाने के लिए तैयार है। अधिकारियों ने हालांकि कहा कि बीएसएफ 7-10 मई तक चार दिनों तक चली सैन्य कार्वाई को रोकने पर बनी सहमति का सम्मान कर रही है। बीएसएफ के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) विक्रम कुंवर ने संवाददाताओं से कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ द्वारा सीमा पर कई आतंकी लॉन्चपैड को नष्ट कर दिया गया था जिसके बाद पाकिस्तान सरकार ने ऐसे केंद्रों को भीतरी इलाके में स्थानांतरित कर दिया है लगभग 12 लॉन्चपैड सियालकोट और जफरवाल में काम कर रहे हैं, जो वास्तव में सीमा पर नहीं हैं। उन्होंने कहा इसी तरह सीमा से दूर अन्य भीतरी इलाकों में 60 लॉन्चपैड काम सक्रिय हैं। कुंवर ने बीएसएफ के जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आईजी), शशांक आनंद और डीआईजी कुलवंत राय शर्मा के साथ 2025 में बल की उपलब्धियों को उजागर करने के लिए आयोजित एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।

एकजुटता व भाईचारा भारत की परंपरा : भागवत

हम राष्ट्रीयता शब्द का इस्तेमाल करते हैं, राष्ट्रवाद का नहीं, राष्ट्र के प्रति अत्यधिक गर्व के चलते हुए दो विश्व युद्ध

एजेंसी

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि महात्मा गांधी का यह विचार कि ब्रिटिश शासन से पहले भारतीयों में एकता का अभाव था, औपनिवेशिक शिक्षा से प्रेरित एक गलत विमर्श है।

भागवत ने नागपुर में राष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव में कहा, गांधीजी ने (अपनी पुस्तक) हिंद स्वराज में लिखा है कि अंग्रेजों के आने से पहले हम एकजुट नहीं थे, लेकिन यह उनके द्वारा हमें सिखाई गई झूठी कहानी है। गांधीजी द्वारा 1908 में गुजराती में लिखी गई और 1909 में उनके द्वारा अंग्रेजी में अनुवादित हिंद स्वराज में 20 अध्याय हैं और यह पाठक और एक सम्पादक के बीच बातचीत की शैली में लिखा गया है। भागवत ने कहा कि भारत की राष्ट्र की अवधारणा प्राचीन और पश्चिमी व्याख्याओं से मूलतः भिन्न है। उन्होंने कहा हमारा किसी से कोई विवाद नहीं है। हम विवादों से दूर रहते हैं। विवाद करना हमारे देश के स्वभाव में नहीं है। एकजुट रहना और भाईचारे को बढ़ावा देना हमारी परंपरा है। उन्होंने कहा कि दुनिया के अन्य हिस्से संघर्षपूर्ण परिस्थितियों में विकसित हुए हैं। भागवत ने कहा एक बार कोई मत बन जाने के बाद उससे अलग कोई भी विचार अस्वीकार्य हो जाता है। वे अन्य विचारों के लिए दरवाजे बंद कर देते हैं और उसे वाद कहकर पुकारने लगते हैं। उन्होंने कहा हम राष्ट्रीयता शब्द का इस्तेमाल करते हैं, राष्ट्रवाद का नहीं। राष्ट्र के प्रति अत्यधिक गर्व के कारण

दो विश्व युद्ध हुए और यही कारण है कि कुछ लोग राष्ट्रवाद शब्द से डरते हैं।

भागवत ने कहा कि यदि राष्ट्र की उस परिभाषा को माना जाये, जो पश्चिमी संदर्भ में समझी जाती है, तो उसमें आमतौर पर एक राष्ट्र की व्यवस्था होती है, जिसमें केंद्र सरकार क्षेत्र का संचालन करती है, लेकिन भारत हमेशा से एक राष्ट्र रहा है, चाहे अलग-अलग शासन-व्यवस्थाएं रही हों या विदेशी शासन का समय रहा हो। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत की राष्ट्रीयता अहंकार या अभिमान से नहीं, बल्कि लोगों के बीच गहरे अंतर्संबंध और प्रकृति के साथ उनके सह-अस्तित्व से उपजी है। उन्होंने कहा हम सब भाई हैं, क्योंकि हम भारत माता की संतान हैं। हमारे बीच धर्म, भाषा, खान-पान, परंपराओं या राज्यों जैसे किसी मानव-निर्मित तत्व के आधार पर विभाजन नहीं है। विविधता के बावजूद हम एकजुट रहते हैं, क्योंकि हमारी मातृभूमि की यही संस्कृति है। उन्होंने उस ज्ञान के महत्व पर भी जोर दिया जो विवेक की ओर ले जाता है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि व्यावहारिक समझ और सार्थक जीवन जीना केवल जानकारी रखने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सच्ची संतुष्टि दूसरों की मदद करने से मिलती है - यह ऐसी अनुभूति है, जो क्षणिक सफलता के विपरीत जीवनभर बनी रहती है। इस बीच, भागवत ने कार्यक्रम में युवा लेखकों से कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी प्रौद्योगिकी का आगमन रोका नहीं जा सकता, लेकिन इसका इस्तेमाल करते हुए नियंत्रण हमारे पास होना चाहिए और हमें अपनी गरिमा बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई का उपयोग मानवता के हित में और मनुष्य को बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए।

दिल्ली में डेरी कर्मचारी को लूटने का आरोपी गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भागीरथी विहार में एक डेरी कर्मचारी को पिस्तौल की नोक पर कथित तौर पर लूटने वाले 26-वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान न्यू मुस्तफाबाद निवासी मोहम्मद आकिब के रूप में हुई है और उसे बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल, दो कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 17 नवंबर को हुई जब दो व्यक्ति पूर्वाह्न करीब 9:30 बजे भागीरथी विहार स्थित एक डेरी स्टोर में घुसे। उसने बताया कि शिकायतकर्ता 16-वर्षीय छात्र है और अंशकालिक नौकरी करता है। उसने बताया कि वह नकदी गिन रहा था तभी आरोपी ने उसे पिस्तौल दिखाकर धमकाया और पैसे लेकर भाग गया।

सरकारी सुधारों, विनिर्माण प्रोत्साहन से दूसरी तिमाही की वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत हुई : गोयल

एजेंसी

वडोदरा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए अनेक कदमों और सुधारों की वजह से चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में अर्थव्यवस्था ने 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

गोयल ने कहा कि वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता के बावजूद देश का निर्यात भी अच्छी वृद्धि दर्ज कर रहा है। उन्होंने यहां सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय पदयात्रा में भाग लिया और इस दौरान कहा, 8.2 प्रतिशत की यह वृद्धि सरकार द्वारा किए गए ढेर सारे सुधारात्मक उपायों को दर्शाती है। घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और कारोबार में सुगमता लाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

गुजरात सरकार इस पदयात्रा का आयोजन करमसद से राज्य के नर्मदा जिले स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में कर रही है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि दर उन दावों का खंडन करती है जो कुछ वर्गों द्वारा किए जा रहे थे, और यह दर्शाती है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। गोयल ने कहा, हम निरंतर और मजबूत वृद्धि देखते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अक्टूबर अवधि के दौरान भारत के माल और सेवाओं के निर्यात ने भी उच्च वृद्धि दर्ज की है। अप्रैल-अक्टूबर अवधि में माल निर्यात मामूली 0.63 प्रतिशत बढ़कर 254.25 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 6.37 प्रतिशत बढ़कर 451.08 अरब डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में सेवा निर्यात 237.55 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 216.45 अरब डॉलर था।

भारत का जीडीपी आंकड़ा मजबूत आर्थिक लचीलेपन का प्रमाण : विशेषज्ञ

नयी दिल्ली। विशेषज्ञों के अनुसार चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि मजबूत घरेलू मांग, सेवाओं के निर्यात में मजबूती और कम मुद्रास्फीति के चलते संभव हुई। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन भारत की मजबूत आर्थिक क्षमता को दर्शाता है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शोध रिपोर्ट में कहा गया, भारत की वृद्धि गाथा नई, बड़ी और साहसिक उंचाइयों को छू रही है। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में छह तिमाहियों का सर्वोच्च 8.2 प्रतिशत का आंकड़ा इसी की पुष्टि करता है।

ऑपरेशन सिंदूर नागरिक- एकीकरण का शानदार उदाहरण

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर नागरिक-सैन्य एकीकरण का एक शानदार उदाहरण है, जहां प्रशासनिक तंत्र ने जनता का विश्वास स्थापित करने और महत्वपूर्ण सूचनाओं के संचार के लिए सशस्त्र बलों के साथ मिलकर काम किया।

वह उत्तराखंड के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में 100वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने युवा सिविल सेवकों से राष्ट्रीय हितों की रक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को समझने और

बहादुर सैनिकों की तरह ऐसी गंभीर परिस्थितियों के लिए हमेशा तैयार रहने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर नागरिक-सैन्य एकीकरण का एक शानदार उदाहरण है, जहां प्रशासनिक तंत्र ने महत्वपूर्ण सूचनाओं के संचार और जनता का विश्वास स्थापित करने के लिए सशस्त्र बलों के साथ मिलकर काम किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों ने संतुलित प्रतिक्रिया में पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया, लेकिन यह पड़ोसी देश का दुर्व्यवहार था जिसने सीमा पर स्थिति को सामान्य नहीं होने दिया।

सिंह ने जहां सैनिकों की बहादुरी की सराहना की, वहीं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किए गए कार्य की भी सराहना की, क्योंकि उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारी का संचार किया तथा देश भर में मॉक ड्रिल का सफल संचालन सुनिश्चित किया। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शासन और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया।

सरकार, एडीबी ने विकास परियोजनाओं के ऋण समझौते पर किए हस्ताक्षर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात में विकास परियोजनाओं के लिए 80 करोड़ डॉलर से अधिक के तीन ज णों के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

80 करोड़ डॉलर

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कृषि में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए महाराष्ट्र बिजली वितरण संवर्धन कार्यक्रम (50 करोड़ डॉलर), इंदौर मेट्रो रेल परियोजना (19 करोड़ डॉलर) और गुजरात कौशल विकास कार्यक्रम (10 करोड़ डॉलर) के लिए ज ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा, असम में आगामी सतत आर्द्रभूमि एवं एकीकृत मत्स्य परिवर्तन (स्विफ्ट) परियोजना के कार्यान्वयन में सहायता के लिए 10 लाख डॉलर की तकनीकी सहायता के लिए भी समझौता किया गया।

यह परियोजना राज्य के आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी तंत्र और मत्स्य पालन को मजबूत करने के लिए तैयार की गई है। महाराष्ट्र परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण विद्युत अवसंरचना का आधुनिकीकरण करना, वितरित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देना तथा किसानों को सिंचाई के लिए सौर बिजली उपलब्ध कराकर कृषि उत्पादकता में सुधार करना है।

जम्मू में शून्य घुसपैठ लिए बीएसएफ सतर्क : आईजी

एजेंसी

जम्मू। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को बताया कि बल जम्मू क्षेत्र में सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ को शतप्रतिशत रोकने के लिए पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण का काम एक महीने के भीतर पूरा कर लिया गया। बीएसएफ के जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक शशांक आनंद ने वार्षिक प्रेस वार्ता में बल की प्रमुख उपलब्धियों और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसकी भूमिका की जानकारी दी। आनंद ने यह भी कहा कि बल सर्दियों के महीनों के लिए नवीनतम उपकरणों से सुसज्जित है, जिनमें कोहरे की स्थिति में भी देखने में सक्षम उपकरण शामिल हैं। उन्होंने कहा, जम्मू के इस संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्र में बीएसएफ वर्ष के 365 दिन और 24 घंटे, दिन हो या रात, सतर्क रहता है चाहे परिस्थितियां और मौसम की स्थिति (बारिश, कोहरा, ठंड या गर्मी) कैसी भी हो। हमें चौकियों को

बाढ़ से क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की मरम्मत पूरी

न छोड़ने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। आनंद ने बीएसएफ के उप महानिरीक्षक विक्रम कुंवर और कुलवंत राय शर्मा के साथ यहां संवाददाताओं से कहा, मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मनों से लड़ते हुए हमारे दो बहादुर सैनिक शहीद हो गए, जबकि सितंबर में हमारा एक बहादुर सैनिक प्रागवाल में अग्रिम चौकी पर तैनाती के दौरान डूब गया, जबकि वह अच्छा तैराक था। उसने सीमा चौकी नहीं छोड़ी और मौत को चुना, जिससे पता चलता है कि हमारे सैनिक देश को सर्वोपरि मानते हैं। आईजी ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल हमेशा सतर्क रहता है और सीमा पार की गतिविधियों पर नजर रखता है। उन्होंने कहा कि अपने विश्वसनीय सूत्रों के कारण, उसे आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ की संभावित कोशिशों के बारे में समय पर जानकारी मिल जाती है। जम्मू में बल का नेतृत्व कर रहे आनंद ने कहा, अगर मैं जम्मू-कश्मीर क्षेत्र की बात करूं, तो विभिन्न एजेंसियां मिलकर काम करती हैं। बीएसएफ, सेना, खुफिया ब्यूरो, विशेष ब्यूरो, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण और कई अन्य सहयोगी एजेंसियां हैं, जिनके माध्यम से हमें लगातार जानकारी मिलती रहती है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि बल किसी भी चुनौती के लिए तैयार है।

कॉरपोरेट प्रशासन प्रावधानों का अनुपालन न करने पर नोटिस

एजेंसी

कोलकाता। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) को शनिवार को बताया कि उसे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बीएसई से नोटिस मिला है। ये नोटिस 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही में सेबी के सूचीबद्धता नियमों के तहत कंपनी प्रशासन के कई प्रावधानों का पालन न करने के कारण मिला है। शेयर बाजार को दी जानकारी में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने कहा कि दोनों शेयर बाजारों ने विनियम 17(1), 18(1) तथा 19(1)I19(2) के उल्लंघन को चिह्नित किया है। इन उल्लंघनों में स्वतंत्र निदेशकों (महिला स्वतंत्र निदेशक सहित) की अनिवार्य उपस्थिति, लेखा परीक्षा समिति तथा नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति के गठन से जुड़े नियम शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि इन उल्लंघनों के लिए एनएसई और बीएसई ने अलग-अलग 9,77,040 रुपये का जुर्माना लगाया है। जीआरएसई ने नोटिस का जवाब देते हुए कहा कि चूंकि वह रक्षा मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, इसलिए निदेशक मंडल में नियुक्तियां भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपति के आदेश से की जाती हैं। कंपनी ने कहा कि यह गैर-अनुपालन केवल इसलिए हुआ क्योंकि सरकार ने आवश्यक निदेशकों की नियुक्ति नहीं की, जो कंपनी के नियंत्रण से परे है।

पेज एक का शेष

भारतीय एयरलाइंस

ए320 श्रेणी के काफी विमानों में उड़ान नियंत्रण के लिए जरूरी डेटा खराब हो सकता है और इस समस्या को ठीक करने के लिए सॉफ्टवेयर अपडेट करने के दौरान परिचालन में बाधा आएगी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के 29 नवंबर सुबह 10 बजे तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कुल 338 में 189 ए320 परिवार के विमानों का सॉफ्टवेयर अपग्रेड पूरा हो चुका है। सभी प्रभावित विमानों पर यह काम 30 नवंबर सुबह 5:29 बजे तक पूरा करना अनिवार्य है। डीजीसीए ने शनिवार को एयरलाइंस को तत्काल प्रभाव से जरूरी सॉफ्टवेयर अपग्रेड करने का निर्देश जारी किया। यह कदम एयरबस के वैश्विक स्तर पर अलर्ट जारी करने और यूरोपीय एविएशन सेफ्टी अथॉरिटी (ईएएसए) के आपातकालीन निर्देश जारी करने के बाद उठाया गया।

वंदे मातरम पर

मातरम के जरिए अपने प्रेम का इजहार करना चाहें, करें। बाकी लोग अपने तरीके से देश से मुहब्बत जताएं, यह उनका हक है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी की तकरीर को लेकर हंगामा खड़ा हो गया है। भोपाल में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की गवर्निंग बॉडी काउंसिल की मीटिंग में मौलाना महमूद मदनी ने सुप्रीम कोर्ट पर गंभीर सवाल उठाए हैं। मदनी ने कहा कि अदालतें सरकार के दबाव में काम कर रही हैं। मदनी ने यहां तक कह दिया कि सुप्रीम कोर्ट को सुप्रीम कहने का अधिकार नहीं है। मौलाना मदनी ने सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसलों और उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बाबरी मस्जिद और तलाक जैसे मामलों में अदालतों पर सरकार का प्रभाव साफ दिखता है। इबादतगाह (प्रार्थना स्थल) कानून को नजरअंदाज करते हुए ज्ञानवापी और मथुरा विवादों की सुनवाई होना चिंता का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट को तभी 'सुप्रीम' कहलाने का हकदार है जब वह संविधान की पाबंदी करे। अगर ऐसा नहीं होता, तो उसके सुप्रीम होने पर ही सवाल खड़े हो जाते हैं। महमूद मदनी ने मुस्लिम समुदाय को मायूसी से बचने की अपील करते हुए कहा, मायूसी किसी भी कौम के लिए जहर है। वहीं जिहाद पर बोलते हुए मौलाना मदनी ने कहा कि इस्लाम के विरोधियों ने जिहाद को हिंसा का पर्याय बनाकर पेश किया है। उन्होंने कहा, लव जिहाद, भूमि जिहाद, थूक जिहाद जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर मुसलमानों का अपमान किया जा रहा है। जबकि इस्लाम में जिहाद एक पवित्र कर्तव्य है। कुरान में इसके अलग-अलग अर्थ हैं। इंसानियत और समाज की बेहतरी के लिए। उन्होंने जोर देकर कहा, जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा, मैं इसे दोहराता हूं, जुल्म के खिलाफ खड़े होना हर आसमानी मजहब की नैतिक जिम्मेदारी है।

भारत की

नाम की। तीसरे व निर्णायक गेम में श्रीकांत ने बेहतरीन कोर्ट कवरेज की बदौलत जीत से फाइनल में जगह बनाई। 2016 के चैंपियन के. श्रीकांत अब चैंपियनशिप में अपने दूसरे खिताब की दावेदारी करेंगे। मलेशियाई मास्टर्स के उपविजेता रहे श्रीकांत की कल लंबे समय बाद घरेलू टूनामेंट में खिताब और साथ में साल के शानदार समापन पर निगाह होगी। श्रीकांत ने इससे पूर्व फ्रेंच ओपन 2017 में खिताबी जीत दर्ज की थी। श्रीकांत की अब फाइनल में हांगकांग के जेसन गुनावन से भिड़ंत होगी जो प्रतिद्वंद्वी जापान के मिनोरू कोगा के मैच छोड़ने से फाइनल में पहुंच गए। पहला गेम कोगा ने 21-12 से जीता। दूसरे गेम में जेसन ने जीत दर्ज की। तीसरे गेम में जब जेसन 11-0 से आगे थे तब जापानी खिलाड़ी ने मैच छोड़ने का फैसला किया।

महिला युगल में पिछली विजेता शीर्ष वरीय भारत की त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. ने सातवीं वरीय मलेशिया की ओंग शिन यी और कारमेन तिंग को 21-11, 21-15 से हराया। इस जोड़ी की अब फाइनल में आठवीं वरीय जापान की काहो ओसावा व माई तानाबे से टक्कर होगी जिसने दूसरी वरीय चीनी ताइपे की सुंग यू-शुआन और सू या-चिंग को 21-15, 21-19 से हराया। महिला एकल के पहले सेमीफाइनल मे पांचवीं वरीय जापान की हीना अकेची ने भारत की तन्वी शर्मा को 21-17, 21-16 से हराया। 16 वर्षीय तन्वी ने कई शानदार रैली बनाई लेकिन खेल के दौरान की गई गलतियों ने उसके प्रदर्शन पर असर डाला जिसका खामियाजा उसे हार से भुगतना पड़ा। वहीं पूर्व विश्व जूनियर नंबर वन हीना ने अपने उम्दा शॉट से मैच अपने पक्ष में किया। इसी के साथ प्री क्वार्टर में ओलंपिक पदक विजेता जापान की नोजोमी को हराने वाली जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप-2025 और यूएसओपन की उपविजेता रही तन्वी का चैंपियनशिप में सफर हार के साथ समाप्त हो गया।

यूपी में

भी गरीब को उजाड़ा नहीं जाना चाहिए, यही सरकार का संकल्प भी है। और, अगर किसी विकास की योजना को किसी गरीब की भूमि की आवश्यकता है, तो उसे अच्छा मुआवजा भी देना चाहिए, उसके लिए आवास की सुविधा भी उपलब्ध करवानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब यह संकल्प प्रारंभ हुआ तो देश का बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर देने में उत्तर प्रदेश भी सफल हुआ।

स्थापना के बाद एक दशक तक शून्य थीं गीडा की औद्योगिक गतिविधियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण की स्थापना 36 वर्ष पूर्व हुई थी। पर, स्थापना के साथ ही इस पर कुछ बीमारियों ने भी हमला प्रारंभ कर दिया था। 1989 से लेकर 1998 तक गीडा के औद्योगिक गतिविधियां लगभग शून्य रहीं। धरना-प्रदर्शन चलते थे, गोलीकांड होते थे, अव्यवस्था चलती थी। न सरकार का विजन था और न ही यहां पर कोई कार्यकरने की इच्छाशक्ति थी। परिणाम हुआ कि गीडा तो चल नहीं पाया था लेकिन गोरखपुर का खाद कारखाना जरूर बंद हो गया था। गोरखपुर में इंसेफलाइटिस की बीमारी कहर बनकर पूर्वी उत्तर प्रदेश के बच्चों को निगलती हुई दिखाई दे रही थी।

इसी दिसंबर में धरातल पर उतारेंगे पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यशस्वी नेतृत्व प्राप्त होने के बाद से हम नए बदलते हुए भारत को देख रहे हैं। बदलते हुए भारत में उत्तर प्रदेश अपने आपको पीछे नहीं कर सकता। उत्तर प्रदेश ने भी तेजी के साथ भारत के बदलाव के साथ अपने आपको तैयार किया। आज परिणाम है कि उत्तर प्रदेश के अंदर डबल इंजन की सरकार आने के बाद 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव जमीनी धरातल पर उतारे जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव इसी दिसंबर महीने में हम जमीनी धरातल पर उतारेंगे। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से लाखों नौजवानों को नौकरी और रोजगार अपने ही जनपद में, अपने प्रदेश में सुलभ कराने का एक बड़ा कार्य प्रारंभ हुआ है।

बीमारू नहीं, अब अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रदेश बन चुका है यूपी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश बीमारू नहीं बल्कि भारत की अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रदेश बन चुका है। देश की सबसे तेज विकसित अर्थव्यवस्था के रूप में उत्तर प्रदेश ने आज अपने आप को स्थापित किया है। देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क उत्तर प्रदेश के पास है। देश की पहली रैपिड ट्रेन यूपी में, देश की पहली इनलैंड वाटरवे भी यूपी में है। देश में सबसे अधिक मेट्रो सिटी उत्तर प्रदेश के पास हैं। देश के अंदर सबसे ज्यादा एयरपोर्ट यूपी में हैं।

20 दिसंबर

को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। दूरदर्शन व आकाशवाणी के जरिए मेले का सजीव प्रसारण किया जाएगा ताकि वे लोग भी मेले में वर्चुअल सहभागी हो सकें जो किंचित कारणों से इसमें शामिल नहीं हो पा रहे हों। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की तरफ से खिचड़ी मेला को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने कहा कि जो भी कार्य शेष रह गए हैं, उन्हें शीघ्रता से पूरा कर लिया जाए। ध्यान रहे सभी कार्य 20 दिसंबर तक पूरे हो जाने चाहिए। सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सहूलियत में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने खिचड़ी मेला में स्वच्छता और सफाई पर खास ध्यान देने के साथ इस मेले को जीरो वेस्ट इवेंट बनाने के लिए नगर निगम को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र मे पर्याप्त स्थायी एंव अस्थायी प्रकाश व्यवस्था भी कराएं। उन्होंने कहा कि समय रहते मंदिर मार्ग की सभी स्ट्रीट लाइट का परीक्षण कर कोई दिक्कत मिलने पर उसे दुरुस्त कर लिया जाए।

चक्रवात दित्वाह

ने 6000 राहत शिविर तैयार किए गए हैं और लोगों से सुरक्षित रहने की अपील की है। आंध्र प्रदेश में 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक भारी बारिश और 70 किमी प्रति घंटे की तक की हवाओं का अलर्ट जारी है। मछुआरों को समुद्र में जाने की सख्त मनाही है। इस तूफान का नाम यमन ने सुझाया था। 'दित्वाह' यमन के सोकोट्रा द्वीप पर स्थित दित्वाह लैगून (खारे पानी की झील) के नाम पर रखा गया है। चक्रवात दित्वाह श्रीलंका में भयानक तबाही के बाद भारत की ओर बढ़ा है। राष्ट्रपति दिसानायके ने आपातकाल लागू किया। अस्पताल, सेना और राहत एजेंसियों को तेजी से काम करने का आदेश।

अखिलेश दास

है। उन्होंने विद्यालय परिवार की एकता, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्ट शैक्षणिक परिवेश की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की जिज्ञासा, नवाचार क्षमता और सीखने का जुनून ही भारत के उज्ज्वल भविष्य का आधार है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि विद्यालय कला, संस्कृति, विज्ञान एवं तकनीक को समग्र रूप से जोड़कर विद्यार्थियों को न केवल कुशल बनाता है, बल्कि उन्हें संवेदनशील, सजग और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा भी प्रदान करता है। अंत में उन्होंने विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के संयुक्त प्रयासों की प्रशंसा करते हुए निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया। इसके पूर्व दीप प्रज्वलन एवं प्रधानाचार्या अंजना स्वामी के स्वागत उद्बोधन के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत हुई। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों का सराहनीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद बहुरंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शृंखला का शुभारंभ हुआ। दर्शकों ने छात्रों के उत्साह, अभिव्यक्ति व रचनात्मकता की हृदय से प्रशंसा की। कार्यक्रम की प्रमुख आकर्षण प्रस्तुतियों में ग्रेस मीट्स ग्रोव फ्यूजन डांस, जल संरक्षण पर आधारित प्रभावी माइम एवरी ड्रॉप काउंट्स तथा सुरमयी समूह गायन टाइमलेस मेलोडी विशेष रूप से उल्लेखनीय रहीं। पूर्व-प्राथमिक वर्ग के नन्हे बच्चों ने लिटिल मेट्रो ग्रोवर्स नृत्य और कल्पनाशील नाटक एआई फैरी लैंड के माध्यम से अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। इसी क्रम में प्रस्तुत सशक्त एवं विचारोत्तेजक नुक्कड़ नाटक परंपरा का आधार-तकनीक का विस्तार ने परंपरा और आधुनिक तकनीक के संतुलन को प्रभावशाली ढंग से उजागर किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में आकर्षक समापन प्रस्तुति और सामूहिक छायाचित्र सत्र ने इस समारोह को विशिष्ट रूप से यादगार बना दिया। राष्ट्रीय गान, धन्यवाद प्रस्ताव तथा अल्पाहार के साथ इस गरिमामयी संध्या का समापन हुआ। रूट्स टू रोबोटिक्स पर आधारित यह भव्य सांस्कृतिक उत्सव विद्यालय समुदाय के लिए प्रेरणा, प्रगति और एकता का उज्ज्वल प्रतीक बनकर सदैव स्मरणीय रहेगा।

केएल राहुल के पास भारत की स्पिन पर कोई पक्का जवाब नहीं

रांची। कार्यवाहक वनडे कप्तान केएल राहुल ने शनिवार को स्वीकार किया कि उनकी टीम की स्पिन के खिलाफ लगातार संघर्ष करना विशेषकर घरेलू पिचों पर, चिंता का विषय है लेकिन उनके पास भारत की पारंपरिक रूप से मजबूती में आई गिरावट का कोई जवाब नहीं है। उनकी यह टिप्पणी पिछले दो सत्र में टेस्ट क्रिकेट में घरेलू पिचों पर स्पिनरों के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजी लाइन-अप के बार-बार कमजोर पड़ने के चिंताजनक पैटर्न के बीच आई है जिसमें कभी भारत का दबदबा हुआ करता था। न्यूजीलैंड ने 2024 में और फिर दक्षिण अफ्रीका ने हाल में भारत को क्रमशः 3-0 और 2-0 से हराया। राहुल ने कहा, हमने पिछले कुछ सत्र में स्पिन अच्छी तरह नहीं खेली है। मुझे सच में नहीं पता कि हम पहले क्यों कर पाते थे और अब क्यों नहीं कर पा रहे। मेरे पास कोई निश्चित जवाब नहीं है। हम बस इतना कर सकते हैं कि व्यक्तिगत रूप से और बतौर बल्लेबाजी समूह यह देखें कि कैसे बेहतर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजों को तकनीकी और रणनीतिक बदलावों की तलाश करनी होगी और यह एक लंबी प्रक्रिया होगी। राहुल ने कहा, यह रातोंरात नहीं बदलने वाला। हम सुधार की जरूरतों को देखेंगे और उम्मीद है कि श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला तक हम बेहतर तरीके से तैयार रहेंगे। हम उन सीनियर खिलाड़ियों से भी सलाह लेंगे जिन्होंने स्पिन बहुत अच्छी तरह खेली है। इसी पर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने हाल में कहा था कि स्पिन के खिलाफ भारत की लचर बल्लेबाजी ने उन्हें शायद दुनिया की सबसे कमजोर स्पिन खेलने वाली टीमों में से एक बना दिया है। राहुल ने कहा कि भारतीय बल्लेबाजों को व्यक्तिगत तौर पर जवाब ढूंढ़ने होंगे और अगर वे स्पिन के खिलाफ अपनी पारंपरिक बढ़त वापस पाना चाहते हैं, तो अपनी तकनीक में सुधार करना होगा।

भारत के पास टेस्ट क्रिकेट के लिए कोई ऑफ स्पिनर नहीं है : हरभजन

मुंबई। दक्षिण अफ्रीका से हाल में खत्म हुई टेस्ट श्रृंखला में हारने के बाद महान स्पिनर हरभजन सिंह को लगा कि भारतीय टीम के पास पांच दिन के मैच के लिए कोई विशेषज्ञ ऑफ-स्पिनर ही नहीं है और उन्होंने वाशिंगटन सुंदर का कार्यभार बढ़ाने की बात कही। आर अश्विन के संन्यास के बाद एसईएनए देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) के खिलाफ पहली घरेलू श्रृंखला में भारत के स्पिनर दक्षिण अफ्रीका के सामने कमजोर पड़ गए। मेहमान टीम के स्पिनरों ने दो टेस्ट में 25 विकेट हासिल किए। हरभजन से जब पूछा गया कि क्या भारत के पास दाएं हाथ का कोई विशेषज्ञ स्पिनर नहीं है तो उन्होंने जवाब में पीटीआई से कहा, ऐसा ही लगता है। हरभजन ने कहा कि तमिलनाडु के ऑलराउंडर वाशिंगटन को एक विशेषज्ञ दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर के तौर पर खुद को स्थापित करने और ऑलराउंड कौशल के मामले में अश्विन की तरह बनने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है। भारतीय स्पिनरों में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले हरभजन ने यहां एक कार्यक्रम के मौके पर कहा, मुझे लगता है कि वॉशिंगटन सुंदर हैं, लेकिन हमें उनसे ज्यादा गेंदबाजी करवानी होगी। उन्हें एक टेस्ट मैच में 30-35 ओवर तक गेंदबाजी करवानी होगी, तभी जाकर वह एक गेंदबाज बन पाएंगे। उन्हें लगता है कि भारत को घरेलू टेस्ट मैचों के लिए टर्निंग पिच देने की आदत छोड़नी होगी। उन्होंने कहा, जिस तरह की पिचों पर हम खेल रहे हैं, उनमें किसी को गेंदबाज बनाने की जरूरत नहीं है क्योंकि हर गेंद स्पिन होती है या कुछ सीधी हो जाती है। हरभजन ने कहा, एक गेंदबाज को तभी अच्छा माना जा सकता है जब वह अच्छी पिचों पर विकेट लेता है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए अच्छी पिचें तैयार करना शुरू करने का यह सही समय है क्योंकि देश में टेस्ट क्रिकेटरों का विकास घरेलू मैदान पर टर्निंग पिचों पर खेलने की वजह से रुक गया।

संक्षेप

ओजस्विनी ने डीजीसी लेडीज एमेच्योर ओपन गोल्फ चैंपियनशिप जीती

नयी दिल्ली। ओजस्विनी सारस्वत ने यहां दिल्ली गोल्फ क्लब में 222 के कुल स्कोर के साथ 15वीं डीजीसी लेडीज एमेच्योर ओपन गोल्फ चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता। इस प्रतियोगिता में 115 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिसमें सारस्वत ने 222 अंकों के साथ ट्रॉफी जीती, जबकि केया बडुगु (225) दूसरे और योज्ञा भल्ला (232) तीसरे स्थान पर रही। अन्य खिलाड़ियों में प्रतियोगिता के अंतिम दिन एशम अग्निश ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने पांचवें होल पर एक शानदार होल-इन-वन दर्ज किया। पिछले वर्षों की तरह इस साल भी खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता से विश्व एमेच्योर गोल्फ रैंकिंग अंक हासिल किए।

अदिति गोल्फ में 11वें स्थान पर

मलागा (स्पेन)। भारत की गोल्फर अदिति अशोक यहां एंडालुसिया कोस्टा डेल सोल ओपन डी एस्पाना में दूसरे राउंड के बाद शीर्ष 10 में जगह बनाने के करीब पहुंच गई जबकि अवनि प्रशांत ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए शीर्ष 20 में जगह बना ली। इस प्रतियोगिता की पूर्व विजेता अदिति ने दूसरे राउंड में दो अंडर 70 का स्कोर बनाया और अब वह पांच अंडर 139 के साथ संयुक्त 11वें स्थान पर पहुंच गई है। अवनि ने दूसरे राउंड में तीन अंडर 69 का सर्वश्रेष्ठ कार्ड हासिल किया, जिससे उनका स्कोर चार अंडर हो गया और वह संयुक्त 17वें स्थान पर हैं। भारत की अन्य खिलाड़ियों में प्रणवी उर्स (71) एक ओवर के कुल स्कोर पर 47वें स्थान पर जबकि हिताशी बख्शी (76) और दीक्षा डागर (75) दोनों संयुक्त 64वें स्थान पर हैं।

श्रीहरि नटराज की नजरें एशियाई खेलों में सफलता पर

जयपुर। भारत के दिग्गज तैराक श्रीहरि नटराज अगले साल होने वाले राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में धूम मचाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों (केआईयूजी) में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं होने के बावजूद नौ स्वर्ण पदक जीतकर प्रभावित किया। कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक बेंगलुरु के 24 साल के श्रीहरि ने यहां नौ स्वर्ण और दो रजत सहित कुल 11 पदक जीते। उनकी अगुआई में जैन विश्वविद्यालय तैराकी में 27 स्वर्ण सहित कुल 45 पदक जीतने में सफल रहा। हाल ही में अहमदाबाद में एशियाई एक्वाटिक्स में सात पदक जीतने वाले श्रीहरि ने काफी जोर नहीं लगाने के बावजूद अपने प्रतिद्वंद्वियों को आसानी से पीछे छोड़ा। श्रीहरि ने कहा कि उन्हें जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों और अगले साल ग्लास्गो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा है। नटराज ने केआईयूजी की विज्ञप्ति में कहा, एशियन खेलों के समय मैं 25 बरस का हो जाऊंगा और यह वह उम्र है जब तैराक आमतौर पर अपने शीर्ष पर होते हैं। अब मैं अपनी तैराकी, अपने शरीर के बारे में बहुत कुछ जानता हूं और मुझे भरोसा है कि मैं वहां पदक जीत सकता हूं। एशियाई चैंपियनशिप और केआईयूजी में शानदार प्रदर्शन के बाद श्रीहरि ने कहा कि उन्हें टारगेट एशियाई खेल समूह (टीएजीजी) में शामिल होने की उम्मीद थी जिसे सरकार ने टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) की तर्ज पर लॉन्च किया है। तोक्यो 2020 और पेरिस 2024 ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रीहरि ने कहा, 2018 में पहले खेलो इंडिया खेलों के बाद मुझे टॉप्स के लिए चुना गया और मुझे जो समर्थन मिला उससे मेरे करियर में बड़ा बदलाव आया।

आज रोहित व कोहली की कड़ी परीक्षा

भारतीय टीम प्रबंधन इस श्रृंखला से चयन संबंधी समस्याओं का समाधान भी करना चाहेगा

एजेंसी

रांची। अब केवल वनडे में खेल रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार से यहां शुरू होने वाली तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला में आकर्षण का केंद्र होंगे जिससे वह 2027 में होने वाले विश्व कप के लिए अपना दावा भी मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

भारतीय टीम प्रबंधन इस श्रृंखला से चयन संबंधी समस्याओं का समाधान भी करना चाहेगा। उसे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला के दौरान चयन संबंधी मसलों के कारण आलोचना का सामना करना पड़ा था। रोहित और कोहली दोनों अब केवल एक ही अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में खेलते हैं। भारत को अगले दो महीनों में केवल छह एकदिवसीय मैच खेलने हैं। दक्षिण अफ्रीका के बाद भारतीय टीम तीन जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर तीन वनडे मैच की श्रृंखला खेलेगी। ऐसे में सभी की निगाह भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गजों रोहित और कोहली पर टिके रहना स्वाभाविक है। इन मैचों में उनके प्रदर्शन का 2027 के वनडे विश्व कप में उनकी संभावनाओं पर सीधा असर पड़ सकता है। हो सकता है कि यह उनके विश्व कप के भाग्य को पक्का न करे, लेकिन यह मैच उनके लिए ऑडिशन की तरह हो सकते हैं जिससे उनके भविष्य की राह भी सुनिश्चित होगी। संयोग से 2013 में इसी जेएससीए स्टेडियम में रोहित शर्मा पहली बार पूर्णकालिक सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेले थे जिससे सीमित ओवर की क्रिकेट में उनका करियर ही बदल दिया। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी एक दशक से भी अधिक समय बाद फिर से यहां पहुंचा है जहां वह अपने करियर को फिर से नहीं दिशा देने की कोशिश करेगा। भारत की यह एकदिवसीय श्रृंखला अगले वर्ष घरेलू मैदान पर होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले खेली जा रही है जिसमें खिलाड़ियों का प्रदर्शन उन्हें खेल के सबसे छोटे प्रारूप के आईसीसी टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभा सकता है। दक्षिण अफ्रीका से टेस्ट श्रृंखला में दोनों मैच में हारने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर भी जांच के दायरे में हैं हालांकि उनके पद को किसी तरह का खतरा नहीं है क्योंकि उनका अनुबंध 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक है। टेस्ट में मिली हार के बाद उनके रणनीतिक फैसलों और टीम चयन पर सवाल उठे। मुख्य कोच का पद संभालने के बाद से उनकी यह दूसरी बड़ी विफलता थी। ऐसे में यहां वनडे श्रृंखला गंभीर के लिए अपनी स्थिति मजबूत करने और सीमित ओवरों में भारत की दिशा को स्पष्ट करने का एक अहम मौका है। अगले साल घरेलू मैदान पर होने वाले टी-20 विश्व कप को देखते हुए वनडे उनकी तात्कालिक प्राथमिकता नहीं होगी, फिर भी गंभीर भारत की सीमित ओवरों की रणनीति में स्थिरता लाने और उसे दिशा देने के लिए उत्सुक होंगे।

इस श्रृंखला में भी भारतीय एकादश अभी तक तय नहीं हुई है और कई सीनियर खिलाड़ी टीम में नहीं हैं। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को आराम दिया गया है, जबकि नियमित कप्तान शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर चोटिल हैं। उनकी अनुपस्थिति न केवल टीम की बल्लेबाजी को कमजोर करती है, बल्कि कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल और मुख्य कोच गंभीर को भी अपनी भूमिकाएं और जिम्मेदारियां निभाने के लिए बाध्य करती है। मध्यक्रम की पहेली और भी नाजुक है। प्रबंधन को यह तय करना होगा कि ऑलराउंडर के तौर पर वाशिंगटन सुंदर को चुना जाए या फिर नितीश कुमार रेड्डी को।

जय शाह को उत्कृष्ट उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया गया

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह को सीएनएन-न्यूज18 के इंडियन ऑफ द ईयर पुरस्कार समारोह में भारतीय महिला क्रिकेट में योगदान के लिए उत्कृष्ट उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शाह ने शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में अपना पुरस्कार भारतीय महिला क्रिकेट और हाल ही में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम को समर्पित किया।

शाह ने कहा हरमन (हरमनप्रीत कौर) यहां हैं। झूलन (गोस्वामी) दी और मिताली (राज) भी यहां हैं और मैं यह पुरस्कार आप सभी को समर्पित करना चाहता हूं।

शाह आईसीसी अध्यक्ष बनने से पहले दिसंबर 2024 तक भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव भी रहे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने पुरुष और महिला क्रिकेटरों के बीच वेतन समानता लागू करने और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) शुरू करने सहित कई महत्वपूर्ण फैसले लिए।

प्रणील शर्मा ने आईटीएफ विश्व जूनियर टेनिस में दो खिताब जीते

नयी दिल्ली। प्रणील शर्मा ने आईटीएफ विश्व जूनियर टेनिस टूर जे100 टूर्नामेंट में एकल और युगल स्पर्धाओं में दो खिताब जीतकर यादगार प्रदर्शन किया जिससे राउंडग्लास टेनिस अकादमी ने शनिवार को यहां डीएलटीए स्टेडियम में जीत हासिल की। पांचवें वरीय प्रणील ने लड़कों के एकल फाइनल में अकादमी के साथी खिलाड़ी और तीसरे वरीय आश्रव्य मेहरा को 6-3,1-6, 7-6 (8-6) से हराया। इसके बाद उन्होंने आदित्य मोर के साथ जोड़ी बनाकर तविश पाहवा और समर्थ सहिता की शीर्ष वरीय जोड़ी को सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से हराकर युगल खिताब हासिल किया।

विश्व कप फुटबॉल के ड्रॉ का बहिष्कार करेगा ईरान

एजेंसी

दुबई। ईरान ने अगले सप्ताह वाशिंगटन में होने वाले विश्व कप फुटबॉल 2026 के ड्रॉ का बहिष्कार करने का फैसला किया है, क्योंकि अमेरिका ने उसके प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को वीजा देने से इनकार कर दिया है। यह जानकारी ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने दी।

एजेंसी ने ईरानी फुटबॉल महासंघ के प्रवक्ता अमीर महदी अलवी के हवाले से शुक्रवार को कहा कि अधिकारियों को वीजा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा, जो खेल संबंधी चिंताओं से परे हैं। अमेरिका ने इस संबंध में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। अलवी ने कहा कि महासंघ ने फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा से संपर्क किया है और उम्मीद है कि वह इस मुद्दे को सुलझाने में मदद करेगा। फीफा ने भी इस संबंध में अभी तक कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने जून में ईरान समेत 12 देशों के नागरिकों पर यात्रा प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। इस सूची में हैती भी शामिल है, जिसने पिछले सप्ताह विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में अगले साल 11 जून से 19 जुलाई तक होने वाले विश्व कप में रिकॉर्ड 48 टीमें भाग लेंगी।

भारत सुल्तान अजलन शाह हॉकी के फाइनल में

इपोह। जुगराज सिंह के चार गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां बड़े स्कोर वाले मुकाबले में कनाडा को 14-3 से हराकर पूल तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर सुल्तान अजलन शाह कप के फाइनल में जगह बनाई। भारतीय टीम को टूर्नामेंट में अभी तक सिर्फ बेल्जियम से एक गोल से हार मिली लेकिन पिछले मैच में न्यूजीलैंड पर 3-2 की शानदार जीत के बाद खिलाड़ी आत्मविश्वास से ओतप्रोत थे। भारतीय टीम रविवार को फाइनल में बेल्जियम से भिड़ेगी। नीलकांत शर्मा ने मैच की शुरुआत चौथे मिनट में गोल दागकर की जिसके बाद सीनियर टीम में पदार्पण करने के बाद अच्छी फॉर्म में चल रहे राजिंदर सिंह ने 10वें मिनट में गोल कर दिया। यह रोमांचक शुरूआत रही। कनाडा ने शुरुआती गोल का जवाब पेनल्टी कॉर्नर हासिल करके उसे गोल में बदलकर दिया। 11वें मिनट में ब्रेंडन गुरालियुक ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला।

हॉकी : मलेशिया, नीदरलैंड ने जीत से की शुरुआत

एजेंसी

मदुरै। मलेशिया और नीदरलैंड ने शनिवार को यहां पूल ई के मैचों में क्रमशः ऑस्ट्रिया और इंग्लैंड को हराकर एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। मलेशिया ने दिन के पहले मैच में ऑस्ट्रिया को 5-1 से जबकि नीदरलैंड ने इंग्लैंड को 5-3 से हराया। मलेशिया के लिए दानिश खैरिल (56वें और 57वें मिनट) ने दो जबकि हैरिस उस्मान (28वें मिनट), एडम जोहरी (47वें मिनट) और नवीनेश पनिकर (55वें मिनट) ने एक-एक गोल किया।

ऑस्ट्रिया का एकमात्र गोल 56वें मिनट में जूलियन कैसर ने पेनल्टी कॉर्नर पर किया। इससे पहले नीदरलैंड की इंग्लैंड पर जीत में जान वैनट लैंड (दूसरे और 49वें मिनट) ने दो मैदानी गोल करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके अलावा कैस्पर वैन डेर वीन (26वें मिनट) ने भी एक मैदानी गोल किया, जबकि जोप्पे वोलबर्ट (39वें मिनट) ने पेनल्टी स्ट्रोक पर और डैनिलो ट्राइलिंग (54वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके नीदरलैंड की जीत सुनिश्चित की। इंग्लैंड के लिए गोल कैडेन ड्रेसी (11वें), माइकल रॉयडेन (29वें) और जॉर्ज फ्लेचर (49वें) ने किए। बाद में दक्षिण अफ्रीका ने यहां पूल ए मैच में आयरलैंड को 2-1 से हराया।

अदालत ने शांत कुमार को दी मंजूरी, प्रसाद को मिलेगी चुनौती

बेंगलुरु। केएन शांत कुमार को शनिवार को राहत मिली जब उच्च न्यायालय ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पद के लिए उनके नामांकन पत्र को वैध घोषित कर दिया और निर्वाचन अधिकारी के पूर्व के फैसले को रद्द कर दिया। कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश का मतलब है कि भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद को अब सात दिसंबर को होने वाले चुनावों के दौरान केएससीए अध्यक्ष पद के लिए चुनौती मिलेगी। उच्च न्यायालय ने केएससीए के निर्वाचन अधिकारी से अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित करने को भी कहा। निर्वाचन अधिकारी के 24 नवंबर के आदेश को रद्द करते हुए न्यायमूर्ति सूरज गोविंदराज ने कहा कि बाकी चुनावी प्रक्रिया उच्च न्यायालय द्वारा पहले तय किए गए कैलेंडर के अनुसार ही होनी चाहिए।

डब्ल्यूपीएल : मुंबई व बेंगलुरु का पहला मैच

एजेंसी

मुंबई। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली गत चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम चौथी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के उद्घाटन मैच में नौ जनवरी को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में 2024 की विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना करेगी। डब्ल्यूपीएल का फाइनल पहली बार सप्ताहांत पर नहीं होगा। इस बार प्रतियोगिता का फाइनल गुरुवार (पांच फरवरी) को खेला जाएगा। ऐसा पुरुषों के टी20 विश्व कप से टकराव से बचने के लिए किया गया है जो उसी सप्ताह भारत और श्रीलंका में शुरू हो रहा है। टी20 विश्व कप की शुरुआत सात फरवरी (शनिवार) को कोलंबो में पाकिस्तान और नीदरलैंड के बीच मैच से होगी। इस बार डब्ल्यूपीएल 28 दिन तक चलेगा और इसमें 22 मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का आयोजन दो स्थानों पर किया जाएगा।

इस महीने की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की महिला आईसीसी विश्व कप जीत का गवाह बना डीवाई पाटिल स्टेडियम शनिवार को घोषित कार्यक्रम के अनुसार पहले 11 मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें 10 और 17 जनवरी को होने वाले दो-दो मैच भी शामिल हैं। यहां बाकी सभी मैच शाम के सत्र में खेले जाएंगे। इसके बाद लीग वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी, जहां शेष 11 मैच खेले जाएंगे। इसमें दो फरवरी को एलिमिनेटर और पांच फरवरी को होने वाला फाइनल शामिल है। यह पहली बार है जब डब्ल्यूपीएल जनवरी-फरवरी में खेला जाएगा, क्योंकि पिछले तीन टूर्नामेंट आईपीएल से ठीक पहले फरवरी-मार्च में आयोजित किए गए थे। प्रतियोगिता के प्रारूप में कोई बदलाव नहीं किया गया है तथा पांचों टीम मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, यूपी वॉरियर्स, गुजरात जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स डबल राउंड-रॉबिन में एक-दूसरे के साथ दो बार खेलेंगी। लीग चरण में शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में प्रवेश करेगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर में भिड़ेंगी। डब्ल्यूपीएल के समापन के दस दिन बाद भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाएगी।

त्रीसा-गायत्री सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय खिताब से एक जीत दूर

फोटो :अमित वर्मा

खेल संवाददाता

लखनऊ । गत चैंपियन त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने शनिवार को यहां सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में ओंग शिन यी और कारमेन टिंग की मलेशिया की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर महिला युगल के फाइनल में जगह बनाई। कंधे की चोट के कारण पांच महीने बाहर रहने के बाद वापसी करते हुए अपनी दूसरी प्रतियोगिता में खेलते हुए गायत्री ने त्रीसा के साथ मिलकर सेमीफाइनल में दुनिया की 33वें नंबर की मलेशियाई जोड़ी पर 21-11, 21-15 से शानदार जीत हासिल की।

दोनों जोड़ियों ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की लेकिन त्रीसा और गायत्री ने पहले गेम में 8-7 के स्कोर के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। भारतीय जोड़ी ने ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बनाई। त्रीसा और गायत्री ने गेम पर पकड़ बनाए रखी और उन्हें बरकरार रखने में कोई परेशानी नहीं हुई। भारतीय जोड़ी ने विरोधी जोड़ी की दो सहज गल्तियों के साथ पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में मलेशिया की खिलाड़ियों ने बेहतर खेल दिखाया। दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन त्रीसा और गायत्री ब्रेक तक 11-10 की मामूली बढ़त बनाने में सफल रही। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद बढ़त को 17-14 किया और फिर विरोधी जोड़ी के बाहर शॉट मारने पर पांच मैच प्वाइंट हासिल किए। टिंग ने इसके बाद एक और शॉट बाहर मारकर गेम और मैच भारतीय जोड़ी की झोली में डाल दिया।

त्रीसा और गायत्री अब रविवार को काहो ओसावा और माई तनाबे की जापान की आठवीं वरीय जोड़ी के खिलाफ फाइनल में अपना खिताब बचाने की कोशिश करेंगी। भारत का महिला एकल में अभियान सेमीफाइनल में ही खत्म हो गया जिसमें उन्नति हुड्डा और तन्वी शर्मा दोनों को सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा।

उन्नति को तुर्की की नेसलीहान एरिन के खिलाफ 15-21, 10-21 से हार मिली जबकि तन्वी को जापान की हिना अकेची के खिलाफ 17-21, 16-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। इससे पहले हरिहरन अम्साकरुणन और त्रीसा की मिश्रित युगल जोड़ी इंडोनेशिया के देजान फर्डिनानस्याह और बर्नाडाइन अनिंद्या वर्दाना के खिलाफ 17-21, 19-21 की हार से प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

कैमरे की नजर में अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय का वार्षिक समारोह

कांग्रेस ने पटेल को इतिहास से मिटाने का किया प्रयास

एजेंसी

वडोदरा (गुजरात)। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सरदार पटेल को इतिहास से मिटाने का बहुत प्रयास किया और यहां तक कि पार्टी ने नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा सरदार पटेल के स्मारक के रूप में निर्मित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की लागत और आवश्यकता पर भी सवाल उठाया। नड्डा ने यहां अटलदरा गांव में सरदार एट द रेट ऑफ150 यूनिटी मार्च के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती थी कि सरदार पटेल को याद किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने अपनी नीतियों से कश्मीर मुद्दे को बिगड़ने दिया, जबकि सरदार पटेल ने आजादी के बाद 562 रियासतों का सफलतापूर्वक देश में विलय किया। नड्डा ने आरोप लगाया, कांग्रेस ने एक षड्यंत्र के तहत जानबूझकर सरदार पटेल को इतिहास से मिटाने की बहुत कोशिश की। वे चाहते थे कि उनका नाम गायब हो जाए ताकि उन्हें याद न रखा जाए। लंबे समय तक, कांग्रेस ने यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया कि भारत के लौह पुरुष का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज न हो। नड्डा ने कहा कि सरदार पटेल का निधन 1950 में हुआ था, लेकिन उन्हें 1991 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने सरदार पटेल को सच्चे अर्थों में याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। लेकिन, जब मोदी ने पटेल को श्रद्धांजलिस्वरूप गुजरात के नर्मदा जिले में दुनिया की सबसे उंची स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाने का फैसला किया, तो कांग्रेस ने इसकी लागत पर सवाल उठाए।

नड्डा ने कहा, कांग्रेस ने पूछा कि इतना पैसा क्यों खर्च किया जा रहा है। और जब सरदार पटेल की 182 मीटर उंची प्रतिमा स्थापित की गई, तो कांग्रेस के सदस्यों ने सवाल उठाया कि इससे क्या हासिल होगा।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों का एकीकरण किया था, जबकि तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने कहा था कि वह जम्मू-कश्मीर पर फैसला लेंगे। नड्डा ने कहा, और उन्होंने (नेहरू) क्या फैसला किया? अनुच्छेद 370 देश की एकता और अखंडता के लिए एक बड़ा संकट बन गया। सरदार पटेल ने 562 रियासतों को देश में एकीकृत किया और महाराजा हरि सिंह से विलय पत्र पर हस्ताक्षर भी करवाए। इसके बावजूद, जवाहरलाल नेहरू ने अनुच्छेद 370 (जिससे जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा मिला) लागू कर दिया। यह अत्याचार नेहरू ने किया था।

मौजूदा दौर में राजनीति अर्थव्यवस्था पर तेजी से हावी होती जा रही : जयशंकर

एजेंसी

कोलकाता। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि मौजूदा समय में राजनीति अर्थव्यवस्था पर तेजी से हावी होती जा रही है। जयशंकर यहां आईआईएम-कलकत्ता के परिसर में डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिलने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा दौर है जिसमें राजनीति, अर्थव्यवस्था पर हावी होती जा रही है और यह कोई मजाक की बात नहीं है।

जयशंकर ने यह भी कहा कि चीन ने लंबे समय तक अपने ही नियमों के अनुसार चीजें की है और वह अब भी ऐसा ही कर रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि इस परिस्थिति में, अन्य देश इस बात को लेकर अस्पष्ट हैं कि दिख रही प्रतिस्पर्धा या सौदेबाजी पर ध्यान देना चाहिये या नहीं। जयशंकर ने कहा, वैश्विकरण, विखंडन और आपूर्ति की कमी के ऐसे दबावों और तनावों का सामना करते हुए शेष विश्व अचानक पेश आने वाली सभी मुश्किलों से बचने के लिए खुद को तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सक्रिय रूप से आत्मनिर्भर बनने की कोशिश कर रहा है और खुद को उद्योगों के लिए एक विनिर्माण केंद्र बना रहा है।

राहुल ने खरगे से की मुलाकात बिहार के पार्टी नेता भी रहे मौजूद

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की और उन्होंने बिहार के राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की। राज्य में इसी महीने हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा। सूत्रों ने बताया कि गांधी कांग्रेस अध्यक्ष के आवास पर गए, जहां उन्होंने बिहार के पार्टी नेताओं से मुलाकात की। बिहार के कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रमुख राजेश राम भी बैठक में मौजूद थे। इससे पहले, गांधी और खरगे ने बिहार के नेताओं और सभी कांग्रेस प्रत्याशियों से इंदिरा भवन में मुलाकात की थी, ताकि चुनाव में पार्टी की हार के कारणों का पता लगाया जा सके। ऐसा माना जा रहा है कि प्रत्याशियों ने महिलाओं के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा की गई 10,000 रुपये की प्रोत्साहन योजना की घोषणा, प्रदेश कांग्रेस के भीतर आंतरिक कलह और मतभेद तथा टिकट बंटवारे में देरी को चुनाव में हार की कुछ वजहों के तौर पर गिनाए।

भारतीय वायु सेना ने श्रीलंका को 21 टन राहत सामग्री पहुंचाई

एजेंसी

कोलंबो। भारतीय वायु सेना ने श्रीलंका में विनाशकारी बाढ़ से विस्थापित लोगों की सहायता के लिए शनिवार को 21 टन राहत सामग्री, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के 80 से अधिक कर्मियों एवं आठ टन उपकरण पहुंचाए। भारतीय वायु सेना ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, श्रीलंका में चक्रवाती तूफान डिटवा के कारण मची तबाही के मद्देनजर भारत ने राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए ऑपरेशन सागर बंधु शुरू किया। भारतीय वायु सेना ने कहा कि शुक्रवार और शनिवार की मध्यरात्रि को हिंडन एयर बेस से तुरंत एक सी-130 और एक आईएल-76 विमान तैनात किए गए जिनके माध्यम से 21 टन राहत सामग्री, 80 से अधिक एनडीआरएफ कर्मी और आठ टन उपकरण विमान के जरिए पहुंचाए गए। आवश्यक राशन और महत्वपूर्ण आपूर्ति प्रभावित समुदायों के समर्थन के लिए पहुंचाई गई।

प्रभावित समुदायों की मदद के लिए जरूरी राशन और आवश्यक सामग्री पहुंचाई गई है। वायु सेना ने कहा पड़ोसी प्रथम की भावना को दोहराते हुए भारत जरूरत के इस समय में श्रीलंका के साथ मजबूती से खड़ा है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com